गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

भाजन

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करण

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेबसाइड पर क्लिक करें
www.ajhindidaily.com

★
नगर संस्करण पृष्ठ १२

मूल्य ₹ ६

आगरा, 24 अक्टूबर 2026, शनिवार, वर्ष 40 अंक 281 सौर 28 आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित



सिवान : पटाखा कारोबारी के घर में विस्फोट, आठ की मौत

उड़े शवोंके चिथड़े, लगातार दो घंटे होते रहे धमाके

बड़हरिया(सिवान)। बिहार के सिवान जिले में शुक्रवार को पटाखों में आग लगने से एक मकान में भीषण विस्फोट हो गया। जामो थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में हुई इस



घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे में करीब आठ लोगों की मौत की सूचना है। हालांकि, मृतकों की संख्या और उनकी पहचान की आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है। विस्फोट इतना तेज था कि मकान के अगले हिस्से का मलबा सड़क पर जा गिरा। जानकारी के अनुसार, आलमपुर निवासी मो. अमीरुद्दीन मियां के मकान में पटाखे रखे हुए थे। उन्हें पटाखों का कारोबारी बताया जा रहा है।


बताया जाता है कि मकान में कई लोग मौजूद थे, तभी पटाखों में आग लग गई। इसके बाद आग ने वहां रखे अन्य पटाखों को भी अपनी चपेट में ले लिया और लगातार विस्फोट होने लगे। करीब दो घंटे तक रह-रहकर धमाकों की आवाज सुनाई देती रही। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मकान का अगला हिस्सा ढहकर सड़क पर गिर गया। घटना के बाद आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। धमाकों की आवाज से लोग सहम गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मकान को हुए नुकसान और विस्फोट की भयावहता के कारण राहत एवं पहचान संबंधी कार्यों में परेशानी होने की जानकारी सामने आई है।

स्थानीय लोगों ने हादसे में करीब सात लोगों की मौत की सूचना दी है। बताया जा रहा है कि विस्फोट की वजह से शवों की पहचान करने में कठिनाई हो रही है। हालांकि, मृतकों की वास्तविक संख्या और उनकी पहचान के बारे में आधिकारिक पुष्टि अभी प्रतीक्षित है। घटना के कारणों और मकान में रखे पटाखों की स्थिति को लेकर भी विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

देश को भरोसे में ले सरकार-खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चीन के साथ सीमा विवाद, बढ़ते व्यापार घाटे और कूटनीतिक वार्ताओं के नतीजों को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर देश को स्थिति स्पष्ट करने और संसद को भरोसे में लेने की मांग की है। खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच टकराव जारी रहने की खबरें चिंताजनक हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि डोकलाम और गलवान के बाद क्या एक और गंभीर टकराव की स्थिति बन रही है? उन्होंने तवांग क्षेत्र के पास तक्षिंग में चीनी घुसपैठ की खबरों और

चीन को लेकर मोदी सरकार से पूछे तीन सवाल



वाचा-दामई में कोर कमांडर स्तर की वार्ता के बाद भी टकराव जारी रहने का हवाला देते हुए पूछा कि क्या भारतीय सैनिकों की गश्त के अधिकार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और सरकार को इस संबंध में देश को स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने आर्थिक मोर्चे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि गलवान संघर्ष में 20 भारतीय सैनिकों के बलिदान के बाद वित्त वर्ष 2020-21 से चीन से आयात 102 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 155 प्रतिशत बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हो गया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि एक ओर चीन भारतीय निर्यात में बाधा डाल रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार चीनी निवेश पर लगी पाबंदियों में ढील देने और चीन से जुड़ी पात्र कंपनियों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन देने पर विचार कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मेक इन इंडिया अब इंपोर्ट फॉम चाइना बन गया है?

नयी विश्व व्यवस्था में भारत की होगी अहम भूमिका-मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दुनिया के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने में मौजूदा वैश्विक व्यवस्था नाकाम हो रही है और ऐसे में नई विश्व व्यवस्था उभर रही है। इसमें भारत की अहम भूमिका होगी। उन्होंने मानवता के सामूहिक कल्याण पर जोर देते हुए कहा कि भारत अपनी क्षमताओं को मजबूत कर दुनिया को सशक्त बनाने में योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने गुरुवार शाम नई दिल्ली में आयोजित एक शिखर सम्मेलन में 'व्यवस्थाओं के बीच की दुनिया' विषय पर मुख्य भाषण देते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के विकास ने नई शक्तियों और नई आवाजों को जन्म दिया है। उन्होंने बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की जरूरत बताते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण की आवाज को उचित स्थान मिलना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग



केवल अच्छे समय तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि संकट के समय भी प्रभावी होना चाहिए। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने 'सशक्त बनाने की शक्ति' का दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल देश की प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बेहतर दुनिया के निर्माण की गारंटी भी है। भारत की आत्मनिर्भरता वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब दुनिया के लिए केवल बैक ऑफिस नहीं, बल्कि 'ब्रेन ऑफिस' के रूप में भी काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि दुनिया के आधे से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) भारत में हैं। ये केंद्र अब सामान्य सहायता सेवाओं से आगे (शेष पृष्ठ २ पर)

युवाओं को केंद्र में रखकर बनायी जा रही हैं सरकार की नीतियां

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं को हमेशा उनकी सरकार की नीतियों और पहलों के केंद्र में रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिवसीय 'चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन' का उद्घाटन करने के बाद संबोधित (शेष पृष्ठ २ पर)

यूपी एमएलसी चुनाव : स्नातक में ३९, शिक्षक निर्वाचन में ५६ प्रतिशत मतदान

लखनऊ। विधान परिषद की लखनऊ खंड स्नातक और शिक्षक निर्वाचन सीटों पर शुक्रवार को हुए मतदान में शिक्षक निर्वाचन के मतदाताओं ने अधिक उत्साह दिखाया। मंडल के सातों जिलों में स्नातक निर्वाचन सीट पर औसतन 38.72 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन सीट पर 55.76 प्रतिशत मतदान हुआ। स्नातक निर्वाचन में खीरी 44.32 प्रतिशत मतदान के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं, शिक्षक निर्वाचन



लखनऊ में औसत से कम मतदान

में रायबरेली में सबसे अधिक 63.14 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। दोनों सीटों पर प्रतापगढ़ सबसे पीछे रहा। यहां स्नातक निर्वाचन में 31.24 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन में 49.12 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में दोनों सीटों पर मतदान का प्रतिशत मंडल के औसत से कम रहा। यहां स्नातक निर्वाचन में 34.51 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन में 43.72 प्रतिशत मतदान हुआ। लखनऊ में शिक्षक निर्वाचन के मुकाबले स्नातक निर्वाचन में 9.21 प्रतिशत अंक कम मतदान दर्ज किया गया। स्नातक निर्वाचन सीट पर खीरी में सर्वाधिक 44.32 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद सीतापुर में 41.04, रायबरेली में 40.23, बाराबंकी में 40.03 और हरदोई में 39.65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लखनऊ में 34.51 प्रतिशत और प्रतापगढ़ में सबसे कम 31.24 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। (शेष पृष्ठ २ पर)

राहुल को हल्के में न ले भाजपा-शशि थरूर

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले कुछ महीनों में लोगों,



खासकर युवा मतदाताओं में नया उत्साह जगाया है। उन्होंने कहा कि अब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए इस बात पर ध्यान देने का समय आ गया है कि लोग उससे क्यों दूर हो रहे हैं। शशि थरूर ने आगे दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने इस पर ध्यान देना शुरू भी कर दिया है। यही वजह है कि वह राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। तिरुवनंतपुरम के सांसद थरूर ने एक समाचार चैनल के समिट में देश और दुनिया से जुड़े कई मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए ये बातें कहीं। थरूर ने राहुल गांधी का समर्थन ऐसे समय किया है, जब हाल ही में भाजपा ने राहुल गांधी पर तंज

मतदाता सूचीमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ीका लगाया आरोप

कसते हुए उन्हें फेल प्रोडक्ट यानी असफल उत्पाद कहा। एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक समाचार चैनल के समिट में बिना नाम लिए गांधी परिवार के वंशज राहुल गांधी पर निशाना साधा था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, मुझे नहीं पता कि कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट को लॉन्च करने के लिए देश को कितने समय तक दांव पर लगाती रहेगी। श्रीहरिकोटा (सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र) से एक साल में उतने (शेष पृष्ठ २ पर)

एसआईआर के विरोध में मार्च, सैकड़ों हिरासत में

नयी दिल्ली। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में शुक्रवार को दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग मुख्यालय की ओर मार्च निकाल रहे कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार



के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन पर मतदाताओं के नाम कथित तौर पर सूची से हटाए जाने का आरोप लगाया। मार्च में वरिष्ठ माकपा नेता वृंदा करात के अलावा ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वीमेंस एसोसिएशन और ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन के सदस्य भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' और 'वोट चोरी बर्दाश्त नहीं' जैसे नारे लगाए। मार्च गोल डाकखाना के निकट कालीबाड़ी मार्ग और भाई वीर सिंह मार्ग के चौराहे से शुरू होकर निर्वाचन आयोग मुख्यालय की ओर बढ़ रहा था। लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया और कई लोगों को हिरासत में ले लिया।

कोलकाता : मोस्ट-वांटेड माओवादी दंपती का आत्मसमर्पण

कोलकाता। पश्चिम बंगाल और झारखंड में वांछित माओवादी दंपती मंगल और मालती ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों ने कोलकाता के लालबाजार स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त अजय के. नंद के सामने हथियार

एके-४७ और इंसास राइफल सौंपी

डाल दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस को एक एके-47 और एक इंसास राइफल भी सौंपी। दोनों पर कुल सात लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों के लगातार दबाव और माओवादी गतिविधियों के लिए मुश्किल होते हालात के बीच दोनों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज



की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। मंगल और मालती ने 23 अक्टूबर को कोलकाता पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त अजय के. नंद के सामने आत्मसमर्पण किया। दोनों पश्चिम बंगाल और झारखंड में वांछित थे। आत्मसमर्पण के समय उन्होंने एक एके-47 और एक इंसास राइफल पुलिस को सौंप दी। पुलिस के (शेष पृष्ठ २ पर)

टायर फटने से खाई में गिरी कार, चार की मौत

जयपुर। राजस्थान के दौसा-मनोहरपुर नेशनल हाईवे (ह॥-148) पर शुक्रवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। रायसर के पास एक कार का टायर फटने से चार लोगों की मौत हो गई। टायर फटते ही कार बेकाबू होकर सड़क किनारे एक गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में चार लोगों की मौत और दो अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। राजस्थान में ये हादसा सुबह छह बजे के करीब हुआ। टायर फटते ही ड्राइवर का कार से कंट्रोल छूट गया। इसके बाद कार खाई में जाकर गिरी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए पुलिस को फोन किया। इस दौरान स्थानीय लोगो ने गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाल लिया। घायलों को अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं मृतकों के शवों को मोर्चरी भेजा दिया गया है। रायसर के थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि हादसे की मुख्य वजह टायर फटना ही था। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान हो चुकी है। इसमें अतुल. रुपेश, मुकुल और शिवा के तौर पर हुई है। सभी आगरा के निवासी थे। सभी खाटू श्याम से दर्शन कर वापस घर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इस हादसे में राहुल और अर्पित दोनों गंभीर रूप से घायल हैं। इस हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की काफी लंबी लाइन लग गई।

ड्राइविंग लाइसेंस : अब भारतीय-विदेशी नागरिकों के लिए होंगे अलग कलर कोड

नयी दिल्ली। देश में ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) जारी करने और इसके नवीनीकरण की प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और सख्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़े नीतिगत बदलाव का खाका तैयार किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएस) ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन के लिए एक नया मसौदा प्रस्ताव जारी किया है। इस मसौदे के तहत भारतीय नागरिकों और विदेशी नागरिकों के लिए अलग-अलग रंग



वाले ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही, लाइसेंस बनवाने और उसमें सुधार की प्रक्रिया को पेपरलेस, तेज और बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पूरा करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधार प्रस्तावित किए गए हैं। मंत्रालय ने इस मसौदे पर आम जनता और हितधारकों से 30 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की हैं। सड़क परिवहन मंत्रालय के नए (शेष पृष्ठ २ पर)

सड़क हादसे में दो की मौत

अमेठी। लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में कादूनाला चौकी के पास शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में बाइक आ गई। हादसे में बाराबंकी जिले के घुंघटेर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी रोहित उर्फ खूनखून (25) और अटहरा गांव निवासी बृजेश उर्फ ग्लोस (22) की मौत हो गई। दोनों की मौत से परिवारों में मातम पसरा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चालक और वाहन की तलाश करने के साथ मामले में कार्रवाई में जुटी है। पुलिस के अनुसार, हादसा रात करीब नौ बजे हुआ। दोनों युवक बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने (शेष पृष्ठ २ पर)

अमिताभ के बंगले-दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। मुंबई की मेयर ऋतु तावड़े को एक धमकी भरा ई-मेल आया है, जिसमें अभिनेता अमिताभ बच्चन का घर और गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट स्थल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों और मुंबई पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अधिकारी ने बताया कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) मुख्यालय में

मुंबई मेयर को मिला ई-मेल

मेयर के दफ्तर की गहन तलाशी ली गई, लेकिन वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस के अनुसार, यह ई-मेल डिप्टी मेयर संजय घाडी को भी भेजा गया था। अधिकारी ने बताया कि मेयर को आए मेल में 31 अक्टूबर को एक स्कूल पर ग्रेनेड हमले की चेतावनी दी गई है। वहीं 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित घर जलसा को निशाना बनाने की धमकी दी गई है। अधिकारी ने बताया कि इस धमकी के बाद, सुरक्षा एजेंसियों ने संदेश की सच्चाई का पता लगाने, यह कहां से भेजा गया है यह जानने और भेजने वाले की पहचान करने के लिए व्यापक जांच शुरू कर दी है। खालिस्तान का जिक्र करने वाले इस (शेष पृष्ठ २ पर)

अरुणाचल में चीनी सैनिकों से अब भी तनातनी

आईटीबीपी चीफ बोले- हमारे शौर्य कमांडो तैयार

नयी दिल्ली। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) प्रमुख शत्रुजीत सिंह कपूर ने बताया कि आईटीबीपी ने शौर्य कमांडो नाम से एक नई लड़ाकू इकाई तैयार की है। इन कमांडो ने अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर चीनी सेना (पीएलए) के साथ चल रहे गतिरोध के दौरान अपनी क्षमताएं साबित की हैं। कपूर ने कहा कि हर बॉर्डर बटालियन में कमांडो तैनात किए जाएंगे, क्योंकि यह फोर्स चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर अपनी युद्ध-तैयारी को मजबूत कर रही है। आईटीबीपी प्रमुख की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब यह बल अपने आधुनिकीकरण अभियान को तेज कर रहा है, जिसमें नई युद्ध



तकनीकों और विशेष प्रशिक्षण पर अधिक जोर दिया जा रहा है। 24 अक्टूबर को आईटीबीपी के 65वें स्थापना दिवस से पहले राजस्थान के अलवर में एक आईटीबीपी बेस पर जवानों को संबोधित करते हुए कपूर ने कहा कि भारत के सबसे बड़े विरोधी चीन का मुकाबला करने के लिए युद्ध के पारंपरिक तरीके अब काफी नहीं हैं। इस बल ने अपनी सीमा-रक्षक बटालियनों में ड्रोन प्लाटून बनाए हैं और अपने जवानों को ड्रोन चलाने तथा इस तकनीक को विकसित करने के लिए प्रशिक्षित कर रहा है। कपूर ने बताया कि आईटीबीपी को सरकार से 400 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली है, जिसमें से 70 प्रतिशत राशि का इस्तेमाल उसकी ड्रोन युद्ध क्षमताओं को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने 4,000 करोड़ रुपये की आधुनिकीकरण योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसमें ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम के लिए 1,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। आईटीबीपी ने एक नया स्ट्राइक कोर्स भी तैयार किया है, ताकि जवानों को (शेष पृष्ठ २ पर)

सऊदी के चार शहरोंमें इंडिगो की उड़ानें रद

नयी दिल्ली। भारतीय एयरलाइन इंडिगो ने बदलती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सऊदी अरब के रियाद से आने-जाने वाली उड़ानें 31 अक्टूबर तक रद्द कर दी हैं। वहीं, जेद्दा, दम्माम और मदीना से आने-जाने वाली उड़ानें 27 अक्टूबर तक रद्द रहेंगी। इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयरलाइन स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है। प्रभावित यात्रियों को उनकी बुकिंग के दौरान दिए गए संपर्क विवरण के जरिए सूचना दी जा रही है। एयरलाइन ने यात्रियों को हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी (शेष पृष्ठ २ पर)

मौसम

सूर्योदय : ०६.००
सूर्यास्त : ०५.२४

तापमान
अधि. : ३१.०
न्यून. : २०.०



रणवीर सिंह की ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर का पहली बार फ्रीडिश दर्शकों के लिए स्टार उत्सव मूवीज

झांसी। भव्यता रोमांच और शानदार एक्शन से भरपूर।इस अक्टूबरफिल्म धुरंधर भारत के हर कोने तक पहुँचने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। पहली बार यह फिल्म फ्रीडिश दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। रणवीर सिंह की रोमांच से भरपूर स्पाई सागा धुरंधर का प्रीमियर 25 अक्टूबर को शाम 7 बजे एक साथ स्टार उत्सव मूवीज कलर्स सिनेप्लेक्स बॉलीवुड और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर होगा देश के लिए पर्दे के पीछे रहकर काम करने वाले उन गुमनाम नायकों को समर्पित एक्शन से भरपूर फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह एक दमदार और यादगार अंदाज में नजर आएँगे। फिल्म में उनके साथ अक्षय खन्ना संजय दत्त आर. माधवन अर्जुन रामपाल राकेश बेदी और सारा अर्जुनजैसे शानदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म को शानदार एक्शन तालियाँ बजाने पर मजबूर कर देने वाले संवादों और कलाकारों के बेहतरीन अभिनय के लिए हर तरफ से सराहना मिली है। शाश्वत सचदेव के संगीत को भी दर्शकों का खूब प्यार मिला है और इसके गाने काफी लोकप्रिय हुए हैं।

मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज सेल के दूसरे चरण बिग बिलियन मोटो डील्स वेब 2 का ऐलान किया

आगरा। मोबाइल टेक्नोलॉजी में दुनिया की अग्रणी और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल 2026 के दौरान बिग बिलियन मोटो डील्स के तहत अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन पोर्टफोलियो पर विशेष त्योहारी ऑफर्स की घोषणा की है। मोटोरोला के नए एआई इनोवेशन, प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम, प्रीमियम पैंटोन वैलिडेटेड डिजाइन, शानदार डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी इनोवेशन को एक साथ लाते हुए, इस कैंपेन का उद्देश्य हर वर्ग के ग्राहकों तक आधुनिक स्मार्टफोन अनुभव आसानी से पहुँचाना है। यह सेल अब फ्लिपकार्ट पर लाइव है और बिग बिलियन डेज सेल अवधि के दौरान जारी रहेगी।

शॉपर्स स्टॉप गिफ्ट्स ऑफ लव के साथ लाया तोहफों का त्योहारी उत्साह

झांसी। दिवाली रोशनी और अपनों के साथ का त्योहार है, जिसमें हम उन लोगों के साथ खुशियां मनाते हैं जो हर पल को खास बना देते हैं। यह वह समय भी है जब सोच-समझकर चुना गया एक तोहफा प्यार आभार और सराहना जताने का जरिया बन जाता है। इस दिवाली भारत का अग्रणी प्रीमियम फैशन ब्यूटी और गिफ्टिंग डेस्टिनेशन शॉपर्स स्टॉप गिफ्ट्स ऑफ लव के साथ तोहफे देने की भावना को नया रंग दे रहा है। यह त्योहारी गिफ्टिंग का एक क्यूरेटेड कलेक्शन है जो उन तमाम रिश्तों का जश्न मनाता है, जिनसे यह मौसम सार्थक बनता है।शॉपर्स स्टॉप के कस्टमर केयर एसोसिएट और सीएमओ जितेन महेंद्र ने कहा दिवाली रिश्तों का त्योहार है और तोहफे देना प्यार और सराहना जताने के सबसे सार्थक तरीकों में से एक है। शॉपर्स स्टॉप में हमारा लक्ष्य एंगेजमेंट एक्सपीरियंस और एक्सक्लूसिविटी इन तीन स्तंभों के जरिए त्योहारी खरीदारी को महज लेनदेन से आगे ले जाना है। गिफ्ट्स ऑफ लव के जरिए हम बारीकी से क्यूरेट किए गए प्रीमियम ब्रांड्स पर्सनलाइज्ड गिफ्टिंग और यादगार अनुभवों को एक साथ ला रहे हैं। लक्स फेस्ट हमारी प्रीमियम पेशकश को और मजबूत करता है और ग्राहकों को कुछ अलग खोजने का मौका और एक्सक्लूसिव अनुभव देता है। हमारी कोशिश है कि शॉपर्स स्टॉप पारखी ग्राहकों की पहली पसंद बने जहां त्योहार पर की गई हर खरीदारी एक निजी और यादगार अनुभव बन जाए।

श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला महोत्सव संपन्न

कोसीकलां। शुक्रवार तड़के भरतमिलाप चौक पर ऐतिहासिक भरतमिलाप मेले का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। इसके बाद श्रीराम का राजतिलक और २४ अवतार लीला का मंचन किया गया। समारोह में रामबारात और भरतमिलाप मेले में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली झांकियों के नामों की घोषणा भी की गई। गुरुवार देर शाम, १४ वर्ष बाद, श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी का पुष्पक विमान अयोध्या रूपी भरतमिलाप चौक के निकट पहुँचा। हनुमानजी ने ब्राह्मण का वेश धारण कर नंदीग्राम में श्रीराम की प्रतीक्षा कर रहे भरतजी को उनके आगमन का संदेश दिया। इसके बाद भरतजी अयोध्यावासियों के साथ अपने प्रभु के दर्शन के लिए पहुँचे। पुष्पक विमान पर चारों भाइयों का मिलन हुआ तो देवताओं ने देवलोक से पुष्पवर्षा की। फूलों से सजा भरतमिलाप चौक जय श्रीराम, राजा रामचंद्र की जय, भरत भैया की जय, सीता माता की जय और हनुमानजी की जय के उद्घोषों से गूँज उठा। पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। भरतमिलाप मेला सकुशल संपन्न होने के बाद ब्रजभूषण मंदिर के महंत माधवदास मौनी बाबा और मुख्य अतिथि देशबंधु अग्रवाल तथा संजीव जाबिया की उपस्थिति में मेला आचार्य पंडित मोरमुकुट शास्त्री ने विधि-विधान से श्रीराम का राजतिलक कराया। अन्य झांकियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजतिलक अधिकारी संजीव जाबिया और देशबंधु अग्रवाल ने मेला आचार्य पंडित मोरमुकुट शास्त्री, लीला पुरोहित मां सत्यनारायण शर्मा तथा श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान और काली सहित प्रमुख पात्रों व श्रृंगारियों को सम्मानित किया। रामलीला संस्थान के संयोजक खगेन्द्र सिंह ह्यबाबी ठाकुरह्न, अध्यक्ष गिर्राज चौधरी, मंत्री हैप्पी गर्ग, कोषाध्यक्ष अनुराग तायल और मीडिया प्रभारी नवल भगतजी ने मेले में नि:शुल्क एवं नि:स्वार्थ भाव से सहयोग देने वाले सभी लोगों का सम्मान कर आभार जताया।

श्रीराम राज्याभिषेक के साथ रामलीला महोत्सव संपन्न



कोसीकलां। शुक्रवार की तडके भरतमिलाप चौक पर ऐतिहासिक भरतमिलाप मेले का बडे ही हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। तदोपरांत राजतिलक एंव 24 अवतार लीला कां मंचन कर रामबारात एवं भरतमिलाप मेले में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ आने वाली झांकियो के नामों की घोषणा की गयी। गुरूवार की देर सांय 14 वर्ष बाद श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण तथा हनुमानजी का पुष्पक विमान अयोध्या रूपी भरत मिलाप चौक के करीब पहुंचा तो हनुमानजी ने ब्राहम्ण का भेष रख नन्दीग्राम में रामजी की प्रतिक्षा कर रहे भरतजी को उनके आने का संदेशा दिया, तो सभी अयोध्या वासियों के साथ भरत जी भी अपने प्रभु के दर्शन के लिए अयोघ्यावासियों के जन सैलाब के कन्धों पर होकर अपने प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता से मिले, जब पुष्पक विमान पर चारों भाईयों का मिलन हुआ तो देवताओं ने भी देवलोक से पुष्प बर्षा की, जिससे समूचा भरतमिलाप यानि अयोध्या विभिन्न प्रकार के फूलों से अट गयी और चारों दिशाओं में जय श्रीराम, राजा रामचन्द की जय, भरत भईया की जय, सीता माता की जय, हनुमानजी की जय आदि के उदघोष होने लगे जिससे योगीराज की नगरी राममय हो गयी। भरमिलाप मेला सकुशल सम्पन्न होने के बाद श्रीराम का राजतिलक ब्रज भूषण मंदिर के श्री महंत माधवदास मौनी बाबा एवं मुख्य अतिथि देषबधु अग्रवाल, संजीब जाबिया, द्वारा मेला आचार्य प0 मोरमुकुट शास्त्री ने विधिविधान से कराया। राज तिलक के बाद 24 अवतार लीला का मंचन किया गया। तत्पश्चात रामबारात व भरमिलाप पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली झांकियो के नाम की घोषणा की गयी व अन्य झांकियो को भी सान्तवना पुरूस्कार से नवाजा गया।

इसके अलावा राजतिलक अधिकारी संजीब जाबिया, देषबधु अग्रवाल द्वारा मेला आचार्य पं. मोरमुकुट शास्त्री, लीला पुरोहित मां सत्यनारायण शर्मा सहित श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शुत्रुघ्न, हनुमान एवं काली आदि प्रमुख पात्रों के अलाबा श्रंगारियों को भी सम्मानित किया गया। रामलीला संस्थान के संयोजक खगेन्द्र सिह बाबी ठाकुर, अध्यक्ष गिर्राज चैधरी, मंत्री हैप्पी गर्ग, कोषाध्यक्ष अनराग तायल, सहित मीडिया प्रभारी नवल भगतजी ने मेले में निशुल्क एवं निस्वार्थ भाव से सहयोग देने वाले सभी लोगों को सम्मानित कर आभार जताया।

नरसी विलेज में तीन दिवसीय दशहरा कार्निवल का भव्य आयोजन

रावण दहन के साथ वृद्धजनों का हुआ सम्मान

कोसीकलां। धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और सामाजिक एकता के संदेश के साथ नरसी विलेज में प्रथम बार तीन दिवसीय 'नरसी विलेज दशहरा कार्निवल-2026' का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया। नरसी विलेज युवा मंडल एवं नरसी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस उत्सव ने धार्मिक कार्यक्रमों, भजन संध्या, विविध प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रावण दहन के साथ कॉलोनीवासियों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी। तीनों दिन समूची कॉलोनी में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल देखा गया। कार्निवल के प्रथम दिन मंदिर प्रांगण में दीपदान, भव्य फूल बंगला दर्शन एवं ब्रज की प्रसिद्ध मंडली द्वारा मनमोहक भजन संध्या का आयोजन किया गया। भक्ति और श्रद्धा से सराबोर इस संध्या के मुख्य अतिथि ब्रज प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी मोर्चा) डॉ. अमर सिंह पौनिया रहे।दूसरे दिन 'प्रतिभा रस उत्सव' के अंतर्गत जूनियर व सीनियर वर्ग की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए फायरलेस कुकिंग और बच्चों के लिए 'क्राफ्ट फ्रॉम वेस्ट' प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ. मोनिका गुप्ता एवं कु. मेघा सिंह श्वेता जैन,ने निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलोनी की अध्यक्षा मायादेवी चौधरी उपस्थित रहीं।तीसरे और अंतिम दिन बच्चों ने रामायण के पात्रों पर आधारित फैंसी ड्रेस और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान समाज के मार्गदर्शक वृद्धजनों का सम्मान कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। तत्पश्चात बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण का दहन किया गया।दशहरा विजय उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रज के महान



संत रासबिहारी शरण जी महाराज (गिरि बाबा) ने शिरकत कर सभी को धर्म व संस्कारों के मार्ग पर चलने का आशीर्वाद दिया।अतिविशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे और नरसी ग्रुप के प्रतिनिधि संदीप वटटल सहितपालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, शामिल रहे। इसके अलावा उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह,उमेश चंद गर्ग, श्री पीसी जैन दिल्ली, हरिओम गुप्ता, सहित सैंकडों गणमान्य जनों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अंतिम दिन की प्रतियोगिताओं में रुचि गोयल, डॉ. सोनल अग्रवाल, खुशबू गर्ग ने निर्णायक मंडल की जिम्मेदारी संभाली।मुख्य कार्यक्रम व्यवस्थापक अंकित गुप्ता ने बताया कि इस त्रि-दिवसीय कार्निवल का मुख्य उद्देश्य धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ ही आपसी प्रेम व सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। आयोजन को सफल बनाने में अंकित गुप्ता, तरुण बंसल, गौरव मैथिल, एडवोकेट अजय सिंह एवं निखिल गुप्ता सहित नरसी विलेज युवा मंडल की टीम का विशेष योगदान रहा।1

अहेरीपुर में सड़क किनारे लगी तीनों हाई मास्ट लाइटें खराब

अहेरीपुर इटावा स्थानीय कसवा में अंदाबा अछल्दा मार्ग के किनारे चौकी चौराह पुराने तांगा स्टेंड एवं अहेरीपुर अटसू मार्ग के किनारे तिराहे पर लगी हाई मास्ट लाइटें एक साल में ही खराब हो गई इन जगहों पर पहले काफी अंधेरा रहता था ब्लाक प्रमुख महेवा के प्रयासों से इन लाइटों को लगाया गया था जिससे अंधेरा दूर हो गया था लोगों ने खुशी का इजहार किया था और ब्लॉक प्रमुख की भूरि भूरि प्रशंसा भी की थी लेकिन लोगों को क्या पता कि यह खुशी क्षणिक है ठेकेदार ने गोल माल करके घटिया किस्म की लाइटें लगा दी हैं अहेरीपुर कसवा व क्षेत्र के लोगों ने ब्लॉक प्रमुख महेवा से अपील की है कि ठेकेदार को बुला कर इन लाइटों को सुधार करने के लिए कहें जिससे लोगों को एक बार पुनः रोशनी देखने को मिले

कस्बा बकेवर में नियमों को ताक पर रखकर चल रहीं मुर्गा मीट की दुकानें,प्रशासन मौन

बकेवर इटावा। स्थानीय कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में बिना किसी वैध पंजीकरण रजिस्ट्रेशन और खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर अवैध रूप से मुर्गा मीट की दुकानें धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। हैरानी की बात यह है कि बकेवर के भरथना रोड पर आबादी वाले इलाकों में खुलेआम नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन संबंधित विभागीय उच्च अधिकारी इस पूरे मामले में आंखें मूंदे (गांधारी की तरह पट्टी बांधकर) बैठे हुए हैं। खुले में कटान और दुर्गंध से लोग परेशान।स्थानीय निवासियों का कहना है कि कस्बे में जगह-जगह बिना फूड सेफ़्टी लाइसेंस (ऋरअक) और बिना स्थानीय प्रशासन की अनुमति के दुकानें सजा ली गई हैं। कई स्थानों पर तो खुलेआम दुकानों के बाहर कटान किया जा रहा है,जिससे आसपास के वातावरण में भारी दुर्गंध फैलती है।इससे राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया है। साथ ही,गंदगी के कारण तरह-तरह की बीमारियों और संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। मानकों की उड़ रही धज्जियां नियमानुसार किसी भी मीट शॉप के संचालन के लिए,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से लाइसेंस/पंजीकरण अनिवार्य है। दुकान को शीशे या जाली से ढककर रखना आवश्यक है ताकि खुले में मांस न दिखे। लेकिन बकेवर कस्बे के ऊपर ब्रिज हाईवेके समीप भरथना रोड पर इन मानकों का दूर-दूर तक पालन होता नहीं दिख रहा है। जिम्मेदार विभागों पर उठ रहे सवाल कस्बावासियों का आरोप है कि समय-समय पर शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और निरीक्षण दल इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रशासनिक अनदेखी के कारण अवैध मीट विक्रेताओं के हौसले बुलंद हैं।स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि कस्बे में अभियान चलाकर बिना रजिस्ट्रेशन चल रही मीट दुकानों की जांच की जाए और अवैध रूप से संचालित दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

विधान परिषद चुनाव में बकेवर महेवा मतदान स्थल से 200 मीटर दूर लगाए गए वस्ते

बकेवर इटावा शुक्रवार की सुबह पूर्व निर्धारित समय के अनुसार आगरा खंड के शिक्षक एवं स्नातक क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य के चुनाव के लिए मतदान सुबह आठ बजे से राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी इटावा के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तथा शांति परक अवस्था में शुरू हुआ ।बकेवर में क्षेत्रीय ग्रामीण संस्थान लखना रोड पर व महेवा में लोकमान्य रूरल इंटर कालेज कॉलेज स्थित स्नातक के लिए दो बूथ तथा शिक्षक के लिए एक बूथ पर मतदान शुरू हुआ ही भा ज पा का मेंन चौराह पर गोपाल मोहन शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष के संरक्षण में वस्ता लगाया गया वही सपा का लखना रोड डिग्री कॉलेज के पास लगाया गया ।वह मतदान शुरू होते समय सपा एवं भाजपा कार्यकताओं ने पुराने चौराहे के पास अपने अपने दल के बस्ते लगवाये मौके पर पहुंची जोनल मजिस्ट्रेट /उपजिलाधिकारी भरथना काव्या सी ,सी ओ भरथना राम दबन मौर्य ,सेक्टर मजिस्ट्रेट श्याम सिंह , एस ओ बकेवर विपिन मलिक ,चौकी प्रभारी महेवा रजनीश तिवारी ,लेखपाल राहुल गोयल ने केंद्र से दो सो मीटर दूर बस्ते लगवाये ।

विधान परिषद चुनाव में 44.35 प्रतिशत मतदान, दोपहर बाद बूथों पर लगीं लंबी कतारें

जसवंतनगर/इटावा। विधान परिषद की स्नातक एवं शिक्षक सीट के लिए हुए चुनाव में क्षेत्र के चार बूथों पर कुल 44.35 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर बाद मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां स्नातक और शिक्षक सीट के लिए कुल 3492 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 1549 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां ब्लॉक मुख्यालय पर मतदान के लिए चार बूथ बनाए गए थे। इनमें तीन बूथ स्नातक मतदाताओं के लिए और एक बूथ शिक्षक मतदाताओं के लिए निर्धारित था। स्नातक मतदाताओं के लिए बनाए गए तीन बूथों पर कुल 3145 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 1332 मतदाताओं ने वोट डाले। इस प्रकार स्नातक सीट पर कुल 42.35 प्रतिशत मतदान हुआ। बूथ संख्या 179 पर 899 मतदाताओं में से 499 ने मतदान किया। बूथ संख्या 179 ए पर 918 मतदाताओं में से 208 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, बूथ संख्या 180 पर 1328 मतदाताओं में से 625 मतदाताओं ने वोट डाले। शिक्षक मतदाताओं के लिए बूथ संख्या 105 बनाया गया था। यहां कुल 347 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 217 मतदाताओं ने मतदान किया। इस प्रकार शिक्षक सीट पर 62.53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। स्नातक सीट की तुलना में शिक्षक सीट पर मतदान का प्रतिशत अधिक रहा। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था और चुनाव संबंधी इंतजामों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव पहुंचे। इस दौरान उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, नायब तहसीलदार नेहा सचान, पुलिस क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह और थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

प्रथम पृष्ठ के शेष

नयी विश्व व्यवस्था...

बढ़कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्लाउड कंप्यूटिंग, इंजीनियरिंग, डेटा विश्लेषण और उत्पाद विकास जैसे उन्नत क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। मोदी ने आगाह किया कि जब दुनिया नई व्यवस्था की तलाश कर रही है, तब कुछ लोग भारत में अव्यवस्था का सपना देख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के दौर में दुनिया के सामने मजबूत भारत की छवि होनी चाहिए। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में अशांति के पीछे बाहरी प्रोत्साहन और समर्थन भी रहा है। कुछ लोग अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ऐसी परिस्थितियों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक बदलाव, सीमाओं से परे बढ़ती राजनीति, प्रौद्योगिकी के प्रसार और अर्थव्यवस्थाओं के वैश्वीकरण के साथ दुनिया में अस्थिरता और अनिश्चितता भी बढ़ी है।

युवाओंको...

कर रहे थे। मोदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था को नए भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाया जा रहा है। इसमें भारतीय परंपराओं और ज्ञान के साथ मातृभाषा में शिक्षा, आधुनिक विज्ञान और उभरती प्रौद्योगिकियों पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों को राष्ट्रीय विकास और देश का गौरव बढ़ाने के साझा लक्ष्य के लिए काम करना चाहिए। समाज को विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ एकजुट करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में विदेशों से चोरी की गई 650 से अधिक प्राचीन मूर्तियों और पुरावशेषों को भारत वापस लाया गया है। इससे देश की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्स्थापित करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि भारत के सांस्कृतिक स्थलों को वैश्विक पहचान मिल रही है और वे यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भी जगह बना रहे हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत और विदेशों से नौ हजार से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। यह सम्मेलन स्वामी चिन्मयानंद द्वारा 1951 में स्थापित चिन्मय मिशन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सालभर के समारोहों का समापन है। मिशन ने आध्यात्मिक शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण, युवा सशक्तीकरण और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में व्यापक कार्य किया है।

यूपी एमएलसी चुनाव...

शिक्षक निर्वाचन सीट पर रायबरेली 63.14 प्रतिशत मतदान के साथ पहले स्थान पर रहा। खीरी में 62.89, सीतापुर में 57.87, बाराबंकी में 56.37 और हरदोई में 52.21 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रतापगढ़ में 49.12 प्रतिशत और लखनऊ में सबसे कम 43.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

राहुलको हल्के...

रॉकेट लॉन्च नहीं होते, जितनी बार कांग्रेस अपने नेता को लॉन्च करने की असफल कोशिश करती है। राहुल गांधी मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। उनका दावा है कि यह सब भाजपा के इशारे पर हो रहा है। थरूर ने प्रधानमंत्री के उस आरोप का भी जवाब दिया, जिसमें कहा गया था कि गांधी परिवार और उसका उपनाम अब खुद कांग्रेस के लिए बोझ बन गया है।

कोलकाता : मोस्ट...

अनुसार, मंगल पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबोनी का रहने वाला है, जबकि मालती झारग्राम जिले के गोपीबल्लभपुर की निवासी है। हालांकि, दोनों की माओवादी गतिविधियां मुख्य रूप से झारखंड में केंद्रित रही थीं। वे कभी-कभार ही पश्चिम बंगाल आते थे। दोनों पर घोषित इनाम में मंगल के सिर पर पांच लाख रुपये और मालती पर दो लाख रुपये का इनाम शामिल था। कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय के. नंद ने बताया कि मंगल करीब 2010 में माओवादी आंदोलन से जुड़ा था। इसके बाद 2011-12 के आसपास वह झारखंड चला गया। शुरुआत में उसने झारखंड के दलमा इलाके में माओवादी गतिविधियों में हिस्सा लिया और बाद में सारंडा क्षेत्र में सक्रिय रहा। मंगल को दिवंगत माओवादी नेता कोटेश्वर राव उर्फ किशनजी का करीबी माना जाता था। किशनजी नवंबर 2011 में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। मालती भी मंगल के बाद वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी। पुलिस के मुताबिक, उसकी गतिविधियां भी शुरुआत से मुख्य रूप से झारखंड तक सीमित रहीं। दोनों लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की नजर में थे। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई के कारण माओवादियों के लिए झारखंड के सारंडा वन क्षेत्र में सक्रिय रहना मुश्किल हो गया था। इसी वजह से इस साल की शुरुआत में माओवादियों ने उस इलाके को छोड़ना शुरू कर दिया। पश्चिम बंगाल के करीब 13 माओवादी सुरक्षा बलों की सूची में थे, जिन्हें समय-समय पर गिरफ्तार किया गया। हाल के दिनों में झारखंड में तीन माओवादियों की गिरफ्तारी हुई। इससे पहले वांछित माओवादी नेता पुष्पा ने भी कुछ महीने पहले कोलकाता में आत्मसमर्पण किया था। अब मंगल और मालती के आत्मसमर्पण को इस घटनाक्रम की एक और अहम कड़ी माना जा रहा है। आत्मसमर्पण के बाद मंगल ने कहा कि उसे एहसास हो गया है कि सशस्त्र संघर्ष के जरिए सामाजिक बदलाव नहीं लाया जा सकता। उसने बताया कि दोनों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। इसी उद्देश्य से वे कोलकाता आए और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। मंगल के बयान से स्पष्ट है कि दोनों अब माओवादी गतिविधियों से अलग होकर सामान्य जीवन में लौटना चाहते हैं। हालांकि, उनके आगे के कदमों और आत्मसमर्पण के बाद की प्रक्रिया के बारे में पुलिस की ओर से विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

ड्राइविंग लाइसेंस...

मसौदे के अनुसार, देश में जारी होने वाले या नवीनीकृत किए जाने वाले सभी ड्राइविंग लाइसेंस फॉर्म 7 में लैमिनेटेड या पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) कार्ड के रूप में होंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का यह मसौदा प्रस्ताव आम जनता के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाने और फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने की दिशा में एक दोहरी रणनीति है। आधार आधारित ऑनलाइन सुविधाओं पर शुल्क छूट और 15 दिनों का निश्चित सर्विस लेवल एग्रीमेंट (एसएलए) नागरिकों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर काटने और अनावश्यक खर्चों से मुक्ति दिलाएगा। वहीं, 75 प्रतिशत का कड़ा क्वालीफाइंग स्कोर और इमरजेंसी कॉन्टैक्ट डिटेल्स की अनिवार्यता सड़क हादसों के वक्त तुरंत मदद पहुंचाने और सुरक्षित ड्राइविंग संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम साबित होगी।

सड़क हादसे...

से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। सूचना मिलने पर भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान होने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा रहा है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अमिताभके बंगले...

ई-मेल में यह भी दावा किया गया है कि 27 नवंबर को महालक्ष्मी रेसकोर्स इलाके में होने वाले गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के दौरान हमला किया जाएगा। अधिकारी ने आगे बताया कि एहतियात के तौर पर मेयर के दफ्तर, महालक्ष्मी रेसकोर्स, शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों और ई-मेल में बताए गए सभी स्थानों पर सुरक्षा और निगरानी काफी बढ़ा दी गई है।

सऊदीके चार...

उड़ान की स्थिति वेबसाइट पर जांचने की सलाह दी है। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने भी इंडिगो के बयान को साझा करते हुए उड़ानें रद्द रहने की जानकारी दी है।

अरुणाचलमें चीनी...

जून 2020 की गलवान घाटी जैसी लड़ाई की स्थितियों के लिए तैयार किया जा सके। कपूर ने बताया कि 2027 के अंत तक पूरी फोर्स को यह ट्रेनिंग दे दी जाएगी। पूर्वी लद्दाख में गलवान झड़प के दौरान चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक मुठभेड़ में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। बाद में चीन ने भी अपने चार सैनिकों के मारे जाने की बात स्वीकार की थी। युद्ध प्रशिक्षण और तकनीक के अलावा यह बल अग्रिम इलाकों में बुनियादी ढांचे को भी मजबूत कर रहा है। कपूर ने बताया कि आईटीबीपी सीमावर्ती इलाकों में जमीन के नीचे आश्रय स्थल बना रही है, ताकि संघर्ष की स्थिति में जोखिम को कम किया जा सके क्योंकि जमीन के ऊपर बनी संरचनाएं युद्ध के दौरान आसानी से निशाना बन सकती हैं। यह बल अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में सैनिकों के लिए सुविधाओं को भी बेहतर बना रहा है। इसमें बैरकों को इंसुलेट करना, सोलर वॉटर हीटर लगाना और दूर-दराज की चौकियों पर बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जनरेटर सेट मुहैया कराना शामिल है। इसमें कोल्ड-स्टार्ट किट शामिल किए गए हैं, ताकि अत्यधिक ठंड में भी वाहनों को स्टार्ट करने में मदद मिल सके। कपूर ने बताया कि ये कदम आईटीबीपी को एक ऐसी विशेष हाई-एल्टीट्यूड माउंटेन-फाइटिंग फोर्स के रूप में विकसित करने की एक बड़ी योजना का हिस्सा हैं, जो चीन सीमा पर उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्र पर चीन के सामने झुकने और अरुणाचल प्रदेश में सीमा तनाव को लेकर जताई गई चिंताओं को दूर करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस इलाके में भारत की पहुंच कुछ पेट्रोलिंग पॉइंट्स तक खत्म हो गई है। एक्स पर एक पोस्ट में रमेश ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक का हवाला देते हुए अरुणाचल प्रदेश में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साथ हालिया झड़पों के दौरान बल के प्रदर्शन की तारीफ की। उन्होंने इन घटनाओं पर सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि न तो प्रधानमंत्री और न ही उनके प्रशासन ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कुछ कहा है। कांग्रेस नेता ने अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदलने की चीन की कोशिशों और वहां 60,000 मेगावाट का बांध बनाने की खबरों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, स्थानीय लोगों ने बताया है कि लद्दाख की तरह ही हमारे कई पेट्रोलिंग पॉइंट एक बार फिर हमारे नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। चीन लगातार अरुणाचल प्रदेश में हमारे कस्बों के नाम बदल रहा है और 60,000 मेगावाट का बांध बना रहा है, जो हमारे पर्यावरण और जल सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।

सितारों ने दर्शकों की तालियां बटोरी

आगरा। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड के फ्री-टू-एयर हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल अनमोल टीवी के पहले ओरिजिनल शो हमारी राधा में राधा सिमरन कौर, और गिरधर अक्षय म्हात्रे, के रिश्ते में तनाव अब एक ऐसे मोड़ पर पहुँच गया है, जहाँ गिरधर के साथ अपनी शादी को बचाने की राधा की कोशिशें उसे दुःख और अपमान का सामना करने पर मजबूर कर रही हैं। जब बजरंगी, राधा की ओर से गिरधर के लिए खाना लेकर पहुँचता है और शनाया (वैदेही नायर) को पता चलता है कि खाना राधा ने भेजा है, तो वह उसे फेंक देती है और गिरधर से कहती है कि वह अपनी पत्नी से इस बारे में बात करे।

लगातार तीसरे वर्ष लक्ष्य हासिल किया

आगरा। भारत की अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनियों में से एक, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्कऌ सर्टिफिकेशन हासिल किया है। कार्य-संस्कृति और कर्मचारियों के अनुभव का आकलन करने वाली वैश्विक संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्कऌ ने एलजीई इंडिया को यह सर्टिफिकेशन ट्रस्ट इंडेक्स सर्वे के माध्यम से प्राप्त कर्मचारियों के फीडबैक और कार्य-संस्कृति के मूल्यांकन के आधार पर प्रदान किया है। कर्मचारियों के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर किया गया यह मूल्यांकन इस बात की गहरी जानकारी देता है कि विश्वास, जुड़ाव और कार्यस्थल का दैनिक अनुभव किसी भी संगठन की संस्कृति को कैसे आकार देते हैं।

करवा चौथ को यादगार बनाने को ढेरों प्रोडक्ट्स

आगरा। करवा चौथ प्यार, मेल-मिलाप और खूबसूरत परंपराओं का त्योहार है, जिसे प्यारे तोहफों और त्योहार की तैयारियों से और भी खास बनाया जाता है। खूबसूरत एथनिक वियर और शानदार ज्वेलरी से लेकर ब्यूटी प्रोडक्ट्स, पारंपरिक मिठाइयों, पूजा सामग्री और अपनों के लिए गिफ्ट्स तक, अमेजन.इन हर करवा चौथ को यादगार बनाने के लिए ढेरों प्रोडक्ट्स लेकर आया है। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल शुरू हो चुका है, जहाँ ग्राहक डायसन, सैमसंग, लवचाइल्ड बाय मसाबा, रोजियर और फार्मले जैसे मशहूर ब्रांड्स पर शानदार डील्स पा सकते हैं। इसके अलावा, प्राइम मेंबर्स लाखों प्रोडक्ट्स के सबसे बड़े कलेक्शन पर 5 प्रतिशत की एक्स्ट्रा छूट के साथ-साथ चुनिंदा खरीदारी पर 250 का अतिरिक्त कैशबैक भी पा सकते हैं।

फैंस का जमकर मनोरंजन किया

आगरा। अभिनेता समीर वर्मा की डेब्यू फिल्म को लेकर तैयारियां दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई हैं। फिल्म की कहानी में नए बदलावों के साथ इसके बजट को भी बढ़ाने की योजना है। मेकर्स का लक्ष्य साफ है, कहानी और विजुअल्स के बीच ऐसा तालमेल बनाना, जो दर्शकों को मनोरंजन के साथ एक यादगार सिनेमाई अनुभव दे। फिल्म का फर्स्ट लुक अब 14 फरवरी 2027 को वैलेंटाइन डे के खास मौके पर सामने आएगा। फिल्म से जुड़े मेकर्स कहानी को और प्रभावशाली बनाने के साथ उसकी स्क्रीन प्रेजेंटेशन पर भी खास ध्यान दे रहे हैं।

पेश किया अपना दिवाली कैंपेन

आगरा। दिवाली साल के उन गिने-चुने मौकों में से है, जब हम अपने हर चहेते के लिए खुशियां जुटाने में पूरे मन से लग जाते हैं। घर सजाने और पूजा-पाठ की तैयारी से लेकर हर छोटी-बड़ी बात मायने रखती है। फिर भी, इस जश्न के बीच अपने सबसे करीबी लोगों के लिए प्यार जताने के सबसे सीधे-सादे तरीके अक्सर पीछे छूट जाते हैं। इंद्रिया के अस इन वी दर्शन पर आधारित फेस्टिवल ऑफ लव उन रिश्तों और जुड़ाव के पलों को समर्पित है, जो हर उत्सव के केंद्र में होते हैं। इस दिवाली आदित्य बिरला ज्वेलरी का ब्रांड इंद्रिया अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ के साथ अपने नए कैंपेन के जरिए इस सोच को सामने ला रहा है।

अगले माह लखनऊ जाकर इस्लाम कबूल कर लुंगा

सपा के एमएलसी प्रत्याशी आकाश अग्रवाल आगरा में फफक-फफक कर रोए, कहा! सनातन की दुहाई देने वाले ही कर रहे उत्पीड़न, ऐसे सनातन में रहना नहीं चाहता, अधिकारियों पर गड़बड़ी के गंभीर आरोप, कार्यकर्ताओं से अभद्रता बर्दाश्त नहीं

आगरा। उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान हुआ। आगरा शिक्षक खंड से सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल ने मतदान के दौरान गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए। मीडिया से बात करते हुए सपा प्रत्याशी फफक-फफक कर रोए। उन्होंने



यहां तक कह दिया कि वह लखनऊ की शाही ईदगाह में जाकर धर्म परिवर्तन कर लेंगे। उन्होंने मतदान में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके समर्थकों को परेशान किया जा रहा है। मतदान केंद्रों पर गड़बड़ी की गई है। प्रत्याशी ने कहा कि खेरागढ़ में पीठासीन अधिकारी द्वारा जब खाना खाया गया तो सभी को बाहर निकाल दिया। सपा प्रत्याशी ने छाता बूथ भी लूटने का आरोप लगाया। अधिकारियों पर कार्यकताओं से अभद्रता और परेशान करने का आरोप लगाया। कहा कि ऐसा लग रहा है कि मैं पाकिस्तान से आया कोई आतंकवादी हूं। सपा प्रत्याशी ने कहा कि मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है। मैं ऐसे सनातन में रहना नहीं चाहता हूं। इस दौरान सपा प्रत्याशी फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने कहा कि वह लखनऊ की शाही ईदगाह में जाकर धर्म परिवर्तन कर लेंगे। सपा प्रत्याशी ने कहा कि उन्हें हार जीत से कोई फर्क नहीं पड़ता है। मैं आजाद भारत में रह रहा हूं। मैं किस पार्टी से चुनाव लड़ूंगा और किससे नहीं लड़ूंगा, इसका फैसला मैं करूंगा। इतना ही कहना चाहूंगा कि अभी भी बूथ कैप्चरिंग हो रही है।

डीईआई में एनएसएस ने कराया 'नशा मुक्त युवा भारत' खेलकूद कार्यक्रम

सुरेखा यादव

आगरा। दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट (डीईआई) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आज परिसर में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत पारंपरिक खेलों (ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स) मे विभिन्न खेलो एवं विशेष व्याख्यान सत्र का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रखकर खेलों व स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ एक प्रेरक व्याख्यान सत्र के साथ हुआ। संस्थान के खेल शिक्षक असिस्टेंट प्रोफेसर वासु गुप्ता ने आधुनिक व्यस्त जीवन शैली में खेलों का महत्वह्न विषय पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा, आज की डिजिटल और भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव को कम करने, एकाग्रता



बढ़ाने और शारीरिक रूप से चुस्त रहने का सबसे सरल माध्यम पारंपरिक खेल हैं। जब युवा नियमित खेलकूद को दिनचर्या का हिस्सा बनाते हैं, तो वे स्वतः ही किसी भी प्रकार की नकारात्मक लत या भटकाव से सुरक्षित रहते हैं। व्याख्यान के पश्चात खेल मैदान पर पारंपरिक प्रतियोगिताओं का रोमांच देखने को मिला जिसमे छात्राओं के बीच आयोजित खो-खो मैच में प्रतिभागियों ने अपनी गति, चपलता और रणनीतिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों ने तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद छात्र और छात्राओं दोनों वर्गो के लिए रस्साकशी (टग ऑफ वॉर) प्रतियोगिता कराई गई इसमें युवाओं के बीच जबरदस्त टीमवर्क, तालमेल और सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक डॉ. सानिल कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक सशक्त और विकसित भारत की नींव केवल स्वस्थ और नशामुक्त युवा ही रख सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। इस सफल आयोजन में वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनीश मीना, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित मोहन एवं डॉ. राकेश कुमार की इकाइयों के लगभग 285 स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अंत में विजयी टीमों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों की सराहना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जयपुर में सड़क हादसा, आगरा के चार दोस्तों की मौत

कार का टायर फटने पर तीस फीट गहरी खाई में गिरी, 6 दोस्त सवार थे, दो की हालत गंभीर, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजे, घर में कोहराम, परिजन जयपुर रवाना

जयपुर/आगरा। ताजनगरी से खाटू श्याम जी के दर्शन करने गए छह दोस्तों के साथ जयपुर में बड़ा हादसा हो गया। शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे हाईस्पीड स्विफ्ट डिजायर कार का टायर फटने से कार अनियंत्रित हो सडक किनारे तीस फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में आगरा के चार दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें राजस्थान पुलिस ने हॉस्पीटल में भर्ती कराया, हादसे की सूचना पुलिस ने परिजनों को दी। मौत की सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया, परिजन जयपुर रवाना हो गए, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया। पुलिस ने बताया कि यमुनापार रामबाग निवासी अतुल, नुनिहाई निवासी राहुल बल्केश्वर के अर्पित और कालिंदी बिहार के मुकुल, रूपेश एवं शिवा सभी दोस्त थे। अतुल



अपने यूट्यूब चैनल के लिए खाटू श्याम में एकादशी के भजन-कीर्तन की लाइव कवरेज करने गए थे। मृतक अतुल के छोटे भाई रोहित वार्ष्णेय ने बताया कि सुबह सात बजे जयपुर पुलिस ने हादसे की सूचना दी। अतुल 21 अक्तूबर को अपने दोस्तों और स्टाफ के साथ आगरा से खाटू श्याम जी गए थे। 22 अक्तूबर एकादशी लाइव के बाद वह आगरा वापस लौट रहे थे, कार अतुल के नाम पर है जिसे उसका दोस्त राहुल शर्मा ड्राइव कर रहा था। अतुल वार्ष्णेय की मौत से धर में कोहराम मच गया। अतुल की 2016 में शादी हुई थी। उनकी तीन बेटियां हैं। पुलिस ने बताया कि हादसा जयपुर के रायसर में हाइवे-148, दौसा-मनोहरपुर, पर हुआ। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड गए। चीखपुकार सुन गांव वाले मदद को दौडे, उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची दौसा पुलिस ने गांव वालों की मदद से कार का शीशा तोड कर उसमें फंसे युवाओं को भारी मशक्कत के बाद बाहर निकाला, जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से निजी हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने चार को मृत घोषित कर दिया, दो घायलों को आईसीयू में भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान आगरा के अतुल वार्ष्णेय 34, मुकुल जयसवाल 21, रूपेश जाटव 24, और शिवा सिंह 21 के रूप में हुई है। वहीं राहुल शर्मा 35 और अर्पित वंसल 21 गंभीर रूप से घायल हैं जिनका उपचार जारी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया, हादसे के कारण हाईवे पर भीषण जाम लग गया, जो कि घंटो बाद खुला। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन जयपुर के लिए रवाना हो गए। बस्ती के लोग गमगीन थे, उन्हें शव आगरा आने का इंतजार था।

कंगना रनौत को कोर्ट में तलब करने की मांग वाली रिवीजन खारिज

प्रतिशत अधिक रहा। जनपद में दोनों निर्वाचन खंडों के लिए मतदान निर्धारित समय शाम 4 बजे तक संपन्न कराया गया। जैथरा कस्बे में शुक्रवार को आगरा खंड स्नातक एमएलसी चुनाव के दौरान नेहरू स्कूल के पास मारपीट हो गई। घटना में दो



जलेसर ब्लाक का दृष्य।

लोग घायल हो गए। सपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट और चुनावी बस्ता छीनने की कोशिश का आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार, सपा कार्यकर्ता शिवपाल सिंह पुत्र सुजान सिंह के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सपा के स्नातक प्रत्याशी शशांक यादव उर्फ टीटू ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बूथ कैप्चरिंग और चुनावी बस्ता छीनने की कोशिश का आरोप लगाया। थाना प्रभारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच वर्चस्व को लेकर कहासुनी हुई थी। उन्होंने लगाए गए आरोपों को गलत बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन के निर्देशन में शुक्रवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडेय और एएसपी अपराध सच्चिदानंद के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमों ने गांवों, कस्बों, बाजारों, चैराहों और धार्मिक स्थलों पर भ्रमण किया। इस दौरान पंपलेट वितरित कर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिस ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, वुमेन पावर लाइन 1090 और महिला हेल्पलाइन 181 के उपयोग के बारे में बताया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न से संबंधित कानूनों की जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए जनसहयोग की अपील की।

जलेसर और अलीगंज में परविधिक स्वयंसेवकों की होगी भर्ती- आवेदन आमंत्रित

एटा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पराविधिक स्वयंसेवकों (पैरा लीगल वॉलंटियर्स) के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित स्वयंसेवकों को तहसील विधिक सेवा समिति जलेसर एवं अलीगंज में सेवाएं देनी होंगी।

प्राधिकरण के प्रभारी सचिव युगल चन्द्र चैधरी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 23 अक्टूबर से छह नवंबर 2026 की शाम पांच बजे तक जिला न्यायालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होनी चाहिए। आवेदन के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। चयन एक वर्ष के लिए होगा, जिसे कार्यकुशलता के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। निर्धारित वेतन के बजाय शासन द्वारा तय मानदेय दिया जाएगा।

-स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026-

शांतिपूर्ण मतदान के लिये डीएम-एसएसपी लेते रहे जायजा

- मतदान केंद्रो पर पहुंचकर परखी व्यवस्थाएं, सुरक्षा व्यवस्था पर रही पैनी नजर

एटा। जनपद में शुक्रवार को आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) निर्वाचन के लिए शांतिपूर्ण ढंग से मतदान किया गया। मतदान केंद्रों पर स्नातक एवं शिक्षक मतदाता कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आए। मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह दिखाई दिया। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया का जायजा लेते हुए केंद्रों



मतदान स्थल का जायजा लेती जिलाधिकारी और एसएसपी।

पर की गई व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान से संबंधित व्यवस्थाओं को देखा और निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया। मतदान केंद्र पर तैनात कर्मचारियों एवं पुलिसकर्मियों की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। प्रशासन की ओर से मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पहले ही आवश्यक प्रबंध किए गए। जिले में मतदान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मुस्तैद रहा और शांतिपूर्ण मतदान सम्मन हुआ।

किसानों ने मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

एसआईआर रद्द करने और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग

एटा। शुक्रवार को किसानों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव प्रक्रिया में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार आकाश लवानिया को सौंपा। इसमें एसआईआर प्रक्रिया तत्काल रद्द करने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। किसानों ने ज्ञापन में 13.41 करोड़ नागरिकों के मतदान अधिकार बहाल करने और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति संबंधी कानून में संशोधन कर चयन समिति में कैबिनेट मंत्री के स्थान पर भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने का सुझाव दिया। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव सुधारों के तहत आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली



ज्ञापन के दौरान अधिकारी को ज्ञापन पढ़कर सुनाते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

लागू करने, चुनाव में धनबल और बाहुबल पर अंकुश लगाने तथा राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के चुनावी खर्च के लिए राज्य वित्तपोषण की व्यवस्था लागू करने की मांग भी की।

ज्ञापन में दिल्ली में एसआईआर के विरोध के दौरान प्रदर्शन कर रहे छात्रों और पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार एवं यौन उत्पीड़न के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों को गिरफ्तार करने और जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। किसानों ने राष्ट्रपति से लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

पीईटी परीक्षा के चलते निर्धारित अवधि में बंद रहेगी मंडी

जीटी रोड और अलीगंज रोड पर जाम से बचाने के लिए प्रशासन ने लिया निर्णय

एटा। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के मद्देनजर कृषि उत्पादन मंडी समिति, एटा को निर्धारित अवधि में पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा केंद्रों तक अभ्यर्थियों के आवागमन में असुविधा से बचाने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार पीईटी-2026 की लिखित परीक्षा 25 और 30 अक्टूबर तथा एक नवंबर को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। हाल के दिनों में मंडी में किसानों और व्यापारियों की अप्रत्याशित भीड़ के कारण जीटी रोड और अलीगंज रोड पर जाम लगने की आशंका है। इससे परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को परेशानी हो सकती है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) की ओर से जारी आदेश के अनुसार मंडी समिति 24 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से 25 अक्टूबर को शाम सात बजे तक बंद रहेगी। इसके अलावा 29 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से एक नवंबर को शाम सात बजे तक मंडी पूरी तरह बंद रहेगी। प्रशासन के अनुसार आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

जारथल गांव में बुखार के मरीज बढ़े, डेंगू की आशंका

स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैंप, पांच मरीजों के नमूने एलाइजा जांच को भेजे

एटा। मिरहची क्षेत्र के जारथल गांव में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने से ग्रामीणों में डेंगू को लेकर चिंता है। दर्जनों लोगों में डेंगू जैसे लक्षण होने की आशंका जताई जा रही है। कई मरीजों का मिरहची के निजी चिकित्सकों के यहां उपचार चल रहा है। स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने गांव में कैंप लगाकर मरीजों की जांच और उपचार शुरू किया है। प्रभारी चिकित्सा



अधिकारी डॉ. रवि रंजन यादव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार कैंप लगाकर मरीजों की जांच कर रही है। लगाए गए कैंप में कई बुखार से पीड़ित ग्रामीण पहुंचे। पांच मरीजों की मलेरिया जांच की गई, जबकि पांच मरीजों के नमूने एलाइजा जांच के लिए जिला मुख्यालय भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही डेंगू संक्रमण की पुष्टि हो सकेगी। स्वास्थ्य कैंप में डॉ. सौरभ पुंढीर, कल्पना शर्मा, गायत्री देवी, पूजा देवी और विनोद कुमार ने सेवाएं दीं।

सुभाषित

निराकार, सर्वव्यापक परमेश्वर सब जगतको बसाये हुए है। वेद मंत्रोंसे यज्ञ आदिमें जब इनकी पूजा करते हैं तो यह इस चराचर जगतको ही मिलता है। ❐ *महाभारत*

हूतियों के हमले

सऊदी अरबमें बढ़ते हूती हमले न केवल गम्भीर चिन्ताका विषय हैं, अपितु यह यमन-सऊदी संघर्षसे कहीं बड़ी अन्तरराष्ट्रीय सुरक्षा समस्याका संकेत है। जब मिसाइल और ड्रोन हमले हवाई अड्डों, तेल प्रतिष्ठानों और वाणिज्यिक जहाजोंतक पहुंच जाय और उनमें भारतीय नागरिकोंकी मौतें होने लगे तो भारतके लिए यह केवल पश्चिम एशियाकी दूरकी समस्या नहीं रह जाती है। सऊदी अरबके दम्माम हवाई अड्डेपर बुधवारको देर रात हुए हूतियोंके हमलेमें भारतीय नागरिक सहित दो लोगोंकी मृत्यु हो गयी और आठ अन्य घायल हो गये। घायलोंमें दो भारतीय भी शामिल हैं। यमनमें हूती विद्रोही सऊदीके बुनियादी ढांचोंपर लगातार हमले कर रहे हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि लाल सागर और बाब-अल-मंदेबका संकट ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक व्यापार और भारतीय नाविकोंकी सुरक्षाको एक साथ प्रभावित कर सकता है। सऊदी अरब और यमनके बीच बढ़ता हूती संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय सैन्य टकराव नहीं रह गया है। इसके प्रभाव लाल सागर, बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य, खाली क्षेत्र और अन्तरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जहाजरानीतक पहुंच चुके हैं। हूती विद्रोही लम्बे समयसे सऊदी अरबके साथ संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन २०२६ में स्थितिने खतरनाक रूप ले लिया है। हूतियोंने जुलाईमें सऊदी-सम्बद्ध जहाजरानीके विरुद्ध लाल सागरमें नाकेबाजीकी घोषणा की थी। इसके बाद यमनके पश्चिमी तट और बाब-अल-मंदेबपर उनकी गतिविधियां बढ़ीं। भारतीयोंके लिए यह विशेष रूपसे गम्भीर संकट है, क्योंकि भारतीय समुद्री कर्मियोंकी संख्या बहुत अधिक है। अगस्तमें भारतीय ध्वज वाले जहाजोंपर हमला हुआ और जहाज लाल सागरमें डूब गया। जहाजपर १३ भारतीय सहित १४ नाविक सवार थे और सभीको बचा लिया गया। सितम्बर-अक्तूबरकी घटनाओंने खतरेको और व्यापक कर दिया। भारतीयोंके लिए खतरा अब समुद्रतक सीमित नहीं है, बल्कि खाड़ी देशोंमें रहने और काम करने वाले लाखों भारतीयोंकी सुरक्षासे भी यह जुड़ गया है। इस संकटका भारतपर आर्थिक प्रभाव पड़ा है। तेलकी कीमतें बढ़ी हैं। आयात लागतमें वृद्धि हुई है। आयात-निर्यात व्यापारपर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। भारतीय नाविकोंकी सुरक्षा खतरेमें पड़ गयी है। अब सवाल यह भी उठने लगा है कि क्या समुद्री क्षेत्र वास्तवमें असुरक्षित हो गया है? इन स्थितियोंको देखते हुए भारतीय नाविकोंकी सुरक्षा बढ़ानी होगी। भारतको किसी सैन्य गुटमें शामिल हुए बिना सक्रिय कूटनीति, समुद्री निगरानी और क्षेत्रीय संवादको प्राथमिकता देनी होगी।

क्रूरतापर सहानुभूति नहीं

इलाहाबाद उच्च न्यायालयका चाकू और बन्दूकसे किये गये हमलेमें दोषी ठहराये गये दो आरोपियोंको 'अच्छे आचरण' के आधारपर रिहा करनेका फैसला हैरान करने वाला है। सर्वोच्च न्यायालयने इस फैसलेपर नाराजगी व्यक्त करते हुए उच्च न्यायालयको कड़ी फटकार लगायी है और फैसलेको खारिज करते हुए दोनों दोषियोंका दो सप्ताहके भीतर आत्मसमर्पण करनेका निर्देश दिया। साथ ही चेतवानी भी दी कि ऐसा न करनेपर बहराइचका अतिरिक्त सत्र न्यायालय तत्काल उन्हें गिरफ्तार करनेकी कारवाई शुरू करेगा। यह मामला उत्तर प्रदेशके बहराइचमें २००३ के एक व्यापारिक रंजिशसे जुड़ा है, जहां पीड़ितने इन दोनों अभियुक्तोंकी दुकानके पास अपनी दुकान खोली थी। घटनाके दिन एक आरोपीने धारदार हथियार और दूसरेने बन्दूकसे पीड़ितपर बेरहमीसे हमला कर दिया था जिससे वह बुरी तरह घायल हुआ और बेहोश हो गया। लेकिन ट्रायल कोर्ट और उच्च न्यायालयने इस मामलेको बहुत हल्केमें लिया, जबकि प्रथम दृष्ट्या यह हत्याका प्रयास लगता है, क्योंकि हमला घातक हथियारोंसे किया गया था। इस मामलेमें न्यायमूर्ति जे.बी. पार्डीवाला और न्यायमूर्ति विनोद चन्द्रनकी पीठका यह कहना अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि 'क्रूरतापर गलत सहानुभूति' बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। यह अजीब विडम्बना है कि उच्च न्यायालयने अपराधकी क्रूरताकी अनदेखी कर दी और गलत सहानुभूतिके चलते दोनोंको रिहा करनेका फैसला सुनाया। हैरानी इस बातपर है कि हाईकोर्टने माना कि दोनों आरोपी २२ सालसे भुगत रहे हैं जबकि हकीकत यह है ये दोनों एक दिन भी जेलकी सजा नहीं काटे और जमानतपर बाहर रहकर लगातार अपराधमें सक्रिय रहे, जो न्याय-व्यवस्थापर गम्भीर सवाल खड़ा करता है। अपराधीको रिहा किया जाय या नहीं, इसके लिए अपराधकी प्रकृति और अपराधीका चरित्र मुख्य पैमाना होना चाहिए। शीर्ष कोर्टका फैसला अधीनस्थ न्यायालयोंके लिए नसीहत है, जिसपर गम्भीरतासे विचार किया जाना चाहिए।

लोक संवाद

ट्रम्प का दोहरा मापदंड

महोदय,-अमेरिकाके राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प द्वारा कांग्रेसके एक कानूनके तहत रूसी आयातपर लगाया गया प्रतिबंध हटानेका निर्णय भारतके लिए राहतकी बात है। यह तेल आयात नीति और उस बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौतेको अंतिम रूप देनेके लिहाजसे महत्वपूर्ण है जो मुख्य रूपसे इसी मुद्दे और सेक्शन ३०१ के तहत जांचके कारण रुका हुआ है। लेकिन व्यापक परिप्रेक्ष्यमें ६० दिनोंकी यह छूट ट्रम्प सरकारके दोहरे मापदंडको दर्शाती है, रूसके खिलाफ युद्धमें सहयोगी यूक्रेनको अमेरिकी समर्थनको लेकर रणनीतिक अनिश्चितताको बढ़ाती है और आम तौरपर एक सहयोगीके रूपमें अमेरिकाकी विश्वसनीयतापर वैश्विक संदेह पैदा करती है। लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया ऐंड ईरान ऐक्ट, २०२६ में राष्ट्रपतिको भारत और चीन जैसे प्रमुख रूसी तेल खरीदारोंपर सौ फीसदी शुल्क लगानेका अधिकार दिया गया, ताकि रूस इन देशोंसे मिलने वाले धनका इस्तेमाल यक्रेनके खिलाफ युद्धमें नहीं कर सके। जब फरवरी २०२२ में युद्ध छिड़ा और पश्चिमी देशोंने यूक्रेनके साथ एकजुटता दिखाते हुए रूसी तेल और गैसकी खरीद कम कर दी तो भारतने अपने पारम्परिक सहयोगी रूस द्वारा दी जा रही भारी छूटका लाभ उठाने का विकल्प चुना। इस कदमकी ट्रम्पने कड़ी आलोचना की और अगस्त २०२५ में भारतीय आयातपर २५ फीसदीका अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाया, जिसे इस वर्ष फरवरीमें एक अंतरिम व्यापार ढांचेके बाद हटा लिया गया। पश्चिमी देशोंके प्रतिबंधोंके परिणामस्वरूप तेजीसे बढ़ती वैश्विक तेल कीमतोंका मुकाबला करनेके प्रयासमें, भारतका रूसी तेल आयात कच्चे तेल आयातके लगभग दो फीसदीसे बढ़कर लगभग आधा हिस्सातक हो गया। अमेरिकाकी कड़ी आलोचनाओंके बावजूद, राष्ट्रीय हितसे प्रेरित इस दृष्टिकोणकी वैधता इस तथ्यसे रेखांकित होती है कि युद्धके बावजूद अमेरिकाने रूससे यूरेनियमका आयात जारी रखा। नवंबरमें होने वाले मध्यावधि चुनावोंसे पहले चुनावी माहौलको ध्यानमें रखते हुए और ३० दिनकी समय-सीमा समाप्त होनेसे ठीक एक दिन पहले अमेरिकाने नयी छूटपर हस्ताक्षर किये। इस घटनाक्रमने भारतके रूसी तेल आयातपर अमेरिकी आपत्तियोंकी तार्किक वैधताको और भी कमजोर कर दिया है। ईरानपर अमेरिका-इसरायलके हमलोंके बाद होर्मुज स्ट्रेटकी नाकाबंदीने तेल उत्पादोंकी कीमतोंपर दबाव डाला है और अन्य लोगोंकी तरह अमेरिकी जनता भी इसकी मार झेल रही है। डीजलकी कीमतोंमें एक सालमें ६६ से ६८ फीसदीकी वृद्धि हुई है, जिससे सभी बाजारोंमें कीमतें बढ़ गयी हैं। लिंडसे ग्राहम अधिनियमकी धारा ११५ के तहत दी गयी इस छूटका आधार ९ अक्तूबरको तैयार हुआ, जब अमेरिकी वित्त मंत्रालयने ७ अप्रैल, २०२७ तक वैश्विक बाजारमें रूसी डीजलकी बिक्री और आयातकी अनुमति देने वाला एक अस्थायी लाइसेंस जारी किया। रूसके साथ हुए समझौतेके तहत अमेरिकाको तुरन्त ३,००,००० टन डीजल मिलेगा, इसके बाद नवंबरमें ५,००,००० टन और उसके बाद दस लाख टन मिलेगा। रूस भी अपनी रिफाइनरियोंकी स्थितिके आधारपर ३० लाख टन डीजल जारी करेगा (जिनमेंसे कुछपर हालमें यूक्रेनने हमला किया था)। उल्लेखनीय भू-रणनीतिक बदलाव यूक्रेनके राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्कीके साथ ट्रम्पके तनावसे भी प्रेरित है, जिन्होंने अमेरिकी प्रशासनपर सैन्य समर्थन और खुफिया जानकारी साझा करनेमें कटौती करनेका आरोप लगाया है। पैट्रियट मिसाइलोंकी आपूर्तिमें देरी और स्टारलिंक उपग्रह सेवाओंकी बिगड़ती स्थिति, जिसने ड्रोनके प्रदर्शन और युद्धक्षेत्र संचारको प्रभावित किया है। विडंबना है कि ट्रम्प राष्ट्रीय हितका तर्क दे रहे हैं, जिसे उन्होंने एक साल पहले भारतके मामलेमें पूरी तरहसे खारिज कर दिया था। -आर.के. सिंह, वाया ईमेल।

नागरिकों की निजता कैसे रहे सुरक्षित

डिजिटल क्रांतिने अनेक चुनौतियां खड़ी की हैं। आज बैंकमें खाता खुलवानेसे लेकर बिलोंका भुगतान जैसे अनेक कार्य घर बैठे किये जा सकते हैं। लेकिन भारतीय स्टेट बैंकके ग्राहकोंसे संबंधित जानकारीके डार्क वेबपर उजागर होनेकी हालिया घटनाने सवाल खड़ा कर दिया है कि वित्तीय व्यवस्थामें सुरक्षा कैसे देगी सरकार।

❐ महेन्द्र तिवारी

इक्कीस अक्तूबर २०२६ को प्रकाशित समाचारोंके अनुसार भारतीय स्टेट बैंकने ग्राहकोंसे संबंधित जानकारीके संभावित खुलासेकी पुष्टि करते हुए जांच शुरू करनेकी जानकारी दी। बैंकको १६ अक्तूबरको अपने खतरा निगरानी सेवा प्रदाता, रक्षा साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दलसे इस संबंधमें सूचनाएं मिली थीं। प्रारंभिक जांचमें डार्क वेबपर उपलब्ध लगभग ३,७५,००० अभिलेखोंकी समीक्षा की गयी, जिनमें ३८९७ ग्राहक अभिलेखोंमें व्यक्तिगत पहचानसे संबंधित जानकारी पायी गयी। बैंकने इस मामलेकी व्यापक जांचके लिए एक स्वतंत्र साइबर सुरक्षा संस्थाको नियुक्त किया है। हालांकि जानकारी किस माध्यमसे बाहर पहुंची और घटनाका वास्तविक दायरा कितना है, यह जांच पूरी होनेके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। प्रारंभिक रिपोर्टोंके अनुसार उजागर हुई जानकारीमें ग्राहकोंके नाम, पंजीकृत मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, ईमेल पते, आवासीय पते, शाखा संबंधी विवरण, ग्राहक पहचान संख्या तथा ऋण आवेदनोंसे जुड़ी कुछ जानकारियां शामिल हैं। इन विवरणोंका महत्व इसलिए बढ़ जाता है, क्योंकि आज व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय गतिविधियोंके बीच गहरा संबंध बन चुका है। किसी व्यक्तिका नाम, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि और ऋण संबंधी जानकारी एक साथ उपलब्ध होनेपर अपराधियोंके लिए उसके विश्वासका दुरुपयोग करना आसान हो सकता है। वे बैंक अधिकारी बनकर फोन कर सकते हैं, ऋण या खातेसे संबंधित वास्तविक विवरणोंका उल्लेख कर सकते हैं और फिर गोपनीय जानकारी हासिल करनेका प्रयास कर सकते हैं।



भारतीय स्टेट बैंकसे संबंधित यह घटना डिजिटल अर्थव्यवस्थाके सामने उपस्थित एक बुनियादी प्रश्नको रेखांकित करती है। व्यक्तिगत जानकारीकी सुरक्षा सुनिश्चित करनेकी प्राथमिक जिम्मेदारी उन संस्थानोंकी है, जिन्हें नागरिक अपना विश्वास सौंपते हैं। डिजिटल बैंकिंगका भविष्य तभी सुरक्षित और विश्वसनीय हो सकता है, जब सुविधाके साथ गोपनीयता, जवाबदेही और तकनीकी प्रगतिके साथ मानवीय सुरक्षाको भी समान महत्व दिया जाय। ग्राहकोंका विश्वास किसी बैंककी सबसे बड़ी पूंजी है। उसकी रक्षा करना केवल तकनीकी आवश्यकता नहीं, बल्कि सार्वजनिक उत्तरदायित्व भी है।

इस घटनाके संबंधमें तथ्यों और आशंकाओंके बीच अंतर समझना भी आवश्यक है। लगभग ३,७५,००० अभिलेखोंकी उपलब्धताका अर्थ यह नहीं है कि उन सभीमें ग्राहकोंकी संवेदनशील जानकारी थी। प्रारंभिक जांचमें ३८९७ ग्राहक अभिलेखोंमें व्यक्तिगत पहचान संबंधी विवरण मिलनेकी बात कही गयी है। इसी प्रकार, व्यक्तिगत जानकारीका उजागर होना अपने आपमें यह प्रमाण नहीं है कि ग्राहकोंके बैंक खातोंसे धन चोरी हुआ है। बैंकने कहा है कि उसकी मुख्य बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय प्रदर्शन और कामकाज की निरंतरता पर कोई महत्त्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है। फिर भी, वित्तीय नुकसानकी तत्काल पुष्टि न होना व्यक्तिगत गोपनीयतासे जुड़े खतरेको कम नहीं करता। भारतमें डिजिटल बैंकिंगका विस्तार तेजीसे हुआ है। गांवोंसे लेकर महानगरोंतक लोग मोबाइलके माध्यमसे धनका लेन-देन कर रहे हैं। सरकारी योजनाओंकी सहायता राशि, पेंशन, वेतन और अन्य भुगतान भी बैंक खातोंमें पहुंचते हैं। ऐसेमें बैंक केवल धन जमा करने और निकालने वाली संस्था नहीं रह गये हैं, बल्कि नागरिकोंकी आर्थिक पहचानके संरक्षक भी बन गये हैं। उनकी जिम्मेदारी केवल लेन-देनको सुरक्षित रखनेतक सीमित नहीं है। ग्राहकोंके व्यक्तिगत विवरणोंको अनधिकृत पहुंच, चोरी और दुरुपयोगसे बचाना भी उतना ही आवश्यक है। भारतीय स्टेट बैंक जैसे बड़े सार्वजनिक बैंकसे जुड़ी घटनाका व्यापक प्रभाव इसलिए भी है कि बैंकिंग व्यवस्थामें जनताका विश्वास अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। करोड़ों लोग अपनी जीवनभरकी बचत, पेंशन और भविष्यकी आर्थिक सुरक्षाके लिए बैंकोंपर निर्भर रहते हैं। यदि ग्राहकोंको यह आशंका होने लगे कि उनकी निजी जानकारी सुरक्षित नहीं है तो डिजिटल सेवाओंके प्रति उनका विश्वास कमजोर पड़ सकता है। विशेष रूपसे बुजुर्गों, ग्रामीण नागरिकों और तकनीकी जानकारीसे सीमित परिचित लोगोंके लिए ऐसी घटनाएं अधिक परेशानी पैदा कर सकती हैं।

इस चुनौतीका सामना करनेके लिए बैंकोंको अपनी सुरक्षा व्यवस्थाकी नियमित समीक्षा करनी चाहिए। ग्राहकोंकी जानकारीतक पहुंच केवल उन्हीं कर्मचारियों और सेवाओंको मिलनी चाहिए, जिन्हें वास्तवमें इसकी आवश्यकता है। सुरक्षा संबंधी कमजोरियोंकी पहचानके लिए समय-समयपर स्वतंत्र परीक्षण, संदिग्ध गतिविधियोंकी निगरानी और आंकड़ोंके सुरक्षित भंडारणकी व्यवस्था आवश्यक है। बाहरी सेवा प्रदाताओं, ऋण एजेंटों और तकनीकी सहयोगियोंके माध्यमसे जानकारीके आदान-प्रदानपर भी समान रूपसे कड़ी निगरानी होनी चाहिए। कई बार सुरक्षामें चूक किसी बड़ी तकनीकी खामीके बजाय कमजोर पासवर्ड, अनधिकृत पहुंच या अनुचित अधिकार प्रदान किये जाने जैसी सामान्य गलतियोंसे भी हो सकती है।

बदलते तकनीकी परिवेशमें कृत्रिम बुद्धिमत्ताके दुरुपयोगसे जुड़े खतरे भी बढ़ रहे हैं। अपराधी स्वचालित साधनोंकी सहायतासे बड़ी मात्रामें जानकारीका विश्लेषण कर सकते हैं और अलग-अलग व्यक्तियोंको निशाना बनानेके लिए अधिक विश्वसनीय संदेश तैयार कर सकते हैं। वे किसी ग्राहककी वास्तविक बैंकिंग जानकारीका उल्लेख करके उसे भ्रमित कर सकते हैं। इसलिए सुरक्षा व्यवस्थाको केवल पुराने प्रकारके हमलोंसे बचावतक सीमित रखना पर्याप्त नहीं होगा। नयी तकनीकोंसे उत्पन्न जोखिमोंकी पहचान और उनके अनुरूप सुरक्षा उपायोंका विकास भी आवश्यक है। बैंककी जिम्मेदारीके साथ ग्राहकोंकी सतर्कता भी महत्वपूर्ण है। लोगोंको यह समझना चाहिए कि बैंक कभी भी फोनपर उनसे गोपनीय पहचान संख्या, एक बार उपयोग होने वाला संकेतांक या बैंकिंग पासवर्ड साझा करनेके लिए नहीं कहता। किसी अनजान व्यक्ति द्वारा खातेको बंद करने, ऋण रोकने या धन जब्त करनेकी धमकी देकर जानकारी मांगी जाय तो उसपर तुरन्त विश्वास नहीं करना चाहिए। संदिग्ध संदेशोंमें दिये गये संपर्क माध्यमोंका उपयोग करनेके बजाय बैंककी आधिकारिक शाखा या प्रमाणित ग्राहक सेवासे संपर्क करना अधिक सुरक्षित है। यदि किसी व्यक्तिके साथ वित्तीय धोखाधड़ी होती है तो उसे तत्काल बैंकको सूचना देकर आवश्यक सुरक्षा कदम उठाने चाहिए और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन १९३० पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

इसके साथ ही प्रभावित ग्राहकोंको समयपर सूचना देनेकी व्यवस्था भी आवश्यक है। केवल यह कहना पर्याप्त नहीं कि बैंकका सामान्य कामकाज प्रभावित नहीं हुआ। ग्राहकोंको यह जाननेका अधिकार है कि उनकी कौन-सी जानकारी जोखिममें पड़ सकती है, उन्हें किन सावधानियोंकी आवश्यकता है और सहायता प्राप्त करनेके लिए किससे संपर्क करना चाहिए। जांच पूरी होनेके बाद घटनाके संभावित कारणों और सुधारात्मक कदमोंके बारेमें उचित जानकारी सार्वजनिक करना भी जवाबदेहीका हिस्सा होना चाहिए। गोपनीयताकी रक्षाके नामपर ऐसी सूचनाएं नहीं छिपायी जानी चाहिए, जिनसे ग्राहकोंको अपने हितोंकी रक्षा करनेमें सहायता मिल सकती है। डिजिटल व्यक्तिगत आंकड़ा संरक्षण अधिनियम, २०२३ इस दिशामें एक महत्वपूर्ण कानूनी ढांचा प्रदान करता है। हालांकि इस कानूनके सभी प्रावधान एक साथ लागू नहीं हुए हैं। इसलिए किसी विशेष घटनामें कौनसे दायित्व लागू होते हैं, इसका निर्धारण संबंधित प्रावधानोंकी प्रभावी तिथियों और लागू नियमोंके आधारपर किया जाना चाहिए। भविष्यमें प्रभावी व्यवस्थाके लिए यह जरूरी है कि सूचनाके दुरुपयोगसे प्रभावित व्यक्तियोंको शिकायत, सहायता और उचित समाधान प्राप्त करनेके स्पष्ट अवसर मिलें। अंततः भारतीय स्टेट बैंकसे संबंधित यह घटना डिजिटल अर्थव्यवस्थाके सामने उपस्थित एक बुनियादी प्रश्नको रेखांकित करती है। क्या तकनीकी सुविधाके साथ नागरिकोंकी निजता और आर्थिक सुरक्षा भी उसी गतिसे मजबूत हो रही है। इसका उत्तर केवल नये सुरक्षा उपकरणोंमें नहीं, बल्कि पारदर्शिता, नियमित निगरानी, जिम्मेदार प्रशासन और समयपर कारवाईमें छिपा है। बैंक, नियामक संस्थाएं और ग्राहक, तीनोंकी भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन व्यक्तिगत जानकारीकी सुरक्षा सुनिश्चित करनेकी प्राथमिक जिम्मेदारी उन संस्थानोंकी है, जिन्हें नागरिक अपना विश्वास सौंपते हैं। डिजिटल बैंकिंगका भविष्य तभी सुरक्षित और विश्वसनीय हो सकता है, जब सुविधाके साथ गोपनीयता, विकासके साथ जवाबदेही और तकनीकी प्रगतिके साथ मानवीय सुरक्षाको भी समान महत्व दिया जाय। ग्राहकोंका विश्वास किसी बैंककी सबसे बड़ी पूंजी है। उसकी रक्षा करना केवल तकनीकी आवश्यकता नहीं, बल्कि सार्वजनिक उत्तरदायित्व भी है।

संयुक्त राष्ट्र की अधूरी शांति प्रतिज्ञा

विश्वके ५० देशोंने वर्ष १९४५ में मिलकर संयुक्त राष्ट्र अधिकार-पत्रपर हस्ताक्षर कर संयुक्त राष्ट्रसंघका गठन किया था, जिसके बादसे प्रतिवर्ष २४ अक्तूबरको संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है।

❐ योगेश गोयल

द्वितीय विश्वयुद्धके दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाको अधिक समतापूर्ण और न्यायोचित बनानेके लिए एक नये संघटनकी स्थापनाका विचार उभरा था, जो पांच राष्ट्रमंडल सदस्यों तथा आठ यूरोपीय निर्वासित सरकारों द्वारा १२ जून १९४१ को लंदनमें हस्ताक्षरित अंतर-मैत्री उद्घोषणामें पहली बार सार्वजनिक रूपसे अभिव्यक्त हुआ था। उस उद्घोषणाके अंतर्गत एक स्वतंत्र विश्वके निर्माण हेतु कार्य करनेका आह्वान किया गया था, जिसमें लोग शांति और सुरक्षाके साथ भयमुक्त वातावरणमें रह सकें तथा निजीकरण एवं आर्थिक सहयोगके मार्गकी खोज कर सकें। उसके बाद १९४४ में सोवियत संघ, अमेरिका, चीन तथा ब्रिटेनके प्रतिनिधियों द्वारा वाशिंगटनके डम्बर्टन ओक्स एस्टेटमें कई बैठकोंके आयोजनके बाद एक शांतिरक्षक वैश्विक संस्था बनानेकी रूपरेखा तैयार की गयी, जिसके आधारपर ५० देशोंके प्रतिनिधियोंके बीच १९४५ में बातचीत हुई और २६ जून १९४५ को सभी ५० देशों द्वारा चार्टरपर हस्ताक्षर किये जानेके बाद यह चार्टर २४ अक्तूबर १९४५ से प्रभावी हो गया। तभीसे प्रतिवर्ष २४ अक्तूबरको संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाने लगा।

अंतरराष्ट्रीय संघर्षोंमें हस्तक्षेप करनेके उद्देश्यसे स्थापित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघको इतनी शक्तियां प्रदान की गयी कि वह अपने सदस्य देशोंकी सेनाओंको विश्व शांतिके लिए कहीं भी तैनात कर सकता है। संयुक्त राष्ट्रकी स्थापनाके बादसे ही दुनियाके अनेक देश इसके साथ जुड़ते गये और ५० सदस्योंके साथ शुरू हुए इस वैश्विक संघके सदस्य देशोंकी संख्या अब १९३ हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्रकी संरचनामें सुरक्षा परिषद वाले सबसे शक्तिशाली देश थे अमेरिका, फ्रांस, रूस तथा यूनाइटेड किंगडम, जिनकी द्वितीय विश्वयुद्धमें अहम भूमिका थी। संयुक्त राष्ट्रसंघके मुख्य उद्देश्योंमें युद्ध रोकना, मानवाधिकारोंकी रक्षा करना, सभी देशोंके बीच मित्रवत संबंध कायम करना, अंतरराष्ट्रीय कानूनोंको निभानेकी प्रक्रिया जुटाना, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, निर्धन तथा भूखे लोगोंकी सहायता करना, उनका जीवन स्तर सुधारना, बीमारियोंसे लड़ना इत्यादि शामिल हैं और इन उद्देश्योंको निभानेके लिए १९४८ में मानवाधिकारोंकी सार्वभौम घोषणा प्रमाणित की गयी। हालांकि विडम्बना है कि संयुक्त राष्ट्रकी स्थापनाके इन ८१ वर्षोंमें यह वैश्विक संस्था अब धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खोने लगी है। दरअसल बीते ८१ वर्षोंसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, हथियार, मीडिया, समाज, मुद्रा तथा समाजसे संबंधित तमाम नीतियां इसके पांच स्थायी सदस्य देशों ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, रूस तथा फ्रांसके राष्ट्रीय हितोंके अनुरूप ही निर्धारित की जाती रही हैं, जिस कारण ऐसी नीतियोंका खामियाजा भारतके अलावा जापान, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, इसरायल, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई अन्य देशोंको भुगतना पड़ा है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभाकी स्थायी सदस्यताके लिए तमाम मानदंडोंको पूरा करनेके बाद भी दशकोंसे सुरक्षा परिषदके स्थायी सदस्य बननेके लिए प्रयासरत हैं। संयुक्त राष्ट्रकी स्थापनाके आठ दशकोंमें विश्वके सामरिक और आर्थिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं लेकिन इतना लम्बा समय बीत जाने और तमाम वैश्विक समीकरण पूर्ण रूपसे बदल जानेके बावजूद वीटो अधिकार वाले पांचों स्थायी सदस्योंमेंसे कोई भी अपने वीटो अधिकार और स्थायी सीटको छोड़नेको तैयार नहीं है। हालांकि स्थायी सदस्योंकी संख्या बढ़ानेपर संयुक्त राष्ट्रमें आम सहमति है लेकिन चीनको खासकर एशियासे वीटो अधिकार वाले सदस्योंकी संख्या बढ़ाना किसी भी कीमतपर स्वीकार नहीं है, जहां स्थायी सदस्यताके दोनों दावेदारों (भारत और जापान) पर वह विभिन्न कारणोंसे संदेह करता है। भारतने जिस चीनको मान्यता देनेमें पहल की थी और सुरक्षा परिषदमें उसकी स्थायी सीटको सिद्धांतके तौरपर लेनेसे मना कर दिया था, आज वही चीन भारतकी स्थायी सदस्यताके मार्गमें रोड़े अटका रहा है। भारत चीनके वीटो पावरके कारण ही सुरक्षा परिषदका स्थायी सदस्य नहीं बन पा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र संघकी सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किये जाने वाले प्रस्ताव बाध्यकारी प्रकृतिके नहीं होते। आश्चर्यकी बात है कि महासभामें १९३ सदस्य देशों द्वारा पारित किये जाने वाले प्रस्ताव भी सुरक्षा परिषदके पांच स्थायी सदस्योंकी सहमतिपर ही निर्भर करते हैं। इसीलिए अनेक देशों द्वारा इसमें सुधार किये जानेकी मांग बीते कई वर्षोंसे निरन्तर की जा रही है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषदकी स्थायी सदस्यताके लिए भारतकी दावेदारीकी वकालत करते हुए कह चुके हैं कि नयी ताकतोंको केन्द्रीय भूमिकामें लाये बिना दुनियाकी यह सबसे बड़ी पंचायत स्वयंसे की जाने वाली अपेक्षाओंपर खरी नहीं उतर पायगी। दुनियाके कई देश बार-बार कहते रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्रका ढांचा अब पुराना पड़ चुका है और इसकी स्थापनाके समय जो परिस्थितियां थी, वे अब बहुत पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालान्तरमें यह महत्वहीन होती चली जायगी। रूस-यूक्रेन युद्ध हो या इसरायल-फिलस्तीन अथवा अमेरिका-ईरान युद्ध, इन संघर्षोंमें दोनों ही पक्षोंके हजारों बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, हजारों परिवार उजड़ चुके हैं, लाखोंकी आबादी पलायनकी त्रासदीसे जूझ रही है, शहरके शहर मलबेमें तब्दील हो रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ इन संघर्षोंको रोकनेके लिए कुछ नहीं कर सका है। इसीलिए दुनियामें जगह-जगह युद्ध टालनेके लिए संयुक्त राष्ट्रकी ओरसे ठोस योजनाओंपर अमल किये जानेकी जरूरत महसूस होती रही है, क्योंकि इस वैश्विक संस्थाका गठन ही दुनियामें अमन-चैन कायम रखनेके उद्देश्यके साथ किया गया था लेकिन चिन्ताकी बात है कि इन युद्धोंमें उसकी निष्क्रियता समूची मानव सभ्यतापर भारी पड़ रही है। भीषण होते इन युद्धोंके कारण दुनिया अब दो धड़ोंमें बंटती जा रही है और संयुक्त राष्ट्रके अधिकांश सदस्य देश भी अब केवल बयान जारी करनेसे आगे नहीं बढ़ रहे। फिलहाल यदि अब भी संयुक्त राष्ट्रके पुनर्गठनकी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है तो यह संस्था आने वाले समयमें अपना महत्व खो देगी। सही मायनोंमें दुनियाकी इस सबसे बड़ी पंचायतको अब गम्भीर आत्ममंथनकी जरूरतके साथ पर्याप्त सुधारोंकी सख्त दरकार है।

आत्मबोध

जीवनके पहलू

❐ जग्गी वासुदेव

जीवनके बहुतसे पहलू हैं। उसमें जन्म है, बचपन है, जवानी है और बुढ़ापा भी। उसमें प्रेम, कोमलता, मिठास और कड़वाहट भी है। सफलताकी खुशी है, कुछ पानेका संतोष है, दर्द भी है और आनन्द भी। यदि आपने अपने मनको बोधके एक ठीक स्तरपर रखा है तो ये सब बातें आपकी समझमें आ सकती हैं। परन्तु जीवनको समझाने वाला जो सबसे महत्वपूर्ण पहलू है मृत्यु, वह किसी भी मनकी पकड़के बाहर है चाहे आप अपने आपको कितना ही बुद्धिमान, होशियार या बड़ा बुद्धिजीवी मानते हों। क्योंकि हम मरणशील हैं, मरने वाले हैं, इसीलिए जीवन उस तरहसे चल रहा है जैसे वह चल रहा है। यदि हम मरने वाले नहीं होते तो न कोई बचपन होता, न जवानी और न बुढ़ापा। तब हम ये सवाल भी न उठा पाते कि जन्म क्या होता है। मृत्यु जीवनका आधार है। यदि आप मृत्युको नहीं समझते तो अभी जीवनको नहीं जान सकेंगे, न ही उसे संभाल पायंगे, क्योंकि जीवन और मृत्यु सांस लेने और छोड़नेकी तरह हैं। वे बिना अलग हुए साथ-साथ रहते हैं। आध्यात्मिक प्रक्रिया तभी शुरू होती है जब आप मृत्युका सामना करते हैं या तो खुदकी या फिर किसी ऐसे व्यक्तिकी जो आपको प्रिय है और जिसके बिना जीनेकी बात आप नहीं सोच सकते। जब मृत्यु आ रही हो या हो गयी हो, तब ही अधिकतर लोगोंके मनमें ये सवाल आता है, ये सब क्या है और इसके बाद क्या होगा। जबतक केवल जीवन ही सत्य लगता है तबतक आपको यह विश्वास नहीं होता कि ये बस ऐसे ही खत्म होने वाला है। जब मृत्यु पास आ जाती है, तभी मन ये सोचना शुरू करता है कि कुछ और भी है, जो इससे ज्यादा है। परन्तु मन चाहे कितना भी सोच ले, ये वास्तवमें जानता कुछ नहीं है क्योंकि मन सिर्फ उसी डेटाके आधारपर काम करता है जो वह पहलेसे इकट्ठा कर चुका है। मनका मृत्युके साथ कोई वास्ता नहीं पड़ा है तो वह मृत्युके बारेमें नहीं जानता, क्योंकि इसके पास उसके बारेमें कोई आधारभूत जानकारी नहीं है, सिर्फ कुछ गप्पबाजी है। आपने ऐसी गप्पें सुनी होंगी कि कैसे जब आप मर जायंगे तो आप जाकर भगवानकी गोदमें बैठेंगे। यदि ऐसा है तो आपको आज ही मर जाना चाहिए। यदि आपको ऐसा विशेष अधिकार मिलने वाला हो तो पता नहीं आप इसे टाल क्यों रहे हैं। आपने स्वर्ग और नरकके बारेमें भी गप्पें सुनी होंगी। देवदूतों और बाकी चीजोंके बारेमें भी गपशप सुनी हैं, परन्तु कोई पक्की जानकारी नहीं है। ये सोचनेमें समय बर्बाद मत कीजिए कि मृत्युके बाद क्या होता है, क्योंकि वह आपके मनकी सीमाके बाहरकी बात है। जाननेका एक ही तरीका है और वह प्रज्ञाकी मददसे है, जैसा हम इसे भारतीय भाषाओंमें कहते हैं यानी कि जागरूकता।

आर्थिक मोर्चे पर विकास के सकारात्मक संकेत

❐ डा. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

विपरीत वैश्विक परिस्थितियोंके बावजूद दुनियाभरकी रेटिंग संस्थाओंने भारतीय अर्थव्यवस्थाको गतिमान स्वीकार करते हुए वैश्विक औसतसे लगभग दो गुणी विकास दर रहनेकी संभावना जतायी है। यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि वैश्विक परिस्थितियोंमें कहीं और किसी तरहका सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। ईरान-अमेरिका युद्ध हो या रशिया-यूक्रेन युद्ध हो या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पके तानाशाही पूर्ण तुगलकी निर्णय हो या कच्चे तेलके भावोंमें बेतहासा वृद्धि और हार्मुजका संकट हालात समूचे विश्वमें विकटसे विकटतर बने हुए हैं। अब तो फ्रांसके हालात भी बिगड़ते जा रहे हैं तो उसका असर जहां योरोपमें दिखाई देगा वहीं भारतमें भी हालातको प्रभावित करनेके कतिपय प्रयास जारी है। अच्छी बात यह है कि देश-दुनियाके गम्भीर हालातोंके बावजूद आर्थिक क्षेत्रकी दुनियाकी लगभग सभी रेटिंग संस्थाओंने इंडियन इकोनोमीकी ग्रोथ रेटको लेकर आशासे भी अधिक विश्वास जताया है। रेटिंग संस्थाओंकी ही माने तो २०२६ की वैश्विक औसत आर्थिक विकास दर तीन दशमलव एक फीसदी रहनेकी संभावना व्यक्त की जा रही है वहीं दुनियाकी रेटिंग संस्थाओंने भारतके आर्थिक परिणामोंको देखते हुए जुलाईकी तुलनामें अक्तूबर आते आते ग्रोथको छह दशमलव नौसे लेकर सात दशमलव एक रहनेकी उम्मीद जतायी है। खास बात यह है कि विश्व रेटिंग संस्थाओंमेंसे किसी भी संस्थाने जुलाईकी रेटिंगकी तुलनामें नकारात्मक ग्रोथ नहीं दिखाकर ग्रोथ रेटमें इजाफा ही जाहिर किया है। दरअसल देशमें मांग और आपूर्तिसे लेकर निर्याततकमें लगातार विकास देखा जा रहा है। देशमें मांग और आपूर्तिकी बेहतर हालात है तो निर्यातमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। यह भी तब जब वैश्विक मांग कमजोर देखी जा रही है। भारतीय अर्थव्यवस्थाके लिए सबसे सकारात्मक बात यह है कि एमएसएमई सेक्टरमें लगातार अच्छा काम हो रहा है तो दूसरी और सर्विस सेक्टरमें तो एक तरहसे लगातार उछाल ही आ रहा है। कच्चे तेलके भावोंमें तो जैसे आग ही लग रही है और उपलब्धताको लेकर भी लाख झंझटके बावजूद हकोनोमीको बूस्टअप रखनेमें खास बाधा नहीं आ रही है। देशमें देशी-विदेशी निवेशमें लगातार वृद्धि हो रही है। महंगीके बावजूद बाजारमें मांग बरकरार है। बाजारमें मांगसे यह साफ है कि लोगोंकी क्रय शक्ति बनी हुई है। सर्विस सेक्टरमें टूरिज्म, बैंकिंग, आईटीए और इसी तरहके अन्य क्षेत्र उल्लेखनीय परिणाम दे रहे हैं। नवंबरमें दीपावलीके त्यौहारके चलते बाजार और अधिक गतिशील हो जायगा, क्योंकि दीपावलीपर बाजारमें तेजी आती ही आती है। जानकारोंकी माने तो नवंबर माहमें दीपावलीपर सात लाख करोड़का कारोबार अनुमानित किया जा रहा है। यह पिछली दीपावलीकी तुलनामें १५ प्रतिशतसे १८ प्रतिशततक अधिक रहनेकी संभावना है। इसी तरहसे सेवा क्षेत्रमें भी अच्छी ग्रोथ जारी रहनेका अनुमान है। इसके अलावा विपरीत हालातोंके बावजूद निर्यातमें लगातार वृद्धि जारी है। देशकी इकोनोमिक ग्रोथके कारण देशी-विदेशी निवेशके बेहतर हालात दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि चाहे आईएमएफ हो या मूडीज, ओईसीडी हो या वर्ल्ड बैंक, एशियन डब्लपमेंट बैंक हो या एसएण्डपी या फिच सभीने भारतकी इकोनोमीकी ग्रोथको लेकर सकारात्मक संकेत दिये हैं। भारतका आरबीआईका आंकलन तो पहलेसे ही सबके सामने हैं। एकमात्र फिच रेटिंग संस्था ऐसी है जिसने इंडियन इकोनोमीकी ग्रोथ रेट ६.९ प्रतिशत आंकी है जो कि हालांकि पूर्वकी फिचकी ही पूर्वकी रेटिंग ६.५ प्रतिशतसे ही अधिक है। मूडीज सहित कुछ रेटिंग संस्थाओंने जहां अब सात प्रतिशत विकास दर आंक रहे हैं तो वर्ल्ड बैंक, ओईसीडी आदि संस्थाओंको भरोसा है कि भारतकी आर्थिक विकास दर सात प्रतिशतसे अधिक यानी कि ७.१ प्रतिशत रहनेकी सम्भावना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पके नित नये निर्णयोंसे दुनियाकी अर्थव्यवस्थापर पड़ रहे असर, युद्ध और तनावके हालातोंमें सुधार नहीं होने, हार्मुज जैसी समस्याका समाधान नहीं होने, वैश्विक राजनीतिक अस्थिरताके दौरके बावजूद एक ही सधी हुई नीतिका ही परिणाम है कि देशकी अर्थव्यवस्था विकासकी गतिको न केवल बनाये हुए हैं अपितु उसकी विकासका ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके लिए समग्र और समन्वित प्रयासोंको श्रेय जाता है। जहां घरेलू मांगमें कमी नहीं आयी है वहीं निवेशका बेहतर माहौल बना हुआ है। एमएसएमईको उत्पादन लिंक प्रोत्साहन योजनाका लाभ सीधे इकोनोमीका मिल रहा है वहीं रणनीतिक क्षेत्रों सेमी कण्डक्टर, डिफेंस, इलेक्ट्रोनिक्स, आईटी आदि क्षेत्रोंमें योजनाबद्ध तरीकेसे आगे बढ़ा जा रहा है। यही कारण है कि आज इंडियन इकोनोमी और उसकी ग्रोथपर वैश्विक रेटिंग संस्थाएं अपना विश्वास व्यक्त कर रही है।

मथुरा में एमएलसी चुनाव संपन्न:शिक्षक वर्ग में ५३.७२ और स्नातक में ४२.४० प्रतिशत मतदान



मथुरा। आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनाव के तहत शुक्रवार को मथुरा जनपद में सुबह ८ बजे से शाम ४ बजे तक मतदान हुआ। जिले में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने लगातार भ्रमण कर मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनपद में शिक्षक और स्नातक वर्ग के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्त होने के बाद जारी आंकड़ों के अनुसार शिक्षक वर्ग में कुल ५३.७२ प्रतिशत और स्नातक वर्ग में ४२.४० प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। दोनों वर्गों में मतदान को लेकर प्रशासन ने निर्धारित व्यवस्थाओं के तहत प्रक्रिया पूरी कराई। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार लगातार सक्रिय रहे। दोनों अधिकारियों ने जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था और मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण किया। मतदान स्थलों पर व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई और संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। अधिकारियों ने मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए निगरानी बनाए रखी। मतदान कर्मियों ने निर्धारित समय के अनुसार प्रक्रिया पूरी कराई। सुबह मतदान शुरू होने के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए थे। दिनभर चले मतदान के बाद शाम ४ बजे प्रक्रिया समाप्त हो गई। इसके साथ ही चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया। मथुरा में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने के बाद अब सभी की निगाहें चुनाव परिणाम पर टिकी हैं। शिक्षक वर्ग में ५३.७२ प्रतिशत और स्नातक वर्ग में ४२.४० प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताएं न्याय पंचायत पर शुरू

न्याय पंचायत के विजेता छात्र करेंगे ब्लॉक स्तर पर प्रतिभाग

ब्लॉक स्तर के बाद जिला स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता होगी संपन्न



मथुरा। विकास खण्ड राया के न्याय पंचायत लोहवन के प्राथमिक विद्यालय प्रथम में न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में न्यायपंचायत के १७ विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माँ माल्यार्पण से किया गया। सरस्वती मां का पूजन श्री गोवर्धन दास गुप्ता जिला मीडिया प्रमुख राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बांकेलाल वरिष्ठ प्रधानाध्यापक , ने किया।अनिल वर्मा , तीरथ मोहन चूड़ामणि,प्रमोद कुमार वर्मा ,अरुण, गोपाल सारस्वत, देवेंद्र शर्मा,प्राची अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल,नेहा शर्मा ,बीना यादव, रश्मि शर्मा, रेनू बाला गुप्ता, रंजना वर्मा ,राखी अग्रवाल, आदि शिक्षको द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एआरपी संजय सिंह तथा एआरपी अनुपम शीतल भी उपस्थित रहे। कबड्डी प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर में प्राथमिक विद्यालय लोहवन प्रथम की टीम विजेता रही। उच्च प्राथमिक स्तर पर कबड्डी मैं उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहवन टीम विजयी हुई ।लंबी कूद में प्राथमिक स्तर पर बालको में प्राथमिक विद्यालय तैयापुर से हर्ष प्राथमिक विद्यालय लोहवन प्रथम से मयंक प्राथमिक विद्यालय नगला चमारन से कृष्णा तृतीय रहे।बालिकाओं में आभा उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहवन से प्रथम,ललित किशोरी तारापुर से द्वितीय, नीलम सिहोरा से तृतीय रही,। लंबी कूद में उच्च प्राथमिक स्तर पर रायपुर मई से निखिल प्रथम,ईसापुर से चंदन द्वितीय, लोहवन से अरहान तृतीय रहे, दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर बालको में हर्ष नगला तेजा से ,टीटू सिहोरा प्रथम से,प्रवीन गौसना से कमशः प्रथम द्वितीय तृतीय रहे, प्राथमिक स्तर बालिका में ललित किशोरी तारापुर, आरुषि लोहवन प्रथम से,दुर्गेश गौसना से क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय रहे। उच्च प्राथमिक स्तर दौड़ में बालक में चन्दन ईसापुर, अंकित रायपुर, दीपेश लोहवन, प्रथम द्वितीय, तृतीय रहे, बालि. का वर्ग उच्च प्राथमिक में सुमन रायपुर, चांदनी रायपुर, किंजल लोहवन क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय रहे। कुश्ती प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक स्तर पर अंकित रायपुर निखिल रायपुर, साबिर लोहवन प्रथम द्वितीय तृतीय रहे। इसी प्रकार अन्य प्रतियोगिताएं भी संपन्न कराई गई तथा सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर उनका उत्साह वर्धन किया गया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

त्यागी बाबा के जयकारो से गूंज उठा ग्राम बाटी, उमड़ा संतों का सैलाब

विशाल कलश यात्रा के साथ हनुमंत महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का शुभारंभ

त्यागी बाबा श्याम दास महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित हो रहा सप्त दिवसीय महामहोत्सव, कई राज्यों के संत और राजनीतिक हस्तियां होंगी शामिल



वृंदावन । जैत क्षेत्र के गांव बाटी स्थित त्यागी बाबा आश्रम एवं सीताराम मंदिर में शुक्रवार को सप्त दिवसीय हनुमंत महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर पूरे गांव में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। विशाल शोभायात्रा में गांव की महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। धार्मिक उल्लास के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में संत-महात्माओं की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। आयोजकों के अनुसार, आगामी सात दिनों तक गांव बाटी में धार्मिक अनुष्ठानों, हनुमंत महायज्ञ और संत सम्मेलन के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म एवं अध्यात्म से जुड़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महामंडलेश्वर सरजू दास महाराज ने बताया कि गांव बाटी में सप्त दिवसीय हनुमंत महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म की परंपराओं को आगे बढ़ाना तथा समाज में धार्मिक चेतना और आध्यात्मिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि आयोजन के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को संतों का सानिध्य प्राप्त होगा। वहीं, गुरु महाराज महामंडलेश्वर रामदास त्यागी महाराज ने बताया कि त्यागी बाबा के पूज्य श्याम दास महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर प्रथम पुण्यतिथि महामहोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महंत गंगा दास महाराज ने बताया कि इस महामहोत्सव में कई राज्यों के प्रसिद्ध संत-महात्माओं के साथ अनेक राजनीतिक हस्तियां भी सम्मिलित होंगी। उनके आगमन से आयोजन की भव्यता और बढ़ेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया। भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुए इस सात दिवसीय धार्मिक महामहोत्सव को लेकर गांव बाटी सहित आसपास के क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। श्रद्धालुओं को आगामी दिनों में होने वाले धार्मिक आयोजनों का बेसब्री से इंतजार है। इस मौके पर दिगम्बर अखाड़ा के अध्यक्ष वैष्णव दास महाराज, महामंडलेश्वर रामेश्वर दास, महामंडलेश्वर दीनबंधु बंधु दास, महामंडलेश्वर श्याम दास महाराज, महंत मोहिनी बिहारी शरण, महंत लखन दास, प्रकाश सिंह पत्रकार, मोहित पहलवान सहित अनेकों बाटी ग्रामवासी मौजूद रहे।

जन्मस्थान पर हुआ शान्ति पाठ, २१ दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का हुआ समापन



मथुरा। श्री रामलीला सभा, मथुरा के तत्वावधान में श्री कृष्ण जन्मस्थान लीला मंच पर २१ दिवसीय रामलीला महोत्सव का समापन शान्ति पाठ के साथ हुआ । २१ दिन पूर्व गणेश व मुकुट पूजन के दिन पं० गोविन्द गोस्वामी व प्रणव गोस्वामी के आचार्यत्व एवं अनिल स्वामी के निर्देशन में जिन देवताओं का आव्हान किया गया था । शान्ति पाठ के दिन उन सभी का विसर्जन व हवन आदि क्रियायें सम्पन्न करा कर राम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुधन, हनुमान के स्वरूपों एवं सभी पात्रों के वर्ण खोले गये । प्रसाद सेवा सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल द्वारा की गयी। इस अवसर गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, उपसभापति नन्दकिशोर अग्रवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, महामंत्री मूलचन्द गर्ग, उपमहामंत्री, प्रदीप सर्राफ पी.के., विजय सर्राफ किरोड़ी, कोषाध्यक्ष शैलेश सर्राफ, आय-व्यय निरीक्षक अजय मास्टर, पं० शशांक पाठक, सुरेन्द्र शर्मा खौना, संजय बिजली , हेमंत अग्रवाल, पं. अमित भारद्वाज, रामगोपाल शर्मा, विष्णु शर्मा , किस्सो शर्मा सहित सभा के सदस्य एवं सहयोगी आदि उपस्थित थे।

चौमुहां में एमएलसी चुनाव का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, पुरानी पेंशन और शिक्षक हितों के मुद्दे पर गिरे वोट

चौमुहां। उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) के खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए विकास खंड चौमुहां में मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो गई। शुक्रवार सुबह ८:०० बजे से ही कड़े सुरक्षा घेरे में मतदान शुरू हुआ, जो शाम ४:०० बजे तक बिना किसी व्यवधान के लगातार चलता रहा। लोकतंत्र के इस उत्सव में हिस्सा लेने के लिए मतदाताओं में, विशेषकर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में, गजब का उत्साह और जोश देखने को मिला। क्षेत्रीय प्रशासन और चुनाव आयोग के निर्देशों के पालन में विकास खंड कार्यालय परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। मतदाताओं की सहूलियत और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्नातक और शिक्षक वर्ग के मतदाताओं के लिए पूरी तरह अलग-अलग मतदान केंद्र (बूथ) स्थापित किए गए थे। पोलिंग स्टेशनों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे, जहां भारी मात्रा में पुलिस बल और सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी समय-समय पर बूथों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने के बाद जागरूक मतदाताओं ने खुलकर अपनी राय रखी। प्रख्यात शिक्षक डॉ. गिर्राज सिंह ने मतदान केंद्र से बाहर आने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि यह चुनाव सीधे तौर पर शिक्षकों के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस बार केवल उसी प्रत्याशी के पक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग किया है जो धरातल पर शिक्षक हितों की रक्षा करने का माद्दा रखता हो और जो लंबे समय से चली आ रही श्पुरानी पेंशन योजनाश को दोबारा शुरू कराने के लिए प्रतिबद्ध हो। मतदान के दौरान राजनैतिक दलों के दिग्गजों और समर्थकों का जमावड़ा भी ब्लॉक कार्यालय के बाहर देखने को मिला। इसी क्रम में मतदान केंद्र का दौरा करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित शोभाराम शर्मा ने चुनावी माहौल को पूरी तरह भाजपा के पक्ष में बताया। पंडित शोभाराम शर्मा ने मीडिया के समक्ष पुरजोर दावा किया कि आगरा खंड की दोनों सीटों (स्नातक और शिक्षक) पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बेहद भारी मतों के अंतर से एकतरफा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रहे हैं। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विकास खंड चौमुहां के अंतर्गत इस चुनाव में कुल मिलाकर कुल ५४४ पंजीकृत शिक्षक मतदाताओं में से ३०० ने अपने मत का प्रयोग किया। वही १३९ पंजीकृत स्नातक मतदाताओं में से ८३ मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। शाम ४:०० बजे जैसे ही मतदान का समय समाप्त हुआ, पोलिंग पार्टियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच मतपेटियों को सील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

स्वर्णकार समाज ने धूमधाम के साथ मनाई महाराजा अंबरीश जयंती

एकजुटता के बिना समाज का विकास संभव नहीं -सुजीत

बलदेव (मथुरा)। स्वर्णकार समाज संगठन बलदेव के तत्वाधान में स्वर्णकार कुल शिरोमणि महाराजा अंबरीश जी जयंती महोत्सव बलदेव स्थित कृष्णा पेइंग गेस्ट हाउस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वर्णकार समाज के बंधुओं ने महाराजा अंबरीश के चित्र पर फूल माला पहनाकर, आरती उतारी। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य आचार्य मनीष गर्गाचार्य के द्वारा हवन पूजा कराई गई। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में आचार्य मनीष गर्गाचार्य ने विचार व्यक्त करते हुए महारा. जा अंबरीष जी की कथा को सुनाया। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्वर्णकार जनजागृति एसोसिएशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने महाराजा अंबरीश की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए समाज का हर एक अंग मजबूत होना चाहिए।एकजुटता के बिना समाज का विकास संभव नहीं है।हमें अपने समाज पर गर्व करना चाहिए। हमें अपनी शक्ति को पहचानना चाहिए। वर्तमान में स्वर्णकार समाज के बच्चे चिकित्सक, इंजीनियर, बैंकिंग के साथ-साथ शासन प्रशासन स्तर पर समाज को गौरवांवित कर रहे हैं। हमें एक दूसरे को पैर पकड़ कर पीछे नहीं बल्कि हाथ पकड़ कर आगे खींचने की पहल करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक दिलीप सोनी अवेरनी वालों ने व संचालन हरिओम वर्मा दादा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष मुकेश सोनी पटलोनी वालों ने किया। इस अवसर पर रामप्रकाश वर्मा, अजीत वर्मा, सोनल वर्मा, रिंकू सोनी, हरिओम वर्मा दादा, दीपक सोनी,सुनील सोनी,प्रबल प्रताप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

दिनेश फलाहारी ने लगाए आरोप, ब्रजभूमि में कथित अवैध कब्जों की जांच की मांग

प्रेमानंद महाराज के कुछ चेलों पर साजिश रचने और रुपये देकर विरोध में बैठकें कराने का आरोप, मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की बात कही

वृंदावन। दिनेश फलाहारी ने प्रेमानंद महाराज के कुछ चेलों पर उन्हें ब्रजभूमि से बाहर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि कुछ लोगों को रुपये देकर उनके खिलाफ बैठकें कराई जा रही हैं। हालांकि, इन आरा. पों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। दिनेश फलाहारी ने आरोप लगाया कि दो बाबा और एक ब्रजवासी सहित कुछ लोग उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं। उन्होंने यमुना खादर क्षेत्र में कथित कब्जों, नजूल की भूमि की बिक्री और नगर निगम की जमीन पर आश्रम बनाए जाने का मुद्दा भी उठाया। दिनेश फलाहारी ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि यमुना खादर और नगर निगम सहित अन्य सरकारी जमीनों पर कथित अवैध कब्जों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में अवैध कब्जे पाए जाते हैं, तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाया जाना चाहिए। उन्होंने साधु वेश में रह रहे लोगों की गति. विधियों की जांच कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की बात भी कही है। फिलहाल, दिनेश फलाहारी की ओर से लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मामले में संबंधित पक्षों की प्रतिक्रिया सामने आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मिशन शक्ति टीम ने काउंसलिंग कर टूटने से बचाया परिवार

पति-पत्नी के बीच आपसी मतभेद दूर कर कराया समझौता

वृंदावन। पारिवारिक कलह और आपसी मतभेदों के चलते टूटने की कगार पर पहुंचे एक परिवार को वृंदावन थाना पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने काउंसलिंग के जरिए फिर से जोड़ने का प्रयास किया। पुलिस की समझाइश के बाद पति-पत्नी आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने के लिए राजी हो गए। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार, पति से विवाद होने पर महिला ने महिला हेल्पलाइन १०९० पर शिकायत की थी। साथ ही थाना वृंदावन में भी अपने पति के विरुद्ध प्रार्थना-पत्र दिया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति टीम ने पति-पत्नी को मिशन शक्ति केंद्र पर बुलाकर काउंसलिंग की और उन्हें आपसी समझ, संवाद तथा पारिवारिक जिम्मेदारियों का महत्व समझाया। पुलिस की काउंसलिंग के बाद दोनों ने साथ रहने पर सहमति जताई। मिशन शक्ति टीम की इस पहल से परिवार में सुलह का रास्ता निकला। परिजनों ने पुलिस की संवेदनशील कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार के निर्देशन में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-६.० अभियान के तहत की गई है।

केलीकुंज आश्रम पहुंचे संत प्रेमानंदः दर्शन के लिए उमड़ा हुजूम,

मथुरा। वृंदावन में संत प्रेमानंद पदयात्रा कर १४ दिन बाद श्रीहित राधा केलीकुंज पहुंचे। इस दौरान संत के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। रास्ते में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर संत का स्वागत किया गया। संत प्रेमानंद महाराज मांट क्षेत्र स्थित यमुना विहार आश्रम से अपनी पदयात्रा पूरी कर वृंदावन स्थित श्रीहित राधा केलीकुंज आश्रम आए हैं। उनके पुनः आश्रम आने और पदयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। संत के आगमन की सूचना मिलते ही परिक्रमा मार्ग पर भक्तों का तांता लग गया और पूरा क्षेत्र श्राधे-राधेश के जयकारों से गूंज उठा। संत प्रेमानंद महाराज के १४ दिन बाद पुनः आश्रम आने और इस विशेष पदयात्रा के दौरान सुदूर क्षेत्रों से पहुंचे भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाराज के सानिध्य और उनके दिव्य दर्शन पाकर श्रद्धालु धन्य हो गए।

शरदोत्सव में होगा प्रभुचरणों से चन्द्रकिरणों का मिलन

रासेश्वर स्वरुप में दर्शन देंगे भगवान श्रीबाँकेबिहारीजी महाराज

श्रद्धापूर्वक मनेगा स्वामीहरिदासजी का ४१९ वाँ निकुंज प्रवेशोत्सव

बिहारीजी मंदिर में शुरुआत के बाद सप्ताह भर तक चलेंगे शरदपर्व के आयोजन



वृन्दावन। विश्वविख्यात श्रीबाँकेबिहारी मंदिर में २५ अक्टूबर रविवार को आयोजित शरदोत्सव में रात्रिकालीन दर्शनों के दौरान एक खास वक्त ऐसा आएगा जब प्रभुचरणों से चन्द्रकिरणों के मिलन का अद्भुत नजारा समक्ष होगा। इस अवसर पर जन जन के आराध्य भगवान श्रीबाँकेबिहारीजी महाराज मोर मुकुट कटि काछिनी कर मुरली उर माल के दिव्य श्रंगार से सजधज कर रासेश्वर श्रीकृष्ण स्वरुप में अलौकिक दर्शन प्रदान करते हुए असंख्य भक्तजनों को कृतार्थ करेंगे। आज शुक्रवार को प्राचीन श्रीहरिदासपीठ मंदिर में उक्त जानकारी प्रदान करते हुए श्रीहरिदास पीठाधीश्वर इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी महाराज ने पर्व के संदर्भ में व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शरदोत्सवीय बेला में परम्परागत रुपेण आयोजित होने वाले संगीतशिरोमणि स्वामीहरिदास महाराज के सशरीर निकुंज प्रवेशोत्सव के ४१९ वें आयोजन को पूर्व की भाँति अत्यंत श्रद्धापूर्वक मनाया जायेगा। जिसके अंतर्गत श्रीबाँकेबिहारी मंदिर, श्रीहरिदासपीठ मंदिर सहित श्रीस्वामीहरिदास से संबंधित अनेक मठ, मंदिर व आश्रम आदि में विभिन्न प्रकार के धर्मिक - सांस्कृतिक समारोहों का आयोजन किया जायेगा। श्रीहरिदासीय पीठाधीश्वर महाराज ने बताया कि भगवान श्रीबाँकेबिहारीजी महाराज के प्रादुर्भावक रसिकेश्वर श्रीस्वामीहरिदासजी ने वर्ष १६०७ ई. में पांच अक्टूबर को शरदपूर्णिमा के दिन तत्कालीन रसिक संत समाज की उपस्थिति में निधिवनराज की सघन लता पताओं के मध्य अलोप होकर सशरीर निकुंज प्रवेश किया था। तभी से प्रत्येक वर्ष शरदपर्व पर स्वामीहरिदासजी का निकुंज प्रवेशोत्सव मनाया जाता है। इस बार हरिदासमहाराज का ४१९ वाँ निकुंज प्रवेशोत्सव मनाया जायेगा। इस मौके पर सेवाभावी संस्था श्रीहरिदासबिहारी फाउंडेशन भारत ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीहरिदासपीठ मंदिर में भावाँजलि गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इतिहासकार के अनुसार शरदमहोत्सव के दिन ब्रज वसुन्धरा के प्रायः समस्त धार्मिक आस्था केन्द्रों में आयोजित होने वाले उत्सवों में आराध्य देवों का अनुपम स्वेतश्रृंगार, भव्यदर्शन, रासल. ीलाएं, भण्डारे, सरस संगोष्ठियां आदि के कार्यक्रम होगें। जगप्रसिद्ध श्रीबाँकेबिहारी मंदिर में विशेष प्रेरणाप्रद महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें मंदिर जगमोहन में विशालसुंदर रजतसिंहासन पर विराजित श्रीबाँकेबिहारीजी महाराज ब्रजरत्न मुकुट, मोर पंख, वंशी, कटिकाछिनी संग स्वेत पोशाकाभूषण धारण कर उपासकों को अनुपम दर्शन सुख प्रदत्त करेगें। आचार्यगोस्वामी के मुताबिक परम्परानुसार इस मध्य जब तक शशांक की शीतल कांतियुक्त किरणें प्रभुचरणों का स्पर्श व दर्शन नहीं कर लेंगी, तब तक शयनभोग नहीं धराया जाएगा। इसलिये बारम्बार मंदिर की विद्युत आपूर्ति बन्द करके प्रभुदर्शनों का प्रयास किया जाएगा। रात्रि में करीब ९ से १० बजे के बीच जब चन्द्रकिरण एवं प्रभुचरण का मिलन हो जाएगा, तभी शयनभोग धराने के बाद शयनआरती होगी। इतिहासकार ने बताया कि शयनआरती होने के पश्चात् शरदोत्सव भाव प्रतिपादक विशेषता दर्शाते हुए श्रृंगार के विशेष दर्शन होंगे। जिसमें ठाकुरजी का मुकुट श्रीजी के गद्दी स्थल पर तथा श्रीजी की चन्द्रिका श्रीबिहारीजी के गद्दी स्थान पर रखकर विशेष दर्शन कराये जाते हैं। ये अधिकार सिर्फ हरिदासीय रस के उपासकों को ही प्राप्त है। पर्व पर भगवान को धराए गए खीर तथा चन्द्रकला के विशेषभोग का वितरण भक्तों को किया जाएगा। इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी बताते हैं कि ब्रजवृन्दावन के हरित्रयी सम्प्रदायानुवर्ती मंदिरों में महारास उद्घाटक पर्व अर्थात शरद महोत्सव का आयोजन क्रमशः किया जाता है। जिसके चलते बिहारीजी मंदिर में चतुर्दशी तिथि को उत्सव की शुरुआत होने के बाद धामक्षेत्र में पंचमी तिथि तक अर्थात पूरे सप्ताह भर शरदोत्सव के उपलक्ष्य में विविध रसीले समारोह सम्पन्न होते हैं। यह आयोजनीय विलक्षणता हरित्रयी आचार्य नाम से सुविख्यात रसिकसंत श्रीस्वामीहरिदास, श्रीहितहरिवंश एवं श्रीहरिरामव्यास द्वारा अब से तकरीबन ४८० वर्ष पूर्व आपसी स्नेह को प्रमाणित करते हुए लिए गए दिव्य संकल्प की वजह से अस्तित्वरत है। इस संकल्प के फलस्वरुप ब्रजधाम आने वाले रसिक भक्त यहाँ विराजित सभी आराध्यदेवों के क्रमशः होने वाले शरद उत्सव दर्शन का सुख उठाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार पहले दिन २५ अक्तूबर चौदस को श्रीबाँकेबिहारीजी, २६ अक्टूबर पूर्णिमा को श्रीराधावल्लभजी, २७ अक्टूबर पड़वा को श्रीयुगलकिशोरजी तथा २८ अक्तूबर द्वितीया को पुनः श्रीराधावल्लभजी के मंदिर में शरदोत्सव के आयोजन होंगे। इनके उपरांत ३० अक्टूबर कार्तिक कृष्णा पंचमी तक अन्य मंदिर-मठ-आश्रमों में समारोह मनाए जाएंगे।

डीएम, एसपी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हाथरस। उत्तर प्रदेश विधान परिषद निर्वाचन-2026 के अंतर्गत शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया के दृष्टिगत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हाथरस सत्यप्रकाश पटेल एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं, मतदान प्रक्रिया की प्रगति एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा विकास खंड मुरसान, पीबीएस इंटर कालेज हाथरस, विकास खंड हसायन, गौरीशंकर हिंदू इंटर कालेज सिकंदराराऊ केएलजैन इंटर कालेज सासनी, विकास खंड सादाबाद तथा ब्लाक सहपऊ स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा भारत निर्वाचन आयोग/निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखते हुए मतदान समाप्ति तक सतर्कता बरती जाए तथा निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए डयूटी पर तैनात पुलिस बल को चैक किया गया तथा संबंधित पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ डयूटी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, मतदान केंद्रों पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, निर्वाचन प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करने वाले किसी भी प्रयास के प्रति सजग रहने तथा अपने निर्धारित दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये आज चलेगा विशेष अभियान

हाथरस। अपर जिलाधिकारी वि/रा.उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशान्त तिवारी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद की समस्त 3 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 78-हाथरस (अज़ा), 79-सादाबाद एवं 80-सिकन्दराराऊके विधानसभा निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए एवं प्रथम बार युवा निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किये जाने के संबंध में सम्प्रति चल रहे विशेष अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत 'कोई मतदाता न छूटे उद्देश्य को साकार करने के लिए पात्र नागरिकों को शत प्रतिशत मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु जनपद में 24 अक्टूबर 2026 शनिवार को विशेष कैम्प आयोजित किया गया है। उक्त विशेष कैम्प 24 अक्टूबर 2026 को जनपद के प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे। समस्त बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में फार्म-6 तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अन्तिम निर्वाचक नामावली एवं उसके पश्चात की समस्त पूरक सूचियों की उपलब्धता रहेगी। विशेष कैम्प दिवस को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक हेल्प डेस्क बनायी जायेगी जो मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता करेगी। समस्त सभासद, ग्राम प्रधान, वालेन्टियर का उक्त के संबंध में यथासंभव नियमानुकूल सहयोग प्राप्त करना अपेक्षित है।

सड़कों के निर्माण, मरम्मत एवं गड्ढामुक्त कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध पूरा कराएं अधिकारी : डीएम

- **लंबित टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कराने के दिए निर्देश**
- **सड़कों की गुणवत्ता जांचने के लिए कमेटी गठित करने को कहा**



हाथरस। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पंचायत, मंडी परिषद एवं नगर निकायों सहित विभिन्न विभागों के अधीन सड़कों के निर्माण, नवीनीकरण, मरम्मत, गढढा मुक्ति तथा रखरखाव कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधीन संचालित सड़क निर्माण, नवीनीकरण, मरम्मत एवं गढढा मुक्ति कार्यों की विभागवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की प्रगति धीमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार न होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही, इस संबंध में शासन को भी पत्राचार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कमेटी गठित कर जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जांच के माध्यम से निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि जनसामान्य को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने उन विभागों को, जिनके यहां सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया लंबित है, निर्देशित किया कि टेंडर प्रक्रिया समय से पूर्ण कराते हुए कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में कुल सड़कों की संख्या, उनकी स्थिति तथा संबंधित विभागों के अधीन सड़कों का विस्तृत विवरण फोटोग्राफ सहित तैयार कर उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त, लावारिस एवं ऐसे मार्गों की सूची भी तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिनके रखरखाव की जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एएसपी ने विशेष जांच प्रकोष्ठ इकाई का किया निरीक्षण



हाथरस। अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित विशेष जांच प्रकोष्ठ एवं विशेष किशोर इकाई का अर्धवार्षिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस रामानंद कुशवाह द्वारा पुलिस कार्यालय हाथरस स्थित विशेष जांच प्रकोष्ठ एवं विशेष किशोर इकाई का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों इकाइयों की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखरखाव, प्रकरणों की नियमानुसार समीक्षा तथा लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, सजगता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें तथा विभागीय कार्यों में निर्धारित मानकों एवं प्रचलित नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही, कार्यों में अनावश्यक विलंब न होने देने एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा निर्गत निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को वंदना सत्र में किया गया सम्मानित



हाथरस। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, लेबर कालोनी, हाथरस में शुक्रवार की प्रातः वंदना सत्र के दौरान 19वें मंडलीय युवा समारोह 2026 की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। मंडलीय प्रतियोगिता में 'धनंजय' ने अंडर-14 बालक वर्ग की चक्का फेंक स्पर्धा में प्रथम तथा 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 'दिव्या अग्निहोत्री' ने अंडर-19 बालिका वर्ग की 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम तथा लंबी कूद एवं त्रिकूद में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं 'नेहा वर्मा' ने गोला फेंक में तृतीय तथा 'गौरी' ने अंडर-17 बालिका वर्ग की 3000 मीटर पैदल चाल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इन उपलब्धियों के साथ धनंजय एवं दिव्या अग्निहोत्री का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन भी हुआ है, जो विद्यालय के लिए विशेष गर्व का विषय है।

खिलाड़ियों की इस सफलता में हरीश सागर का कुशल मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण सराहनीय रहा। विद्यालय के प्रबंधक मनोज अग्निहोत्री एवं प्रधानाचार्य लोकेन्द्र नाथ शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं प्रोत्साहन से विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सतीश कुमार सारस्वत, शैक्षणिक निदेशक अनुपम भारद्वाज, कोआर्डिनेटर अलका शर्मा, जीव विज्ञान की एचओडी बवीता सिंह आजाद, खेल शिक्षक नितिन शर्मा, मनोज कुमार कौशिक, कमलकांत एवं अन्य सभी शिक्षकों ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को विशेष शुभकामनाएँ दीं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

नगला भुस-मीतई तिराहे से पुराने एनएच-530बी तक बनेगा 82 किलोमीटर लंबा प्रस्तावित बाईपास

1451351 लाख की अनुमानित लागत से प्रस्तावित है बाईपास मार्ग, दर्जनों गांवों को मिलेगा लाभ



हाथरस। हाथरस में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में नगला भुस-मीतई तिराहे से पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग-530बी तक प्रस्तावित बाईपास मार्ग का निर्माण महत्वपूर्ण साबित होगा। इस बाईपास के निर्माण से जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध होने के साथ ही प्रमुख मार्गों तक आवागमन अधिक सुविधाजनक होने की उम्मीद है। प्रस्तावित बाईपास की लंबाई 8200 किलोमीटर तथा चौड़ाई 7 मीटर निर्धारित की गई है। इसकी अनुमानित लागत 14,51351 लाख रुपये है। प्रस्तावित बाईपास मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्व में तैयार कार्ययोजना शासन को प्रेषित किए जाने के उपरांत जो आपत्तियां सामने आई हैं, उनका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद संशोधित प्रस्ताव आवश्यक अभिलेखों सहित पुनः शासन को प्रेषित किया जाए, ताकि बाईपास निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सरल बनाना प्राथमिकता है। प्रस्तावित बाईपास का निर्माण होने से ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क बेहतर होगा तथा लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करते हुए प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग ने अवगत कराया कि नगला भुस-मीतई तिराहे से पुराने एनएच-530बी तक बाईपास निर्माण के लिए प्रस्तावित बाईपास मार्ग की लंबाई 8200 किलोमीटर तथा चौड़ाई 7 मीटर है। इसके निर्माण पर लगभग 1451351 लाख रुपये की लागत अनुमानित है। प्रस्तावित बाईपास से जुड़ने वाले मार्गों के सर्वेक्षण के आधार पर आवश्यक यातायात संबंधी आंकड़ों एवं तकनीकी मानकों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन तैयार किया गया है। प्रस्तावित बाईपास के निर्माण से जनपद हाथरस के पापरी, कटैलिया, पैकवाड़ा, कुम्हरई, गढ़ी जैनी, टिपरस, गढ़ी गिरधरा, बौजिया, सोखना, रूहेरी, मीतई, कलवारी, तरफरा, ढकपुरा, दादनपुर सहित अन्य गांवों को लाभ मिलने की उम्मीद है। बाईपास के माध्यम से इन क्षेत्रों के लोगों को प्रमुख मार्गों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय सड़क संपर्क को मजबूती मिलेगी। प्रस्तावित बाईपास से एनएच-530बी एवं एनएच-509 सहित विभिन्न प्रमुख मार्ग जुड़ेंगे। इसके अतिरिक्त वाहनपुर-कंचना फाटक से मथुरा सीमा तक पुराने एनएच-530बी के आंतरिक भाग, हाथरस-जलेसर मार्ग, एनएच-93 से कलवारी होते हुए हाथरस-जलेसर मार्ग तथा चंद्रगढ़ी-पापरी-गढ़ी जैनी मार्ग को भी इससे संपर्क सुविधा मिलने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित बाईपास मार्ग जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों को प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य महत्वपूर्ण सड़कों से जोड़ने में सहायक होगा। इससे क्षेत्रीय आवागमन को अधिक सुविधाजनक बनाने, सड़क संपर्क मजबूत करने तथा जनपद की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्ताव से संबंधित कमियों का शीघ्र निस्तारण कर शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे बाईपास निर्माण की

रोडवेज बस स्टैंड पर जाम का कहर, ट्रांसपोर्टरों की मनमानी से जनता बेहाल, रॉन्ग साइड ट्रक खड़ा करने से एक किलोमीटर लंबा जाम, एंबुलेंस भी फंसी



हाथरस। रोडवेज बस स्टैंड के आसपास जाम की समस्या अब आम जनता के लिए मुसीबत बनती जा रही है। सुबह से शाम तक रोडवेज बसों के कारण लगने वाला जाम लोगों का रास्ता रोक रहा है, तो वहीं नजदीकी ट्रांसपोर्ट कंपनियों के बाहर सड़क किनारे खड़े ट्रक इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि सड़क पर जाम लगने और जनता के परेशान होने के बावजूद जिम्मेदारों की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे की है, जहां एक ट्रक चालक ने रान्ग साइड से ट्रक लाकर रोडवेज बस के सामने खड़ा कर दिया। लोगों ने चालक से ट्रक हटाने और रास्ता देने की अपील की, लेकिन चालक अपनी जिद पर अड़ा रहा। नतीजा यह हुआ कि देखते ही देखते सड़क पर करीब एक किलोमीटर लंबा भीषण जाम लग गया। जब परेशान लोगों ने इस मनमानी का विरोध किया, तो आरोप है कि ट्रांसपोर्टर और उसके लोगों ने जनता के साथ अभद्रता शुरू कर दी। इसके बाद मौके पर हंगामे की स्थिति पैदा हो गई। यहां सवाल यह है कि आखिर सार्वजनिक सड़क को अपनी निजी पार्किंग समझने वालों पर कार्रवाई कब होगी। सबसे गंभीर बात यह रही कि इस जाम में मरीज को आगरा लेकर जा रही एक एंबुलेंस भी काफी देर तक फंसी रही। सोचिए, अगर मरीज की हालत गंभीर हो और अस्पताल पहुंचने में देरी हो जाए, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? ट्रक चालक की जिद और सड़क पर अव्यवस्था किसी मरीज की जान पर भारी पड़ सकती थी। सवाल सीधे जिम्मेदारों से क्या रोडवेज बस स्टैंड के आसपास सड़क पर ट्रकों को खड़ा करने की अनुमति है। क्या यातायात पुलिस और प्रशासन को इस समस्या की जानकारी नहीं है? आखिर जनता को रोजाना जाम की सजा क्यों भुगतनी पड़े हाथरस की जनता मांग कर रही है कि सड़क पर अवैध रूप से खड़े ट्रकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, ट्रांसपोर्ट कंपनियों की मनमानी पर रोक लगे और रोडवेज बस स्टैंड के आसपास यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाए, क्योंकि सड़क जनता के चलने के लिए है, किसी की मनमानी और दबंगई दिखाने के लिए नहीं।

तसींगा में करंट से बच्चों के झुलसने से आक्रोश, आबादी से एचटी लाइन हटाने की मांग क्रॉसर





■ **ग्रामीणों ने विद्युत महकमे के अधिकारियों को सौंपा प्रार्थना पत्र, आबादी से लाइन हटाकर सुरक्षित स्थान पर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग**

सादाबाद। गांव तसींगा में आबादी के बीच से गुजर रही 11 केवी की विद्युत लाइन ग्रामीणों के लिए खतरे का कारण बनी हुई है। गांव में 22 अक्टूबर को विद्युत लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया, जिससे नल में करंट उतर आया। हालांकि विद्युत अधिकारियों ने स्टे वायर में करंट उतर आने का दावा किया था। इसकी चपेट में आकर एक बच्चा झुलस गया, जबकि दो अन्य बच्चों की जान भी खतरे में पड़ गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने शुक्रवार को विद्युत सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पत्र सौंपकर प्रशासन और विद्युत विभाग से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीण धर्मेंद्र, संतोष कुमार, संजय, उदल, करन, प्रेम सिंह, धर्मवीर, रामचरन, शेर सिंह आदि ने शुक्रवार को विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता और सादाबाद विद्युत उपखंड अधिकारी व अन्य अधिकारियों को सौंपे गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव की आबादी के बीच से गुजर रही उच्च वोल्टेज लाइन के कारण बच्चों, महिलाओं और अन्य ग्रामीणों की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का दावा है कि 22 अक्तूबर को हुई घटना के समय आसपास बच्चे खेल रहे थे, जिससे तीन बच्चे झुलस गए थे, जिनमें से एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने लाठी, बांस और सूखी लकड़ियों की मदद से सावधानीपूर्वक बच्चों को करंट की चपेट से बचाया। ग्रामीणों ने मांग की है कि 11 केवी विद्युत लाइन को आबादी से बाहर सुरक्षित स्थान से निकाला जाए। साथ ही गांव की विद्युत आपूर्ति के लिए सुरक्षित स्थान पर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उचित क्षमता की एबी केबल के माध्यम से बिजली पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि इससे खुले तारों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका कम करने में मदद मिलेगी। पत्र में विद्युत विभाग से घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच कराने, टूटे या क्षतिग्रस्त तारों की मरम्मत और खतरे वाले स्थानों पर सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की गई है। झुलसे हुए बच्चों के अभिभावकों ने बिजली महकमे से मदद की मांग की है, जिससे बच्चों का उपचार ठीक ढंग से हो सके। एक्सईएन अमित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। एसडीओ को भी निर्देशित किया गया है।

आगरा खंड स्नातक व शिक्षक एमएलसी चुनाव में मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

सादाबाद ब्लॉक सभागार में सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चला मतदान, महिला मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर किया मताधिकार का प्रयोग





सादाबाद। आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव में शुक्रवार को सादाबाद में मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया। ब्लॉक कार्यालय स्थित मतदान केंद्र के तीन बूथों पर सुबह आठ बजे से मतदान शुरू हुआ। दिनभर मतदाताओं की आवाजाही बनी रही। महिला मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहे, वहीं पर्यवेक्षक भी समय-समय पर मतदान केंद्र का जायजा लेते रहे। सादाबाद में शिक्षक एमएलसी सीट के लिए कुल 323 और स्नातक एमएलसी सीट के लिए 950 मतदाता पंजीकृत थे। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के लिए एक बूथ, जबकि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के लिए दो बूथ बनाए गए थे। निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक चला। तहसीलदार हेमंत चैधरी और नायब तहसीलदार प्रतीक्षा कटारा ने तीनों बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतदान केंद्र से कुछ दूरी पर भाजपा और समाजवादी पार्टी की ओर से शिविर लगाए गए थे। इन शिविरों के माध्यम से मतदाताओं को पर्चियां उपलब्ध कराने में मदद की गई। मतदान के बाद मतदाता अपनी उंगली पर लगे अमिट स्याही के निशान को दिखाते नजर आए। मतदाता अमरीश अग्रवाल ने बताया कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होने अपने मतदाधिकार का प्रयोग कर योग्य प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया में भागीदारी निभाई है। मतदाता विश्वबंधु पाराशर ने बताया कि लोकतंत्र में मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है।

31 को सादाबाद में धूमधाम से निकलेगी महर्षि बाल्मीकि शोभायात्रा

सादाबाद। आदि कवि श्री महर्षि बाल्मीकि का प्रकट्योत्सव सादाबाद में धूमधाम से मनाया जाएगा। महर्षि बाल्मीकि नव युवक संघ के तत्वावधान में 31 अक्तूबर को शाम छह बजे से उनकी भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। अध्यक्ष रंजीत कुमार चैहान और महामंत्री किशनलाल बाल्मीकि ने बताया कि शोभायात्रा में विधायक खैर राज्यमंत्री सुरेंद्र दिलेर व सांसद अनूप प्रधान मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के तहत 26 अक्तूबर को महर्षि बाल्मीकि आश्रम में हवन यज्ञ भी आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री से मिले विधायक प्रदीप चैधरी, 40 सड़कों के प्रस्ताव सौंपे

किसानों के लिए सिंचाई, बिजली, बीज और आलू के विपणन की सुविधाएं बढ़ाने की मांग, किसान भवन के सौंदर्यीकरण का भी रखा प्रस्ताव



सादाबाद। किसानों की समस्याओं के समाधान और सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के मुद्दे पर विधायक प्रदीप चैधरी उर्फ गुड्डू भैया ने राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के गांवों को जोड़ने वाली 40 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव सौंपे। मुलाकात के दौरान विधायक ने किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याएं उठाते हुए नहरों और रजवाहों की सफाई कराने तथा टेल तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने ट्यूबवेल फीडरों पर प्रतिदिन 14 घंटे बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने और किसानों को सब्सिडी पर उच्च गुणवत्ता वाले गेहूं, चना, जौ और सरसों के बीज कम दरों पर उपलब्ध कराने का मुद्दा भी रखा। विधायक ने क्षेत्र के आलू किसानों की समस्याओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए आलू निर्यात को बढ़ावा देने, आलू प्रसंस्करण इकाई स्थापित कराने और किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने की मांग की। विधायक ने सादाबाद स्थित किसान भवन के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। विधायक ने गांवों के बीच संपर्क मजबूत करने के लिए नए संपर्क मार्गों के निर्माण पर जोर दिया। 40 सड़कों के प्रस्तावों पर सहमति मिलने से क्षेत्र में सड़क संपर्क व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ एमएलसी चुनाव, मतदाताओं में दिखा उत्साह

डीएम और एसएसपी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

फिरोजाबाद। आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत शुक्रवार को जनपद में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगे ने संयुक्त रूप से तहसील सदर और सदर ब्लॉक में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बूथ संख्या 50, 51, 52, 53, 54, 55 और 31 पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया तथा वहां मौजूद मतदाताओं से बातचीत की। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने निरीक्षण के दौरान कहा कि पूरे जनपद में विधान परिषद के खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक चल रही है।



प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, जिससे मतदान निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और मतदाता उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

वहीं मतदान केंद्रो पर पुलिस बल तैनात रहा। राजनीतिक पार्टियों ने मतदान केंद्रो से लगभग 500 मीटर दूर अपने बस्ते लगाए। आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के दौरान सदर तहसील में स्नातक वर्ग के सर्वाधिक 4423 मतदाता पंजीकृत हैं। मतदान के दौरान प्रशासन की ओर से केंद्रों पर व्यवस्थाओं की निगरानी की गई। डीएम और एसएसपी ने विभिन्न बूथों पर पहुंचकर मतदान की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। शुक्रवार को शाम चार बजे मतदान समाप्त होने तक जनपद में स्नातक वर्ग में कुल 50.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि शिक्षक वर्ग में 66.02 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शिक्षक वर्ग में स्नातक वर्ग की तुलना में अधिक मतदान हुआ। प्रशासन ने पूरे चुनाव के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की।

एसीएमओं ने रुकनपुरा स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

डेंगू, मलेरिया की रोकथाम, टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश

फिरोजाबाद। जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुकनपुरा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान, नियमित टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार वर्मा ने निरीक्षण के दौरान डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में आशा



कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। बुखार से पीड़ित मरीजों की समय से पहचान कर उनकी आवश्यक जांच, उपचार और जरूरत पड़ने पर उच्च स्वास्थ्य केंद्र पर संदर्भन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आमजन को घरों और आसपास पानी एकत्रित नहीं होने देने, कूलर एवं पानी की टंकियों की नियमित सफाई करने, मच्छरदानी का प्रयोग करने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ नगर निकाय एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, प्रसवपूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और नियमित टीकाकरण की स्थिति देखी गई। उन्होंने कहा कि सभी पात्र गर्भवती महिलाओं और बच्चों को निर्धारित समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान ओपीडी संचालन, मरीजों के पंजीकरण, आवश्यक औषधियों की उपलब्धता, चिकित्सा उपकरणों की क्रियाशीलता तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित अभिलेखों की भी समीक्षा की गई।

24 अक्टूबर को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का विशेष अभियान, ब्रह्माकुमारी केंद्र से जागरूकता की अपील



फिरोजाबाद। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने और लोकतंत्र में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. हिमांशु शर्मा और केंद्र की संचालिका सरिता दीदी ने नागरिकों से 24 अक्टूबर को आयोजित विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान में सहभागिता की अपील की।

डॉ. हिमांशु शर्मा ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र युवा मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। नए पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 भरकर वेबसाइट या संबंधित ऐप के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा बूथ लेवल ऑफिसर से सहायता और हेल्पलाइन नंबर 1950 से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सरिता दीदी और खुशी दीदी ने भी नागरिकों से अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में पात्र नागरिकों को अपना नाम मतदाता सूची में जांचने और जरूरत पड़ने पर पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया।

व्यापार मंडल संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने थामा फिरोजाबाद उद्योग व्यापार मंडल का दामन

कई व्यापारी नेता शामिल, नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी



फिरोजाबाद। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष अम्बेश शर्मा के निर्देशन में व्यापारी सेना फिरोजाबाद उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मेघ सिंह पहलवान के नेतृत्व में व्यापार मंडल संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने संगठन में शामिल होने की घोषणा की। इस दौरान दर्जनों व्यापारी नेताओं ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) छोड़कर फिरोजाबाद उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। संगठन में शामिल होने वालों में समसुल सिद्दीकी, सुफियान कुरैशी, मोहम्मद शाकिर, नाजिम, मोहम्मद शेफाली, नूर नबी, अजहर और पिंटू कुमार सहित अन्य व्यापारी नेता शामिल रहे। व्यापारी सेना के जिलाध्यक्ष मेघ सिंह पहलवान ने संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियां भी सौंपीं। उन्होंने समसुल सिद्दीकी को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुफियान कुरैशी को जिला महामंत्री, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद शेफाली, नूर नबी को जिला उपाध्यक्ष तथा अजहर और पिंटू कुमार को जिला मंत्री पद पर मनोनीत किया। नए पदाधिकारियों के संगठन में शामिल होने पर प्रांतीय मंत्री नरेश पंजाबी, रामशंकर दादा, हरिशंकर अग्रवाल, स्वतंत्र गुप्ता, आकाश जैन, सुशील जाट, अनिल गुप्ता, अमीना, सुभाष यादव, विवेक कौशल और विकास जैन सहित अन्य व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर व्यापारी सेना के जिला महामंत्री मोहित राठौड़ भी मौजूद रहे।

पटियाली बूथ पर भाजपा-सपा कार्यकर्ताओं में भिड़ंत, धक्का-मुक्की से मचा हंगामा



- **एमएलसी चुनाव में विधायक नादिरा सुल्तान पर मतदान प्रभावित करने का आरोप, दोपहर 12 बजे तक स्नातक में 19.11 और शिक्षक निर्वाचन में 24.40 प्रतिशत मतदान**

कासगंज। आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव के दौरान शुक्रवार को पटियाली में भाजपा और सपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। सपा विधायक नादिरा सुल्तान के मतदान केंद्र पहुंचने पर दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई और धक्का-मुक्की से माहौल तनावपूर्ण हो गया। भाजपा नेताओं डीएस लोधी और नीरज मिश्रा ने विधायक पर मतदान प्रक्रिया प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। वहीं, विधायक नादिरा सुल्तान ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह मतदान केंद्र के बाहर खड़ी थीं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके साथ अभद्रता की। दोनों पक्षों के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी। घटना के बावजूद जिले में मतदान जारी रहा।

स्नातक से अधिक शिक्षक निर्वाचन में मतदान

दोपहर 12 बजे तक कासगंज जिले में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 9,925 पंजीकृत मतदाताओं में से 1,897 ने मतदान किया। यहां कुल मतदान प्रतिशत 19.11 रहा। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 1,291 मतदाताओं में से 315 ने वोट डाले, जिससे मतदान प्रतिशत 24.40 दर्ज किया गया। पटियाली की घटना के बाद चुनावी माहौल गरमा गया। प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के बीच दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहा।

नगर निगम बूथ पर सपा-भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने



फिरोजाबाद। आगरा खंड स्नातक एमएलसी चुनाव के दौरान फिरोजाबाद नगर निगम स्थित मतदान केंद्र पर समाजवादी पार्टी और भाजपा के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सपा के पूर्व विधायक अजीम भाई ने पुलिस पर बूथ कैप्चरिंग करवाने का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी रामगढ पर भी गंभीर सवाल उठाए। स्थिति को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। घटना के बाद मतदान केंद्र पर कुछ देर तक गहमागहमी बनी रही। हालांकि किसी भी आरोप की कोई स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई।

श्री रामलीला महोत्सव में भगवान श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक

कासगंज/गंजडुंडवारा। श्री रामलीला महोत्सव के तत्वावधान में चल रहे मंचन में शुक्रवार को भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ। देव मंच पर श्री दिव्य रामलीला नाट्य कला ग्रुप के कलाकारों ने राज्याभिषेक की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। मंचन के दौरान लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के अयोध्या लौटने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। भगवान श्रीराम के अयोध्या पहुंचने पर नगरवासियों ने गायत्री परिवार के द्वारा लोक कल्याण के लिये आहुति दी। 5100 घी के दीपक जलाकर उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद विधि-विधान के साथ श्रीराम के राज्याभिषेक की लीला का मंचन हुआ। भगवान श्रीराम के राजतिलक का दृश्य देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। राज्याभिषेक की लीला के साथ ही श्री रामलीला महोत्सव का समापन हो गया। इस दौरान रामलीला समिति अध्यक्ष अमित प्रकाश महाजन, महामंत्री सचिन गुप्ता, रवि शाक्य, अनिल वर्मा, ब्रह्म रत्न गुप्त, गौरव गुप्ता, विनीत गुप्ता, संजीव महाजन, गौरव, सुरेश चंद्र आर्य, प्रमोद यादव, अतुल महाजन, शशांक राठौर, ब्रजमोहन गुप्ता, ऋषि वार्ष्णेय मौजूद रहे।

उपद्रव के मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। अमांपुर थाना पुलिस ने उपद्रव के मामले में नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक तमंचा, एक कारतूस बरामद किया है। अमांपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सक्सेना ने बताया कि थाना में दर्ज उपद्रव के मामले में अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वांछित आरोपी पवन सोलंकी पुत्र सुखवीर निवासी देवपुर अमांपुर को गुरुवार की देर शाम सीओ सहावर दुर्गेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में सिढ़पुरा रोड से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

36 पौआ देशी शराब समेत दो आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से दो आरोपियों को 36 पौआ देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। गंजडुंडवारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चमन कुमार गोस्वामी ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने फैजान पुत्र इरफान, अल्ला रख्खा पुत्र रशीद निवासीगण सुजावलपुर को धवा के कब्रस्तान के निकट से गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 36 पौआ देशी शराब के बरामद कर अग्रिम कार्रवाई की है।

कासगंज में एम. एल .सी .मतदान में प्रशासन पास,शांतिपूर्ण तरीके से हुए चुनाव संपन्न



कासगंज ।शिक्षक ब स्नातक एम.एल. सी.चुनाव जिले में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। छुट-पुट और मामूली कहासुनी को छोड़कर कहीं से किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है जिले का प्रशासन पूरी मुश्तेदी के साथ यहां तक जिलाधिकारी प्रणय सिंह और पुलिस अधीक्षक ओ.पी.सिंह द्वारा पोलिंग बूथों पर कड़ी निगरानी की गई। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार जनपद में 9,648 मतदाताओं ने मतदान किया। प्राप्त विवरण के अनुसार स्नातक एम .एल. सी. के लिए 61.25 प्रतिशत और शिक्षक एम. एल. सी. के लिए 65.92% मतदान हुआ। स्नातक ब शिक्षक एम एल सी चुनाव में बी जे पी पार्टी प्रत्याशियों के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं ने शिविर लगाकर मतदाताओं को गाइड के रूप में काम किया।

गैंगेस्टर एक्ट में आरोपी को तीन साल की सजा

कासगंज। ढोलना थाना में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट में दोषी पाए जाने पर एक आरोपी को तीन वर्ष के साधारण कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2024 में थाना ढोलना पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के मामले में आरोपी हरपाल उर्फ हरिपाल पुत्र जयप्रकाश निवासी हनौता कासगंज के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। गुरुवार को मामले में न्यायालय एडीजे एफटीसी प्रथम में सुनवाई की गई। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद हरपाल को दोषी पाया। दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने आरोपी को तीन वर्ष के साधारण कारावास एवं पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर आरोपी सात दिन का अतिरिक्त कारावास भी भुगतेगा।

गैस सिलेंडर फटने से मकान की छत ढही, किशोर की मौत

नगला भूरा गांव में हादसा, एसपी और सीओ ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण



कासगंज। शहर कोतवाली क्षेत्र के नगला भूरा गांव में शुक्रवार दोपहर गैस सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो गया। तेज धमाके के साथ सिलेंडर फटने से मकान की छत धराशायी हो गई। मलबे में दबकर घर में खाना बना रहे 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, दमकल और एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर करीब 12:49 बजे नगला भूरा गांव में गैस सिलेंडर फटने से मकान की छत गिरने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान प्रियांशु पुत्र शीलेंद्र के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि प्रियांशु घर पर खाना बना रहा था। उसके पिता शीलेंद्र अन्य बच्चों के साथ बाल कटवाने बाहर गए थे, जबकि मां कविता मकान के ऊपरी हिस्से में सो रही थीं। खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। चीख-पुकार सुनकर कविता नीचे आने लगीं, तभी सिलेंडर फट गया और छत का मलबा नीचे गिर पड़ा। इसकी चपेट में आकर प्रियांशु की मौत हो गई। सूचना पर एसपी ओमप्रकाश सिंह और सीओ आंचल चैहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीशचंद्र ने बताया कि सिलेंडर फटने के कारणों की जांच की जा रही है। मामले में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

1700 दिव्यांगजनों की पेंशन अटकी, समिति ने भेजा अनुस्मारक ज्ञापन, पहली तिमाही की धनराशि जल्द खातों में भेजने की मांग

कासगंज/सोरों। जनपद के करीब 1700 दिव्यांगजनों को वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही की पेंशन धनराशि अब तक नहीं मिल सकी है। पेंशन का इंतजार कर रहे दिव्यांगजनों की समस्या को लेकर श्री वराह जन सेवा दिव्यांग समिति ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग को अनुस्मारक ज्ञापन भेजकर जल्द भुगतान कराने की मांग की है। समिति की ओर से शुक्रवार को भेजे गए ज्ञापन में बताया गया कि तकनीकी बदलाव के कारण जिले के लगभग 1700 दिव्यांगजनों की पहली तिमाही की पेंशन धनराशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित नहीं हो सकी है। वहीं, अन्य दिव्यांगजनों को पहली तिमाही की पेंशन जुलाई 2026 में ही उपलब्ध करा दी गई थी। इससे वंचित दिव्यांगजनों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समिति ने उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, लखनऊ से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर लंबित पेंशन का भुगतान कराने की मांग की है। समिति का कहना है कि दिव्यांगजनों को समय से पेंशन उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि उन्हें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति में परेशानी न हो। ज्ञापन के माध्यम से मांग करने वालों में विनोद कुमार, नीरज, विष्णु कुमार, धर्मपाल, ब्रजपाल, सोहिल, ओमेंद्र, जगदीश, दीनदयाल, प्रमोद कुमार समेत अन्य दिव्यांगजन शामिल रहे।

गोमती एक्सप्रेस में चोरी का खुलासा, शातिर चोर राजू गिरफ्तार

चांदी की पायल, मंगलसूत्र और नकदी बरामद, कई जिलों में दर्ज हैं चोरी के मुकदमे



कासगंज। जीआरपी कासगंज पुलिस ने गोमती एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री के परिवार का सामान चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए शातिर आरोपी राजू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक जोड़ी चांदी की पायल, मंगलसूत्र और नकदी बरामद की है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, फरुर्खाबाद निवासी प्रमोद कुमार पांच अक्टूबर 2026 को अपनी पुत्रवधू नीलम के साथ गोमती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 19715 से जयपुर से फरुर्खाबाद की यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने नीलम का लेडीज पर्स चोरी कर लिया था। पर्स में चांदी की पायल, मंगलसूत्र और रुपये रखे थे। फरुर्खाबाद जीआरपी में जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला कासगंज जीआरपी को स्थानांतरित किया गया। थानाध्यक्ष कोमल कुन्तल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुरागरसी और मुखबिरों की सूचना के आधार पर 23 अक्टूबर को सुबह 9:15 बजे कासगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से आरोपी राजू पुत्र वीरसहाय, निवासी भड़पुरा, थाना सोरों, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ मथुरा जीआरपी और सोरों थाने में भी चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।

आगरा खंड शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र (विधान परिषद) द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 का मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न

जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का लिया जायजा

- **जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप कराते रहे मतदान**
- **जनपद कासगंज में शिक्षक निर्वाचन में 65.92 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन में 61.25 प्रतिशत हुआ मतदान**



कासगंज। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रणय सिंह के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद कासगंज के सभी 20 मतदान केंद्रों पर आगरा खंड शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र (विधान परिषद) द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 का मतदान शुक्रवार को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। जनपद के समस्त मतदान केंद्रों पर प्रातः 08:00 बजे से मतदान प्रारम्भ हुआ तथा निर्धारित समय सायं 04रू00 बजे तक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आगरा खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में जनपद कासगंज का कुल मतदान प्रतिशत 65.92 प्रतिशत तथा आगरा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदान प्रतिशत 61.25 प्रतिशत रहा। जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था, मतदान कार्मिकों की उपस्थिति तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने तथा मतदान प्रक्रिया में पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पूरे दिन जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों पर भ्रमणशील रहकर मतदान कार्यों एवं शांति व्यवस्था की निगरानी करते रहे। साथ ही जनपद मुख्यालय पर स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम से निरंतर संपर्क बनाए रखते हुए मतदान की प्रगति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते रहे। निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट भी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहे। उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मतदान के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह सतर्क रहे। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने निर्वाचन कार्य में लगे समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने में सहयोग देने वाले मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

दुराचार के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज दुराचार के मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया है। सहावर थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि थाना पुलिस ने दुराचार के मामले में वांछित आरोपी अमित पुत्र सतीश निवासी नगला कलुआ थाना सहावर को उसके घर से गुरुवार की देर शाम गिरफ्तार किया। थाना सिकन्दरपुर वैश्य के प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया कि थाना में दर्ज किशोरी को अगवा कर उससे दुराचार करने के मामले में वांछित आरोपी जयसिंह पुत्र वेदराम निवासी नैथरा थाना सिकंदरपुर वैश्य को शुक्रवार को उसके गांव से गिरफ्तार किया है। संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की है।

जिले में शिक्षकों ने 52.61, स्नातकों ने 47.49 फीसदी किया मतदान





मतदान प्रतिशत

10 बजे शिक्षक: 06.50 फीसदी, स्नातक 07.23 फीसदी
12 बजे शिक्षक: 21.60 फीसदी, स्नातक 17.03 फीसदी
02 बजे शिक्षक: 38.25 फीसदी, स्नातक 28.93 फीसदी
04 बजे शिक्षक: 52.61 फीसदी, स्नातक 47.49 फीसदी

डीएम, एसएसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

अलीगढ़। शुक्रवार सुबह से ही मतदान केंद्र के पास मतदान पर्ची को प्रत्याशियों ने मतदान अभिकर्ताओं को बस्ता देकर मुस्तैद कर दिया। आठ बजते ही मतदान शुरू हुआ, वोटिंग लिस्ट में नाम आदि ऑनलाइन, हार्डकॉपी से तलाशे और पर्ची बनाकर मतदाताओं को थमा दी। मतदाता ने मतदान केंद्र में प्रवेश किया। तैनात पुलिसकर्मियों मोबाइल, बैग सभी बाहर ही रखवा लिया।

मतदाता ने मतदान केंद्र में बांए हाथ की ऊंगली पर स्याही लगवाई। पोस्टल बैलेट पर अपनी पसंद के प्रत्याशी के आगे 1 लिखकर बैलेट मतपेटी में डाला।

राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने मतदान केंद्र जाकर जायजा लिया। आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह आठ बजे शुरू हुआ। मतदाता शाम चार बजे खत्म हो गया। अलीगढ़ में शिक्षक सीट पर 52.61 फीसदी और स्नातक सीट पर 47.49 फीसदी मत डाले गए।

यह थे चुनावीरण में

-:शिक्षक सीट:-

सपा डॉ. आकाश अग्रवाल, भाजपा हरि किशोर तिवारी, निर्दलीय आकाश अग्रवाल, चंद्र प्रकाश, डॉ जगवीर सिंह, दिलीप कुमार आमौरिया, धीरज सिंह, ब्रह्मजीत सिंह, मोहम्मद वसीम कलाम, रण विजय यादव, रामू प्रसाद, राहुल पाराशर

-:स्नातक सीट:-

भाजपा डॉ मानवेंद्र प्रताप सिंह गुरु जी, सपा शशांक यादव उर्फ सीटू, आजाद समाज पार्टी दक्ष कुमार, स्वेदेशी हिंद पार्टी मतेंद्र सिंह गहलोत, निर्दलीय अनुराग सिंह, अम्बरीश कुमार सिंह, अम्बरीश पाल सिंह, मानवेंद्र प्रताप सिंह, रघुराज सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल राज कुलश्रेष्ठ, रूप सिंह, रूमा कुमारी

चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम अविनाश कुमार, एसएसपी नीरज कुमार जादौन मतदान के दौरान निरंतर भ्रमणशील रहे। दोनों अफसरों ने अकराबाद, छर्रा, पाली, इगलास, गोंडा, खैर, गभाना एवं अतरौली सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारियों, माइक्रो ऑब्जर्वर को चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदान संपन्न कराने को निर्देश दिए। डीएम- एसएसपी ने जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए सभी मतदान, पुलिस कार्मिकों और चुनाव से जुड़े अफसरों व कर्मचारियों को बधाई दी।

दो संदिग्ध एजेंट हिरासत में लिए

विधान परिषद चुनाव के दौरान शुक्रवार को नौरंगीलाल इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर दो संदिग्ध एजेंट मिलने से खलबली मच गई। दोनों के फर्जी एजेंट होने की सूचना पर डीएम और एसएसपी मौके पर पहुंचे।


पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर सिविल लाइंस थाने पहुंचाया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। दोनों व्यक्ति मतदान केंद्र में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। उनके एजेंट होने की वैधता पर संदेह जताते हुए सूचना प्रशासन को दी, जिसके बाद अफसर मौके पर पहुंचे और पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने भी मामले की जानक. ारी ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



संत फिदैलिस पब्लिक स्कूल रामघाट रोड अलीगढ़ पर स्नातक एवं शिक्षक एम एल सी मतदान केंद्र पर कैम्प लगा कर अब्दुल हमीद घोसी, मनोज यादव, ख्वाजा हसन जिब्रान, शहजाद अल्वी, राजेश यादव, एम ए खान गांधी, नूर अब्बासी पार्षद, गोपाल बाबू माहा. र, संजय प्रजापति, सलीम राजा, सुभाष लोधी, नासिर अली, शकुंतला सिंह पूनम पॉल, नीतू शर्मा, सुधा गुप्ता, शादव जैदी, नसीम हैदर, बबलू अब्बासी, रत्न शर्मा , मुकेश सूर्यवंशी, अफजल हमीद, शहिद सैफी चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए सहयोग किया।



आगरा खण्ड स्नातक क्षेत्र के लिए पूर्व महापौर प्रत्याशी सलमान शाहिद अपने परिवार के साथ मतदान कर स्याही दिखाकर खुशी जाहिर करते हुए।



मतदान करते योगेश सारस्वत एडवोकेट



सपा नेता बाब फरीद आजाद वोट डालकर आने के बाद स्याही दिखाते हुए

सपा जिलाध्यक्ष धनीपुर ब्लॉक पर डाला वोट



सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर ने धनीपुर ब्लॉक पर बने मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। उन्होंने मतदान केंद्र के बाहर आकर कहा कि आपके वोट से लोकतंत्र बचेगा, जिस तरह से मतदाता चुनाव में भागीदारी कर रहें हैं, उससे भाजपाई निराश हैं। भाजपा सरकार दावा करता रही कि निष्पक्ष चुनाव होगा जबकि बहुत जगह भाजपा के लोग निराश है, अलीगढ में कई बूथ से सूचना मिली है कि जहां पर सपा के लोग मतदान करने जा रहे हैं। उन्हें रोकने को भाजपा के गुंडे या भ्रष्ट अधिकारियों को किया लेकिन जनता इनके खिलाफ है और मतदाता एक-एक मतदान करके इन्हें हटाने का काम करेंगे।



महेश्वरी इण्टर कालेज में वोट डालकर मोहम्मद जियाउद्दीन राही व जिला अध्यक्ष कांग्रेस ठाकुर सोमवीर सिंह जादौन

रामलीला खैर का राज्याभिषेक लीला के संग समापन

स्वामी सुतीक्षण दास महाराज ने श्रीराम का तिलक कर किया राज्याभिषेक



खैर। ऐतिहासिक रामलीला खैर में गुरुवार को मुख्य अतिथि जगद्गुरु द्वाराचार्य नाभा पीठाधीश्वर स्वामी सुतीक्षण दास महाराज ने भगवान श्रीराम का तिलक कर राज्याभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

स्वामी सुतीक्षण दास महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम ने इतना बड़ा युद्ध जीतने के बाद भी उसका श्रेय स्वयं नहीं लिया, बल्कि अपने मित्रों और वानर-भालुओं को दिया। इससे सीख मिलती है कि जीवन में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल होने पर उसका श्रेय अकेले स्वयं नहीं लेना चाहिए। जीवन में सुख-शांति के लिए भजन करते हैं, लेकिन किसी के कहे हुए कटु वचनों को जीवनभर याद रखते हैं, जिससे मन अशांत रहता है।

उन्होंने कहा कि यदि हमसे कोई अपराध हो जाए तो क्षमा मांग लें और किसी ने हमारे प्रति गलती की हो तो उसे माफ कर दें। यही जीवन में शांति और खुशहाली का मार्ग है। रामलीला सुपर कमेटी की तरफ से अध्यक्ष पंकज रावत ने दिवंगत आचार्य वेदप्रकाश शर्मा को 'रामलीला के कोहिनूर' की उपाधि से सम्मानित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अभिषेक बने 2027 के मेला कमेटी अध्यक्ष

इस वर्ष रामलीला में महामंत्री के रूप में पूर्ण समर्पण और भाव से कार्य करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रामलीला के संरक्षक रामगोपाल अग्रवाल के अनुरोध पर भगवान श्रीराम के स्वरूप ने अभिषेक गंगल घंसू को वर्ष 2027 के लिए मेला कमेटी का अध्यक्ष घोषित किया

सम्मान पत्र स्वामी सुतीक्षण दास महाराज ने उनके पुत्र मोहित शर्मा को प्रदान किया। वहीं, रामलीला में 52 वर्षों से निरंतर सेवा दे रहे श्रृंगार मंडल प्रमुख रमेश चंद्र शर्मा और पूर्व चेयरमैन कालीचरन विकल को 'अभिनय रत्न' सम्मान से नवाजा गया। दोनों ने वर्षों तक रामलीला में विभिन्न भूमिकाएं निभाने के साथ ही आयोजन को समर्पित सेवाएं दी हैं। कार्यक्रम में मेला कमेटी अध्यक्ष अनमोल शर्मा, महामंत्री अभिषेक गंगल, कोषाध्यक्ष सौरभ कंसल, चेतन रावत, चिराग अग्रवाल, अंकित गौतम, सोनू वर्मा, प्रशांत वर्मा, ब्रह्मा गौतम, पुनीत भारद्वाज और रो. हित विकल सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वामी सुतीक्षण दास महाराज के साथ व्यास, पात्र मंडल, श्रृंगार मंडल, संगीत मंडल और सुपर कमेटी के सदस्यों को पटका व माला पहनाकर तथा श्रीराम दरबार की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन रघुकुल तिलक गौड़, उद्योगपति देवप्रकाश अग्रवाल, रामगोपाल अग्रवाल, बिजेंद्र रावत, नरेंद्र भारद्वाज, दीपक पंडित, चंद्रशेखर तोमर, विकास शर्मा, राहुल अग्रवाल और तरुण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

मनोज हत्याकांड में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष का भतीजा विक्रांत गिरफ्तार

❑ चालक बोला... पूर्व जिलाध्यक्ष के एहसान के चलते दिया था बयान ❑ हादसे के समय वह कार में था ही नहीं, कार तो चला रहा था भतीजा





अलीगढ। बन्नादेवी इलाके के गांव ऊदला के पास पिछले दिनों हुई हलवाई मनोज की हत्या के मामले में आखिरकार पुलिस ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के भतीजे को गिरफ्तार कर ही लिया। पुलिस ने दो दिन पूर्व हिरासत में लिए चालक ने स्पष्ट कहा था कि इस घटना के समय वह कार में था ही नहीं वह तो घर था। पहला बयान तो भाजपा नेता के एहसानों को चुकाने के बदले में दिया था।

बता दें कि गभाना के गांव मेहरावल निवासी मनोज की वहीं पास ही में हलवाई की दुकान है। परिजनों का पालन पोषण करने के लिए वह हलवाई की दुकान करता है। उस दुकान से ही कुछ ही दूरी पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी देवराज सिंह का भी प्रतिष्ठान है। पिता गुड्डू का कहना था कि बुधवार रात मनोज बाइक पर सवार होकर गांव के ही कान्हा के साथ शहर सामान देने के लिए जा रहा था। आरोप है कि उसने जैसे ही बाइक रोकी तभी ऑडी कार वहां आकर रूकी, चालक ने बाइक हटवाने के लिए हार्न बजाया, बाइक को हटाने के बाद जैसे ही मनोज काम के लिए निकला तभी चालक ने उससे गाली-गलौज करते हुए देख लेने की धमकी दी। इसके कुछ देर बाद कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में मनोज बाइक के साथ गिर पड़ा, जबकि दोस्त कान्हा दूसरी ओर जा गिरा। आरोप है कि चालक ने हत्या के इरादे से मनोज पर दोबारा बाइक चढा दी, जिसकी इलाज के लिए बुधवार को मौत हो गई।

पुलिस ने इस घटना के बाद मामले की पडताल की तो पता चला कि कार उत्तराखंड के नंबर की थी, जिसका रजिस्ट्रेशन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चौ. देवराज सिंह के नाम पर है।

पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर कार को जब्त की। पुलिस कप्तान के आदेश पर खुद जांच टीम की कमान एसपी सिटी आदित्य बंसल ने संभाली और सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर साफ हो गया कि कार उनका ड्राइवर नहीं परिवार को कोई सदस्य चला रहा था। इसके बाद टीम अन्य माध्यमों से जानकारी जुटाई तो पता चला कि घटना के समय भाजपा नेता का ड्राइवर घटना के समय कार में नहीं था। कार को भाजपा नेता का भतीजा विक्रांत निवासी वैष्णोधाम जेल रोड बन्नादेवी चला रहा था। पुलिस ने विक्रांत को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पुष्टि एसएसपी नीरज जादौन ने की।

सिटी मजिस्ट्रेट ने आतिशबाजी दुकान निर्माण पर मांगी आपत्तियां

अलीगढ़। प्रभारी अधिकारी विस्फोटक एवं नगर मजिस्ट्रेट अतुल गुप्ता ने आतिशबाजी दुकान निर्माण के संबंध में आपत्तियां मांगी।

उन्होंने बताया है कि तहसील गभाना के गांव कसेरू में प्रस्तावित आतिशबाजी दुकान के निर्माण को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया के तहत लोगों से आपत्तियां मांगी।

प्रभारी अधिकारी विस्फोटक एवं नगर मजिस्ट्रेट अतुल गुप्ता की ओर से जारी पत्र के अनुसार, मुस्कान शर्मा, प्रोपराइटर बाबा बर्फानी एजेंसी, 215 राधाकृष्ण, खुर्जा, जिला बुलंदशहर ने ग्राम कसेरू स्थित खसरा संख्या 1236 पर आतिशबाजी की दुकान के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया है। मुख्य विस्फोटक नियंत्रक कार्यालय, संजय पैलेस, आगरा से आवेदन प्राप्त हुआ है।

नगर मजिस्ट्रेट अतुल गुप्ता ने कहा है कि प्रस्तावित दुकान के संबंध में किसी भी व्यक्ति या पक्ष को आपत्ति हो तो वह प्रकाशन की तिथि से एक माह के भीतर किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय अवधि के दौरान प्रभारी अधिकारी विस्फोटक एवं नगर मजिस्ट्रेट, अलीगढ़ के कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

जिला अस्पताला से गायब दो बच्चे चंद घंटों में किए बरामद



अलीगढ़। ऑपरेशन स्माइल में थाना बन्नादेवी पुलिस टीम ने जिला मलखान सिंह अस्पताल से गुम हुए दो बच्चों को चंद घंटों में बरामद कर परिजनों को सौंपकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे जानकारी मिली कि जिला मलखान सिंह अस्पताल में उपच. ाराधीन महिला के साथ दो बच्चे आये थे जो दोपहर करीब एक बजे से अस्पताल से गायब हैं। सूचना पर तत्काल सीओ द्वितीय ने मौका मुआयना किया।

सीओ द्वितीय धनंजय के नेतृत्व में बच्चों की तलाश, बरामदगी को टीमों गठित की। जिले में गुमशदा बच्चों की तलाश, शीघ्र बरामदगी, रास्ता भटके हुए बच्चों को परि. जनों से मिलाने को चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन स्माइल" में गठित पुलिस टीमों ने तत्परता दिखाते हुए अस्पताल परिसर, आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक करते हुए बच्चों की तलाश शुरू कर दी। टीमों की कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयास से दोनों बच्चों को चंद घंटों में कबरकुत्ते के पास से बरामद कर उनकी मां के सुपुर्द किया। पुलिस टीम में सिपाही शुभम, विवेक कुमार और रामवीर सिंह थे।

घी की गुणवत्ता पर एफडीए विभाग की पैनी नजर

सात सालों में 153 नमूनों की जांच

अलीगढ़। लोगों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एफडीए विभाग घी की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रख रहा है। विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2026-27 तक घी के 153 नमूने संग्रहीत कर जांच के लिए भेजे गए। इनमें निर्धारित मानकों के विपरीत पाए, 56 नमूनों के मामलों में कार्रवाई की।

सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 एवं अभिहित अधिकारी दीपक सिंह के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक घी के 15 नमूने लिए गए, जिनमें दो मानकों के विपरीत मिले। वर्ष 2025-26 में 28 में से 17, वर्ष 2024-25 में 34 में से 12, वर्ष 2023-24 में 24 में से आठ, वर्ष 2022-23 में 23 में से सात, वर्ष 2021-22 में 18 में से पांच तथा वर्ष 2020-21 में 11 में से पांच नमूने निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे।

उन्होंने बताया कि जांच में गुणवत्ता संबंधी कमियां पाए जाने पर संबंधित मामलों में सक्षम न्यायालयों में वाद दायर किए गए। विभिन्न प्रकरणों में न्यायालयों द्वारा निस्तारण के साथ अर्थदंड भी लगाया गया है। दीपक सिंह ने कहा कि खाद्य पदार्थों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। घी की नियमित जांच और मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के माध्यम से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से घी खरीदते समय पैकिंग, निर्माण एवं उपयोग की अंतिम तिथि, बैच नंबर और खाद्य सुरक्षा लाइसेंस संबंधी विवरण जांचने की अपील की। साथ ही उन्होंने मिलावट का संदेह होने पर विभाग को सूचना देने का आग्रह किया।

जरूरतमंदों को मिलेगा विधिक सहायता और योजनाओं का लाभ

कान्हा वन गेस्ट हाउस में लगेगा शिविर

अलीगढ़। जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, न्याय तक उनकी पहुंच आसान बनाने को एक नवंबर को आगरा रोड स्थित मडराक टोल प्लाजा के पास कान्हा वन गेस्ट हाउस में मेगा विधिक सहायता, सेवा शिविर लगेगा। शिविर के माध्यम से पात्रों को विधिक सहायता के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की पहल की जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव साक्षी गर्ग ने बताया कि शिविर में पात्रों को लाभान्वित करने के लिए विभागों को लाभार्थियों की सूची तैयार कर प्राधिकरण कार्यालय में देने को कहा है। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशों के अनुपालन में शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पात्र लोगों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ उन्हें सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

पुलिसकर्मियों ने बचाई आत्महत्या करने वाले की जान

अलीगढ़। गोरई क्षेत्र की पीआरवी-5312 के पुलिसकर्मियों ने आत्महत्या का प्रयास कर रहे ग्रामीण को अस्पताल में भर्ती कराकर जान बचायी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को गोरई की पीआरवी-5312 को जानकारी हुई कि गांव टमोटिया में फोन करने वाले के पिता झगड़ा कर रहे हैं और सामान फेंकने के बाद कमरे का दरवाजा बंद कर लिया है। सूचना पर पीआरवी कर्मी तत्काल मौके पर पहुँचे। खिड़की से देखने पर कॉलर के पिता छत के पंखे से कपड़े का फंदा लगाकर लटके हुए दिखाई दिए। पीआरवीकर्मियों ने बिना देरी किए दरवाजा तोड़कर युवक के पिता को फंदे से नीचे उतारा तथा परिजनों के साथ तत्काल सीएचसी इगलास में भर्ती कराया।

चिकित्सक द्वारा उनकी हालत में सुधार बताया गया है। इस प्रकार पीआरवी कर्मियों की तत्परता एवं कार्यवाही से एक व्यक्ति की जान बचाई गई। पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल योगेश कुमार और चालक मनोज कुमार उपाध्याय थे।

किसानों की समस्याओं का समाधान कराए तहसील प्रशासन

खैर। किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु भाकियू हरपाल गुट ने शुक्रवार को पीएम व सीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार न्यायिक को सोंपकर उचित कार्रवाही की मांग की।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ0 हरपाल सिंह ने कहा कि बिजली को प्राइवेट हाथों में ना देने, बिजली संशोधन बापस लेने, आलू किसानों को उचित मूल्य दिलाने, गेहूँ का रेट बढाने, किसानों पर लगाई जीएसटी समाप्त करने, यूपीआई से लेनदेन पर कटने वाले टैक्स को समाप्त करने संबंधी पीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार न्यायिक को सोंपा गया है। तहसीलदार न्यायिक मुकेश कुमार ने ज्ञापन को उचित माध्यम से भिजवाने का आश्वासन किसानों को दिया है। इस मौके पर हुकमचन्द शर्मा, गुलवीर सिंह, नकुल चौधरी, शिव कुमार, दलवीर सिंह, मुकेश शर्मा, चन्द्रशेखर शर्मा, अरविंद सिंह, अमर सिंह, हरेन्द्र सिंह, मान सिंह, राधे फौजी, बहोरी सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

एमएलसी स्नातक में 39, शिक्षक सीट पर 61.22 फीसदी मतदान

❑ स्नातक वोटरों को वोटिंग में रुचि बहुत कम रही





बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक चुनाव के लिए शुक्रवार को जनपद शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। 22 मतदान केंद्र और 65 मतदेय स्थल पर वोट डाले गए। एमएलसी०स्नातक सीट पर कुल 39 प्रतिशत और शिक्षक सीट पर 61.22 फीसदी मतदान हुआ। शिक्षकों से मतदान करने में स्नातक मतदाता बहुत पीछे रहे। 7 जोनल मजिस्ट्रेट व 20 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 260 कार्मिक तथा 28 रिजर्व कार्मिक लगाए गए थे।

शुक्रवार को ठीक सुबह 8 बजे मतदान शुरू होकर शाम चार बजे तक वोट डाले गए। शिक्षक मतदाताओं में मतदान के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला, जबकि स्नातक मतदाता मतदान के प्रति बेहद सुस्त नजर आए। जनपद में विभिन्न स्थानों पर 22 बैरियर लगाए गए। जिले में करीब मतदाता 17686 हैं। इनमें स्नातक मतदाता 10768 और शिक्षक मतदाता 6918 हैं। स्नातक मतदाता 10768 में से 4200 स्नातक मतदाताओं ने वोट डाले। जबकि शिक्षक मतदाता 6918 में से 4235 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जनपद में स्नातक मतदाताओं का 39 प्रतिशत व शिक्षक मतदाताओं का 61.22 प्रतिशत रहा है।

नगर में डीएवी. डिग्री कॉलेज में स्नातक और शिक्षक मतदाताओं के वोट डाले गए। एमएलसी. स्नातक के लिए दस बजे तक 5.92, शिक्षक के लिए 15.42 फीसदी हुआ मतदान वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम०कुमार हर्ष और एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने नगर के डीएवी. डिग्री कॉलेज में बूथों का निरीक्षण करते हुए मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। डीएम-एसएसपी ने अग्रसेन इंटर कॉलेज सिकंदराबाद में भी बूथों का निरीक्षण किया। डीएम ने पीठासीन अधिकारी से मतदान के बारे में जानक. ारी ली। साथ ही कहा कि मतदान समाप्ति के उपरांत सभी आवश्यक प्रपत्रों को भरकर मतपेटिका को स्ट्रांग रूम में जमा कराए जाने के निर्देश दिए। पोलिंग एजेंटों से भी वार्ता करते हुए कहा कि वह भी शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए मतदाताओं को सूचित कर मतदान हेतु बुलाएं। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अभिषेक कुमार सिंह मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। सभी केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

जलपरी शो में युवती-महिला बाउंसर्स में मारपीट

❑रामलीला मैदान में हो रहा था आयोजन, बाल खींच मारे थप्पड़



बुलंदशहर। खुर्जा नगर में ऐतिहासिक रामलीला मैदान चल रहा है। जहाँ पर श्जलपरी शोश मनोरंजन के बजाय विवाद और हंगामों का केंद्र बन गया है। विगत रात्रि शो के दौरान सुरक्षा में तैनात महिला बाउंसर्स और एक युवती के बीच हिंसक झड़प हो गई।

वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आ गया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में शो को लेकर गुस्सा भी देखा जा रहा है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि चार से पांच महिला बाउंसर्स एक युवती के साथ मारपीट कर रही हैं। वे युवती के बाल खींचकर उसे लगातार थप्पड़ जड़ रही हैं। आरोप है कि इस पूरी घटना के दौरान मौके पर मौजूद कुछ पुलिसकर्मी केवल तमाशबीन बने रहे और उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया। इस झड़प के बाद शो परिसर में अफरा-तफरी मच गई और वहां मौजूद दर्शक भी सहम गए। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायल युवती को खुर्जा के जटिया अस्पताल में भेजकर भर्ती कराया। हालांकि अभी तक इस बात का आधिकारिक रूप से खुलासा नहीं हो सका है कि इस मारपीट के पीछे असली वजह क्या थी। एसपी देहात अंतरिक्ष जैन का कहना है कि मामले की संवेदन शीलता को पूरी तरह ध्यान में रखते हुए वीडियो की जांच की जा रही है। वीडियो फुटेज के आधार पर मारपीट में शामिल महिला बाउंसर्स और अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। शो के आयोजकों और संबंधित पक्षों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि पूरे घटनाक्रम की असल वजह सामने आ सके।

वाहन की टक्कर से घायल छात्र की दिल्ली में मौत



जहांगीराबाद (बुलन्दशहर)। कोतवाली क्षेत्र के गांव जटवाई में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल कक्षा दो के छात्र मयंक (11) की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद छात्र का शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। बच्चे की मौत से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। गांव जटवाई निवासी मयंक गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो का छात्र था। उसके पिता राजकुमार मजदूरी कर परिवार का पालन- पोषण करते हैं। परिजनों के अनुसार, बीते शुक्रवार को मयंक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद परिजन उसे उपचार के लिए पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे दिल्ली के हायर सेंटर रेफर कर दिया था। परिजन उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार करा रहे थे, लेकिन चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बृहस्पतिवार को शव गांव पहुंचा। बेटे का शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सीओ. शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही है। घटना के संबंध में तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

भाकियू का कलक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



बुलंदशहर। भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल करने और एसआईआर को लेकर शुक्रवार को कलक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। चेताया कि जल्द किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष एडवोकेट चौ अरब सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसान नगर के राजेबाबू पार्क में एकत्र हुए। करीब एक बजे किसान हाथों में गन्ने लेकर कलक्ट्रेट की ओर रवाना हुए और चार बजे तक डटे रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नए पेराई सत्र में गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 600 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने चीनी के दाम 65 से 70 रुपये प्रति किलो होने का हवाला देते हुए गन्ने का उचित मूल्य निर्धारित करने की मांग उठाई।

फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने, उचित मुआवजा उपलब्ध कराने और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने की मांग की। एसआईआर में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का पदाधिकारियों ने कड़ा विरोध जताया है।

मतदाता सूची से हटाए गए 13.41 करोड़ नागरिकों के मतदान का अधिकार बहाल किया जाए। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग राष्ट्रपति से की गई। मदन सिंह, लोकेंद्र प्रधान, लीलू प्रधान, चौधरी गजेंद्र सिंह, अनार सिंह, रामकिशन, संजय सिंह, चौ. डिंपी गहना और शिव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

खुर्जा फ्लाईओवर के पास मिली युवक की लाश



बुलंदशहर।कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर अगवाल फ्लाईओवर के निकट युवक का शव पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस सड़क हादसे में मौत होना मान रही है। कोतवाली खुर्जा नगर प्रभारी रामफल सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे पर अगवाल फ्लाईओवर के निकट एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच करते हुए शव की शिनाख्त का प्रयास किया गया। जिस पर उसकी शिनाख्त मोहल्ला ब्रज विहार निवासी 19 वर्षीय चिराग पुत्र रामेश्वर के रूप में हुई। जिस पर पुलिस ने परिजनों को सूचित कर स्थिति से अवगत कराया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने एक व्यक्ति पर चिराग को ले जाने का भी आरोप लगाया है। कोतवाली खुर्जा नगर प्रभारी ने बताया कि प्रथमदृष्टया सड़क पार करते समय किसी वाहन की चपेट में आने से मौत होना सामने आया है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी०की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

ई-रिक्शा ने स्कॉर्पियो में मारी टक्कर, कई सवारियां घायल



बुलंदशहर। शिकारपुर में पेट्रोल पंप के पास स्कॉर्पियो और ई-रिक्शा की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में ई-रिक्शा में सवार कई यात्रियों को चोटें आईं, जबकि स्कॉर्पियो गाड़ी को भी भारी नुकसान पहुंचा। स्कॉर्पियो सवार ने ई-रिक्शा चालक पर शराब के नशे में लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।जानकारी के अनुसार ग्राम जखैता निवासी अनुज कुमार उर्फ लीलू प्रधान पुत्र राम सिंह अपनी स्कॉर्पियो से बुलंदशहर की ओर जा रहे थे। शिकारपुर पेट्रोल पंप के पास तेल भरवाने के लिए उन्होंने इंडिकेटर देकर गाड़ी मोड़नी शुरू की। इसी दौरान बुलंदशहर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि ई-रिक्शा में करीब दस सवारियां बैठी थीं, जिनमें कई को चोटें आईं।

पीड़ित अनुज कुमार का आरोप है कि ई-रिक्शा चालक शराब के नशे में था और वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो को काफी नुकसान पहुंचा। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली में लिखित शिकायत देकर ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार ने बताया कि स्कॉर्पियो पक्ष की ओर से जांच कर नियमानुसार आगे की तहरीर मिली है। मामले की कार्रवाई की जाएगी।

सुहावली में श्रीराम के एक ही बांण से जल उठे रावण मेघनाथ के पुतले



अकराबाद। शुक्रवार शाम गांव सुहावली में श्रीराम- रावण की सेनाओं के बीच भीषण युद्ध हुआ। अंत में श्री राम के एक ही बांण ने रावण का अंत कर दिया। शुक्रवार को गांव सुहावली में रावण दहन मेला आयोजित हुआ। मेला में दोपहर एक बजे से ही श्रीराम रावण के साथ दोनों की सेनाओं के बीच करीब तीन घंटे तक घमासान युद्ध चला। शाम छह बजे श्री राम और लक्ष्मण जी के एक ही अग्नि बाण से बुराई के प्रतीक रावण का अंत कर दिया।रावण का पुतला धू धू कर जल उठा, यह देख रावण की सेना में भगदड़ मच गई। असत्य पर सत्य की जीत हुई चारों दिशाओं में श्रीराम के उद्घघोष गूंज उठे।

इस दौरान रामलीला कमेटी अध्यक्ष महेश चंद्र, कोषाध्यक्ष रबेंद्र कुमार, मंत्री रवेंद्र, भूपेंद्र शर्मा, काली चरन, सुभाष चंद्र, नरेंद्र कुमार शर्मा, प्रेमपाल सिंह, विपिन कुमार, डा. नवनीत, विकास शर्मा, विनय गोस्वामी, तनुज गोस्वामी, भारत शास्त्री, नीतेश पाठक आदि मौजूद रहे।

मेला देखने गए युवक की सड़क हादसे में मौत



बुलंदशहर। दशहरा पर्व पर लगने वाले मेले को देखने गया युवक की हादसे में मौत हो गई प्राप्त विवरण नुसार पला कसेर (बड़ी कसेर) थाना डिबाई निवासी नत्थू सिंह ने बताया कि उसका पुत्र बंटी (28) विगत शाम गांव रतनपुर में बाइक से मेला देखने गए थे। देर शाम वापस लौटते समय नेशनल हाईवे 509 पर गांव खेड़िया से आगे कसेर कलां कट पर नरौरा की ओर से जा रहे ट्रक चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बंटी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बंटी को उपचार के लिए सीएचसी०डिबाई पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक शादीशुदा था। उनके दो बच्चे हैं। बड़े बेटे की आयु दो वर्ष, छोटे की एक वर्ष है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके से ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

राजतिलक के साथ श्री रामलीला महोत्सव संपन्न



अकराबाद। कस्बा में करीब 12 दिन से चल रहे श्री रामलीला महोत्सव का गुरुवार की रात भगवान श्री राम के राजतिलक के साथ समापन हो गया। रामलीला कमैटी के अध्यक्ष भंवरपाल सिंह यादव व गिर्राज किशोर शर्मा प्रबंधक ने रामलीला का मंचन कर रहे कला प्रदर्शन संघ के कलाकारों का उपहार व मिष्ठान देकर सम्मान किया।

संघ के अध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा हमारे कलाकारों ने इस बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने रामल. ीला कमैटी का भी आभार व्यक्त किया। कमैटी अध्यक्ष भंवरपाल यादव ने सहयोग पुलिस प्रशासन व उन सभी लोगों का जिन्होंने मंचन के दौरान सहयोग किया आभार जताया है। इस दौरान विजय यादव, अनिल यादव, सुरेश यादव, रूपेन्द्र यादव, मयंक उर्फ कान्हा, अनुध्द वाष्णेय, डा. राकेश बाबू, हर्ष बाबू, राजपाल सिंह, केशव शर्मा, नत्थू सिंह, प्रकाश सैनी, मयंक सैनी, आशिक अली, केदारी उर्फ भगतजी, जीतू, गोपाल शर्मा और सौवत नागर आदि कलाक. ारों को सम्मानित किया।

सर सैयद अहमद खान और अलीगढ़ आंदोलन पर प्रश्नोत्तरी आयोजित

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ने सर सैयद अहमद खान के जीवन, उनके योगदान और अलीगढ़ आंदोलन पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रगति और एकता के उनके स्थायी संदेश को रेखांकित किया गया।

एएमयू के प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी (सामान्य) साद हमीद ने विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने समकालीन समाज में सर सैयद की शिक्षाओं की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और बौद्धिक दृढ़ता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से वर्तमान पेश. वर और सामाजिक चुनौतियों का सामना करने के लिए आलोचनात्मक चिंतन, सामाजिक सुधार और धर्मनिरपेक्ष एकता को अपनाने का आह्वान किया।

प्रश्नोत्तरी में प्रतिभागियों के सर सैयद के जीवन, संघर्षों, साहित्यिक योगदान और अलीगढ़ आंदोलन की प्रमुख घटनाओं से संबंधित ज्ञान का आकलन किया गया। इसमें यूनानी फार्मेसी में डिप्लोमा के विद्यार्थी एमडी अदनान रजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएससी सामुदायिक विज्ञान की नमरा सिद्दीकी दूसरे और पीएचडी शोधार्थी सना तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में पहले 50 पंजीकृत प्रतिभागियों को ही शामिल किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अब्दुल जब्बार ने स्वागत भाषण दिया और विद्यार्थियों को सर सैयद की विरासत से जोड़ने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन एएमयू की राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. मोहम्मद मो. हसिन खान तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. अब्दुल जब्बार और डॉ. मोहम्मद उजैर के मार्गदर्शन में किया गया।

जरूरतमंदो को वितरित किया भोजन



अलीगढ़। क्रांतिकारी मेलाध्यक्ष गौरव चंदेल एवं मेला संचालक शिवम चौहान वाल्मीकि के नेतृत्व में मेला कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में एकत्रित हुए इस पुनीत अवसर पर जरूरत मंद बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को भोजन वितरित कर मानव सेवा और सामाजिक समरसता का संद. ेश दिया गया।

कार्यक्रम में कार्यवाहक अध्यक्ष रोबिन भारती, महासचिव गौरव नार्वे जुझारू युवातुर्क नेता एवं मेला संचालक शिवम चौहान वाल्मीकि तथा मुख्य प्रबंधक श्री विकास चेतन जी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कमेटी के संस्थापक श्योराज जीवन एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राज जीवन के मंदिर परिसर में पहुंचने पर उपस्थित पदाधिकारियों ने उनका फूल-मालाओं एवं भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र अंकित दुपट्टे पहनाकर भव्य स्वागत किया।

इसके उपरांत संस्थापक श्योराज जीवन ने सर्वप्रथम भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के श्रीचरणों में पुष्पमाला अर्पित की तथा विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया, इसके बाद भोजन वितरण कर सेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सेवा की गई, मुस्लिम समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर दिया हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश।

इजराइली सैनिकों ने दो लोगों को गोली मारी

नेतन्याहू कार्यालय ने वेस्ट बैंक बंद करने का आदेश दिया



हेब्रोन: इजराइली सैनिकों ने शुक्रवार सुबह कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हेब्रोन शहर के पास हमला करने वाले दो लोगों को गोली मार कर घायल कर दिया। सेना ने यह जानकारी दी। इस घटना में कम से कम पांच लोग घायल हुए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। इसके कुछ घंटे बाद इजराइल ने सेना को वेस्ट बैंक को पूरी तरह बंद करने की तैयारी करने का आदेश दिया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उसने सुरक्षा बलों को तुरंत हेब्रोन शहर की घेराबंदी करने और शुक्रवार से पूरे वेस्ट बैंक को पूरी तरह बंद करने की तैयारी करने का निर्देश दिया है। इससे पहले, सेना ने कहा था कि उसने "इजराइली नागरिकों पर आतंकवादी हमले" को नाकाम कर दिया।

सेना के मुताबिक, हमलावरों के पास एम-16 राइफल और एक पिस्तौल थी। हालांकि, उसने कथित हमले के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। साथ ही मारे गए दोनों लोगों और घायलों की पहचान भी नहीं बताई गई। आपातकालीन सेवा कर्मियों ने बताया कि घटना में पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। उन्हें इजराइल के अस्पतालों में ले जाया जा रहा था। आपातकालीन सेवा कर्मियों के एक बयान के अनुसार, सुबह येहुदा जंक्शन के पास घटनास्थल पर पहुंचने के दौरान भी गोलीबारी जारी थी। उन्होंने बताया कि 20 वर्ष के दो युवकों के पैरों के निचले हिस्से में गोली लगी, जबकि एक अन्य व्यक्ति बेहोश था और गंभीर रूप से घायल था।

आपातकालीन सेवा दल के त्सुरियल एद्री ने कहा, "जब हम घटनास्थल पर पहुंचे, तो वहां स्थिति बेहद गंभीर थी और इलाके में गोलीबारी जारी थी।" अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। यह घातक गोलीबारी ऐसे समय हुई है, जब अगले मंगलवार को इजराइल के मतदाता यह फैसला करेंगे कि नेतन्याहू को प्रधानमंत्री के रूप में एक और कार्यकाल दिया जाए या इजराइली राजनीति में नए दौर की शुरूआत हो। यह चुनाव हमास के नेतृत्व में इजराइल पर हुए हमलों के तीन साल बाद हो रहा है। इजराइल की सरकार ने चुनाव से पहले देश के "दुश्मनों" के संभावित हमलों को लेकर चेतावनी दी है। इजराइल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने कहा कि हेब्रोन में हुआ हमला दशार्ता है कि वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों की आवाजाही की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है।

बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई

एक महिला समेत 10 आतंकवादी ढेर

बलूचिस्तान : पाकिस्तान के सुरक्षा बलों की कार्रवाई में बलूचिस्तान में 10 आतंकवादी मारे गये। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने तटीय शहर ग्वादर में एक निर्माण कंपनी पर हमले के बाद एक अभियान भी चलाया। सेना की मीडिया इकाई 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) ने बताया कि ये मुठभेड़ बृहस्पतिवार को गब्द सीमा चौकी और ग्वादर शहर के आसपास के इलाकों में हुई। मारे गए लोगों में एक महिला भी शामिल थी।

आईएसपीआर के अनुसार, आतंकवादियों ने विकास कार्यों को बाधित करने और सरकार के अधिकार को कमजोर करने के इरादे से ग्वादर में कई स्थानों पर हमला किया। इसके बाद सुरक्षा बलों ने शहर और उसके आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया और दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 10 आतंकवादियों को मार गिराया।

आईएसपीआर ने कहा, "इन स्थानों को निशाना बनाकर आतंकवादियों ने उन्हीं लोगों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, जिनका वे प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं। वे बलूचिस्तान के विकास और समृद्धि में बाधा डालना चाहते थे।" इसने कहा कि हमलों के दौरान एक आम नागरिक की मौत हो गई और कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गये।

क्षेत्रफल के लिहाज से पाकिस्तान के सबसे बड़े प्रांत बलूचिस्तान में लंबे समय से विद्रोह जारी है। अलगाववादी समूह सुरक्षा बलों, सरकारी प्रतिष्ठानों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को निशाना बनाते रहे हैं। इस सप्ताह की शुरूआत में आईएसपीआर ने बताया था कि बलूचिस्तान में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाये गये अभियानों के दौरान सेना का एक मेजर और चार आतंकवादी मारे गये थे।



पेरिस: कार सवार हमलावर ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, 1 की मौत, 4 घायल

पेरिस। फ्रांस की राजधानी पेरिस के पश्चिम में स्थित यवेलिन्स जिले में शुक्रवार को गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। एक हमलावर ने कथित तौर पर कार से लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम चार लोग घायल हो गए। घायलों में 12 साल की एक बच्ची भी शामिल है। पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घटना के पीछे की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। फ्रांसीसी प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने बताया कि शुक्रवार को पेरिस के पश्चिम में स्थित यवेलिन्स जिले में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम चार लोग घायल हो गए। एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। यवेलिन्स के ट्रैप्स शहर के मेयर अली राबेह ने इन्स्टाग्राम को बताया कि हमलावर ने अपनी कार से गोलीबारी की। ऐसा लगता है कि उसने लोगों को बेतरतीब ढंग से निशाना बनाया, जिसका मकसद बड़ी तबाही मचाना था।

राबेह ने बताया कि घायलों में 12 साल की एक बच्ची भी शामिल है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध हमलावर पास के ही एक कस्बे का रहने वाला है, लेकिन उसके मकसद के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। लेकोर्नू ने " पर बताया कि सुरक्षा बलों को पूरी तरह से तैनात कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी अभियोजक कार्यालय ने बताया है कि वे स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

आतंकवाद-रोधी अभियोजक कार्यालय ने पुष्टि की है कि वे इस मामले पर नजर रखे हुए हैं, हालांकि उनके प्रतिनिधियों ने टिप्पणी के अनुरोध पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। स्थानीय प्रशासन (प्रीफेक्चर) ने भी इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम चार लोग घायल हो गए, जबकि संदिग्ध को हिरासत में रखा गया है।

प्रदूषण से घुट रहा लाहौर, दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बना; दिल्ली का भी बुरा हाल

नई दिल्ली/लाहौर। सर्दियों की शुरूआत के साथ ही एशियाई शहरों में वायु प्रदूषण का असर बढ़ने लगा है। पाकिस्तान का लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। वहाँ वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) ४१० तक पहुँच गया है। वायु गुणवत्ता निगरानी मंच आईक्यूएयर के अनुसार, ३०० से अधिक एक्यूआई ह्यखतरनाकह्न श्रेणी में आता है। प्रदूषण के इस स्तर ने जनस्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। दुनिया के सबसे प्रदूषित प्रमुख शहरों की सूची में भारत की राजधानी नई दिल्ली दूसरे स्थान पर रही। दिल्ली में एक्यूआई २४४ दर्ज किया गया, जिसे ह्यबेहद अस्वस्थह्न श्रेणी में रखा गया है। मुंबई में एक्यूआई १७९ और कोलकाता में १७२ दर्ज हुआ, जो ह्यअस्वस्थह्न श्रेणी में आता है। सेनेगल की राजधानी डकार में एक्यूआई १८४ दर्ज किया गया। लाहौर में पीएम २.५ का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के वार्षिक दिशानिदेर्शों से काफी अधिक दर्ज किया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, पीएम २.५ कणों का व्यास २.५ माइक्रोमीटर या उससे कम होता है। अपने बेहद छोटे आकार के कारण ये सांस के साथ फेफड़ों की गहराई तक पहुँच सकते हैं और रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। लंबे समय तक इनके संपर्क में रहने से गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं। प्रांतीय सरकार के अनुसार, लाहौर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अन्य क्षेत्रों में हर साल अक्टूबर से फरवरी के बीच स्मॉग की गंभीर समस्या रहती है। बढ़ता वायु प्रदूषण पूरे प्रांत में जनस्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। स्मॉग से बचाव के लिए नागरिकों को बाहर खेलकूद और भारी शारीरिक गतिविधियाँ सीमित रखने, घर से बाहर निकलते समय मास्क पहनने, खिड़कियाँ बंद रखने और घर के भीतर एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

जॉर्डन के गिरजाघर में अंधाधुंध फायरिंग, 7 लोगों की मौत और 34 अन्य घायल

यरूशलम। जॉर्डन में शुक्रवार को बंदूकधारियों ने एक गिरजाघर के अंदर गोलीबारी की, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। गोलीबारी की ये घटना राजधानी अम्मान से करीब 180 किलोमीटर दक्षिण में कराक स्थित एक ग्रीक ऑर्थोडॉक्स गिरजाघर में हुई। सरकार के प्रवक्ता मोहम्मद अल-मोमानी ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा एजेंसियां गोलीबारी की जांच कर रही हैं। कराक में आबादी के लिहाज से ईसाई अल्पसंख्यक हैं।



पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय हैं मोजतबा खामेनेई

ईरानी राजनयिक ने बताई पर्दे के पीछे काम करने की वजह

नई दिल्ली। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की सेहत और उनके सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आने को लेकर जारी अटकलों के बीच ईरानी राजनयिक अब्दुल माजिद हकीम इलाही ने दावा किया है कि वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और सक्रिय रूप से कामकाज संभाल रहे हैं। इलाही के मुताबिक, पिछले सप्ताह मोजतबा खामेनेई के साथ करीब सात घंटे लंबी बैठक हुई थी। इसमें राष्ट्रपति और सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। एक चैनल को दिए साक्षात्कार में इलाही ने कहा कि मोजतबा की सेहत अच्छी है और वह प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ अन्य लोग भी उनसे मिल चुके हैं और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गलीबाफ जल्द उनसे मिलने वाले हैं।मोजतबा खामेनेई २८ फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमले में अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई तथा परिवार के कई सदस्यों की मौत के बाद से सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिए हैं। खबरों के मुताबिक, वह उस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए थे। पिता की मृत्यु के बाद उन्हें ईरान का सर्वोच्च नेता बनाया गया। इलाही ने कहा कि सुरक्षा कारणों से मोजतबा मीडिया के सामने नहीं आए हैं। उन्होंने दावा किया कि मोजतबा ने जुलाई में अपने पिता के अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रमों में चुपचाप हिस्सा लिया था और उस समय वह स्वयं भी ईरान में मौजूद थे। इलाही के अनुसार, मोजतबा रात में सड़कों पर भी निकलते थे और लोगों के साथ प्रदर्शनों में शामिल होते थे। मोजतबा के लगातार सार्वजनिक रूप से सामने न आने से उनकी वास्तविक स्थिति और शासन में उनकी भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं।



सम्मान

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

प्रेम और सम्मान की भावना तथा अनुभूति आपके भीतर ही निवास करती हैं। जब आपके हृदय में निर्मलता और मन में स्पष्टता होती है, तब ये भावनाएँ स्वाभाविक रूप से प्रकट होती हैं। प्रेम और सम्मान अपने आप घटित होते हैं। यदि आप प्रयास करके अपने भीतर सम्मान या प्रेम लाना चाहेंगे, तो यह प्रयास असफल होगा। आप स्वयं को तनाव से मुक्त रखें और मन में ज्ञान धारण करें। ज्ञान का अर्थ है - संसार को व्यापक दृष्टिकोण से देखना तथा स्थायी और अस्थायी के अंतर को समझना। लोगों की राय और उनके विचार - ये सब अस्थायी हैं। यह सब परिवर्तनशील है; यह स्मरण रखना चाहिए। सम्मान की लालसा न रखें। कोई आपको सम्मान देता है या नहीं देता, यह उसकी पसंद है; लेकिन यदि आपका जीवन दूसरों के सम्मान पर निर्भर है, तो आप दुर्बल हो जाते हैं। जितनी अधिक निर्भरता होगी, उतना ही आप अधिक कमजोर होते जाएँगे और अधिक दुःखी भी होंगे। आपको यह जानना चाहिए कि मुझे किसी के सम्मान की आवश्यकता नहीं है -मेरा सम्मान मेरे भीतर है। इसका अर्थ यह नहीं कि आप असम्मानजनक व्यवहार करें। आप सभी को सम्मान दें, किंतु बदले में सम्मान की अपेक्षा न रखें। यदि कोई आपको सम्मान नहीं देता, तो स्वाभाविक बने रहें। यह उनकी संस्कृति और उनके विकास के स्तर को दर्शाता है। यदि आप अधिक विकसित और परिपक्व हैं, तो आप हर किसी का सम्मान करेंगे - चाहे वह समझदार हो या पागल। आप एक पागल व्यक्ति का भी सम्मान करेंगे, क्योंकि यह आपका स्वभाव है। वे भी सृष्टि का ही एक भाग हैं; वे भी उसी दिव्यता से जुड़े हैं। आप सभी का सम्मान करें। यह दर्शाता है कि आप कितने बुद्धिमान हैं। सम्मान की अपेक्षा करना हमारी कमजोरी को प्रकट करता है, जबकि बिना किसी भेदभाव के सभी को सम्मान देना हमारी बुद्धिमत्ता को दर्शाता है। प्रेम इस सृष्टि का मूल आधार है। वह कभी समाप्त नहीं होता; वह सदैव विद्यमान रहता है। प्रेम दीजिए - वह कई गुना होकर आपके पास लौटेगा। प्रेम से विरह उत्पन्न होता है, और विरह ही भगवान है; प्रेम ही भगवान है। विरह के बिना जीवन अर्थहीन हो जाता है। विरह उत्पन्न करना गुरु का कार्य है। लोग संसार के लिए दुःखी होते हैं, किंतु यदि संसार के दुःख से ऊपर उठकर भगवान के लिए विरह उत्पन्न हो जाए, तब जीवन का उद्देश्य पूर्ण हो जाता है। इसलिए विरह का जन्म होना अत्यंत शुभ है। प्रेम और विरह, ये दोनों साथ-साथ चलते हैं। उसकी खोज करो, उसके लिए तड़पो, उसे पाने की आकांक्षा रखो और यह खोज स्वयं में ही सुंदर है। दिव्यता के लिए तड़पना, सर्वोच्च सत्य के लिए लालायित होना, अपने आप में अत्यंत सुंदर है। इसीलिए तड़प को राधा कहा गया है। राधा का अर्थ है - लालसा, तड़प; और श्याम का अर्थ है - प्रेम। तड़प और प्रेम साथ-साथ चलते हैं। यदि तड़प नहीं है, तो प्रेम भी नहीं हो सकता; और जहाँ प्रेम है, वहाँ तड़प अवश्य होती है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

जियो के आईपीओ में बने बड़े रिकॉर्ड



मुंबई -भारतीय पूंजी बाजार के इतिहास में नया कीर्तिमान रचते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज समर्थित डिजिटल सेवा कंपनी जिओ प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ का शुरुआती सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार को रिकॉर्ड 22.19 गुना ओवरसब्सक्राइब होकर बंद हुआ। एंकर निवेशकों और पब्लिक इश्यू को मिलाकर कंपनी को कुल 7.4 लाख करोड़ से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं। इसके साथ ही इस आईपीओ को कुल 1.39 करोड़ आवेदन मिले, जिसने भारतीय प्राथमिक शेयर बाजार में आवेदनों की संख्या का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड कायम कर दिया है। जियो आईपीओ को निवेशकों की ओर से बंपर रिस्पॉन्स मिला है और इसके अंतिम सब्सक्रिप्शन आंकड़े बेहद शानदार रहे हैं। कुल मिलाकर यह इश्यू 22.19 गुना सब्सक्राइब होकर बंद हुआ है। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई, जिनका कोटा रिकॉर्ड 70.55 गुना भर गया। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 14.00 गुना और रिटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 2.72 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसके अलावा, आरक्षित कोटे में भी अच्छी मांग रही, जहां शेयरधारकों ने 7.60 गुना और कर्मचारियों ने 2.93 गुना बोलियां लगाईं। 22 अक्तूबर से 24 अक्टूबर तक खुले इस आईपीओ ने पहले ही दिन से निवेशकों को आकर्षित किया। इश्यू के पहले दिन बुधवार को मात्र 100 मिनट के भीतर यह पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया था, जो भारत में इतने बड़े आकार के आईपीओ के लिए सबसे तेज गति है। इस आईपीओ को मिले 1.39 करोड़ आवेदनों ने सोलर उपकरण निर्माता कंपनी वारी एनर्जीज द्वारा बनाए गए 97.34 लाख आवेदनों के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सार्वजनिक पेशकश से पहले 19 अक्तूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स ने 212 एंकर निवेशकों से 1,119 प्रति शेयर की ऊपरी मूल्य सीमा पर 8,110 करोड़ जुटाए थे। एंकर बुक में आवंटन से 30 गुना से अधिक यानी 2.5 लाख करोड़ से अधिक की रिकॉर्ड बोलियां प्राप्त हुई थीं। एंकर निवेशकों में दुनिया के शीर्ष एसेट मैनेजर्स और सॉवरेन वेल्थ फंड्स शामिल रहे, जिनमें ब्लैकरॉक, फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स, जीआईसी और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी प्रमुख हैं। भारत के सबसे बड़े आईपीओ के रूप में जिओ प्लेटफॉर्म्स ने हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

यामी गौतम की एक्टिंग पर भारी पड़ी कमजोर स्क्रिप्ट

मुंबई। बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी फिल्म 'नई नवेली' में एक ऐसे परिवार की कहानी दिखाई गई है, जहां हर बात पर बहस होती है। घर में नई दुल्हन आती है और उसका देवर उस पर शक करने लगता है। कहानी में हॉरर और कॉमेडी का मेल करने की कोशिश की गई है। फिल्म की शुरुआत मनोरंजक अंदाज में होती है। पारिवारिक नोकझोंक, अजीब परिस्थितियां और गलतफहमियां कहानी को आगे बढ़ाती हैं। शुरुआती हिस्से में फिल्म अपनी कॉमेडी के दम पर दर्शकों को बांधे रखने में कामयाब रहती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह आगे भी अपना आकर्षण बरकरार रख पाती है? यामी गौतम धर ने फिल्म में मोहिनी का किरदार निभाया है, जो शादी के बाद मेरठ स्थित अपने नए घर में आती है। उसका देवर बंटू (अनुराग ठाकुर) मानता है कि मोहिनी जैसी दिखती है, असल में वैसी नहीं है। उसे अपनी भाभी पर शक होता है और इसी शक के चलते घर में कई मजेदार परिस्थितियां पैदा होती हैं। परिवार के सदस्यों की प्रतिक्रियाएं और उनके बीच होने वाली नोकझोंक फिल्म के शुरुआती हिस्से को दिलचस्प बनाती हैं। इन दृश्यों में कहानी सहज लगती है और कॉमेडी भी बेहतर तरीके से काम करती है। बंटू के किरदार में अनुराग ठाकुर खास तौर पर प्रभावित करते हैं। उनकी कॉमिक टाइमिंग अच्छी है और वह साधारण संवादों को भी मजेदार बना देते हैं। कई जगहों पर जब चुटकुले उतना असर नहीं छोड़ते, तब भी अनुराग अपने अभिनय से दृश्यों को संभाल लेते हैं। उनके किरदार को और बेहतर तरीके से विकसित किया जा सकता था, लेकिन सीमित भूमिका के



बावजूद वह अपनी छाप छोड़ते हैं। हालांकि कहानी में जब राम और रावण की पौराणिक कथा से जुड़े काल शील नाम के पत्थर की एंट्री होती है, तब फिल्म का अंदाज बदलने लगता है।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९८९
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१

ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com


पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।

भारत-चीन सीमा विवाद का सैन्य समाधान अब संभव नहीं : पूर्व आर्मी चीफ

नयी दिल्ली। भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा है कि गलवान झड़प के बाद की घटनाओं से यह साफ हो गया कि चीन के साथ सीमा विवाद का कोई सैन्य समाधान संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि इस घटना ने बातचीत और संवाद के जरिए इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिशों को नई गति दी है। नरवणे ने कहा कि चीन के साथ हमारी सीमा का मसला अभी सुलझा नहीं है। मैं जानबूझकर सीमा शब्द का इस्तेमाल कर रहा हूं क्योंकि एक 'इंटरनेशनल बॉर्डर' के विपरीत- जो स्पष्ट रूप से निर्धारित होती है और जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त होती है- 'बाउंड्री' की परिभाषा उतनी स्पष्ट नहीं होती।

उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में सीमा को लेकर असहमति है, वहां झड़पें जारी रहेंगी। उन्होंने गलवान की झड़प को ऐसी ही एक घटना का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि जहां भी असहमति वाले ऐसे इलाके हैं, वहां हमारी झड़पें होती रही हैं और आगे भी होती रहेंगी। पूर्व आर्मी चीफ ने आगे कहा कि गलवान की झड़प इस तरह की घटनाओं का एक और उदाहरण थी। हालांकि, अहम बात यह है कि गलवान के बाद की घटनाओं ने साफ कर दिया है कि चीन के मामले में, सीमा विवाद का सैन्य समाधान अब कोई विकल्प नहीं है।

नरवणे ने यह भी कहा कि सीमाओं को बदलने के लिए एकतरफा तरीके से बल प्रयोग करने के मुद्दे पर भारत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमने साफ कर दिया है कि सीमाओं को बदलने के लिए एकतरफा बल प्रयोग करना स्वीकार्य नहीं है। नरवणे के अनुसार, इस रुख से एक बदलाव आया है और बातचीत के जरिए विवाद सुलझाने की कोशिशों को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि



इससे एक बदलाव आया है और बातचीत के जरिए इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिशों को नई गति मिली है। उन्होंने सीमा विवाद को सुलझाने के लिए भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच बातचीत की व्यवस्था के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच बातचीत की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। नरवणे ने आगे कहा कि गलवान झड़प के बाद हुई घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि गलवान से जो सबसे बड़ा सबक मिला है, वह यह है कि भारत ने विश्व मंच पर अपनी साख को काफी मजबूत किया है- चाहे वह सैन्य, राजनयिक या राजनीतिक स्तर पर हो। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प भारत-चीन संबंधों में एक बड़ा मोड़ साबित हुई। इस टकराव में दोनों पक्षों को जान-माल का नुकसान उठाना पड़ा। इस घटना के कारण पूर्वी लद्दाख में लंबे समय तक सैन्य गतिरोध बना रहा, जिसमें दोनों देशों ने एलएसी के पास अपने सैनिक और सैन्य उपकरण तैनात कर दिए। इसके बाद, भारत और चीन ने सीमा पर गतिरोध को सुलझाने और टकराव वाले बिंदुओं से सैनिकों को पीछे हटाने के लिए कई दौर की सैन्य और राजनयिक बातचीत की।

अक्टूबर 2024 में, दोनों देश पूर्वी लद्दाख के डेपसांग और डेमचोक इलाकों में गश्त की व्यवस्था पर एक समझौते पर पहुंचे। इससे 2020 के गतिरोध से जुड़े बाकी टकराव वाले बिंदुओं से भी सैनिकों को पीछे हटाने में मदद मिली। यह समझौता तनाव कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, हालांकि इससे सीमा से जुड़ा बड़ा विवाद हल नहीं हुआ। तब से दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिशें जारी हैं। अगस्त 2025 में, शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच एक द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने अपने मतभेदों को संभालते हुए संबंधों को सुधारने का प्रयास किया।

तेलंगाना में दवा कंपनी के प्लांट से लीक हुई गैस, 2 लोगों की मौत



हैदराबाद। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक दवा कंपनी के संयंत्र में क्लोरोफॉर्म के कथित रिसाव के बाद दो लोगों की मौत हो गई। चार अन्य को तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना गुरुवार रात करीब 11.30 बजे हुई। प्रारंभिक जांच के अनुसार आशंका है कि कर्मचारियों ने पाइपलाइन से रिसे क्लोरोफार्म को सांस के जरिये शरीर के अंदर ले लिया। इस कारण दो कर्मचारी- एक केमिस्ट और एक सुपरवाइजर बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चार अन्य लोगों को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।